स्पष्ट आवाज़

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

लखनऊ
शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 231 पृष्ठ: 12

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

रोहित और जडेजा का शतकीय सलाम, भारत ने ...पेज-12

Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

HONDA
The Power of Dreams

/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 I Service: +91 8009090093

भारत-कतर संबंध लगातार हो रहे हैं मजबूत : मोदी

दोहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ बातचीत के बाद कहा कि भारत-कतर संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग करने पर विचार कर रहे हैं। कतर सरकार द्वारा भारतीय नौसेना के उन आठ पूर्व कर्मियों को रिहा किए जाने के कुछ दिन बाद यह बैठक हुई जिन्हें अगस्त, 2022 में गिरफ्तारी के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी। मोदी ने अमीर के साथ अपनी मुलाकात को ''अद्भुत'' बताया और कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की गई। पीएम मोदी बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात की दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद बुधवार रात कतर की राजधानी पहुंचे थे।

कतर पहुंचते ही पीएम मोदी ने कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की। अब्दुलरहमान कतर के विदेश मंत्री भी हैं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ

सार्थक बैठक हुई। हमने भारत-कतर संबंधों की पूरी श्रृंखला की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देश भविष्य के क्षेत्रों में सहयोग करने के लिए भी तत्पर हैं। चर्चा व्यापार और निवेश, ऊर्जा, अंतरिक्ष, सांस्कृतिक तथा लोगों से लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने एवं द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रित रही। मोदी ने दोहा में अपने औपचारिक स्वागत की तस्वीरों के साथ एक अन्य पोस्ट में कहा कि भारत और कतर के संबंध लगातार मजबूत होते जा रहे हैं! विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मोदी तथा अमीर के बीच बैठक को ''सार्थक'' बताया और कहा कि प्रधानमंत्री ने कतर के नेता को उस देश में भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए धन्यवाद दिया। मोदी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की दो दिवसीय यात्रा के बाद बुधवार की रात दोहा पहुंचे थे। यह प्रधानमंत्री की कतर की दूसरी यात्रा है। इससे पहले वह जून 2016 में कतर पहुंचे थे। जायसवाल ने 'एक्स' पर कहा कि दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, ऊर्जा, अंतरिक्ष, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच संबंधों को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की। प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने कतर में भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए अमीर को धन्यवाद दिया। पीएम मोदी और शेख मोहम्मद ने व्यापार, निवेश, ऊर्जा, वित्त और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)

सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977

संक्षिप्त आवाज़



शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

मुंबई। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और पावर समेत अठारह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन तेजी रही।बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 227.55 अंक मजबूत होकर एक सप्ताह बाद 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 70.70 अंक की तेजी के साथ 21,910.75 अंक पर रहा।

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए भाजपा के नेता नंद किशोर यादव

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नंद किशोर यादव गुरुवार को बिहार विधानसभा के नये अध्यक्ष चुने गये। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा नये अध्यक्ष को आसन तक ले गये। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से सात बार विधायक रहे यादव ने बिहार विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव के एक दिन बाद मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था।

हेमंत सोरेन को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार को एक विशेष पीएमएलए अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में थे। पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि हेमंत सोरेन को आज विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया और उन्हें 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हम उनके लिए जमानत याचिका दायर करेंगे। सोरेन को अदालत से रांची की बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है।

पाकिस्तान में मतगणना के दौरान गोलीबारी में दो की मौत, 14 घायल

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक निर्वाचन क्षेत्र में पुनः मतगणना के दौरान दो राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच सशस्त्र झड़प में कम से कम दो लोगों की मौत हो गयी और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कराची की सीमा से लगते औद्योगिकी शहर हब में निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के बाहर बलूचिस्तान आवामी पार्टी (बीएपी) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के समर्थकों के बीच झड़प हुई। आठ फरवरी को हुए चुनाव में बीएपी को मुहम्मद सालेह भूटानी ने अनौपचारिक नतीजे घोषित होने के बाद जीत का दावा किया था लेकिन पीपीपी के अली हसन जहरी ने पुनः मतगणना कराने की मांग की थी। इसके बाद पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पुनः मतगणना का आदेश दिया था।

इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम रोक

फैसला

- काले धन को सफेद करने की प्रक्रिया है चुनावी बांड
- ये स्कीम असंवैधानिक, सूचना के अधिकार का उल्लंघन, 6 मार्च तक हिसाब दें

नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आज फैसला सुना दिया है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताया और सरकार को किसी अन्य विकल्प पर विचार करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना की आलोचना करते हुए कहा कि राजनीतिक पार्टियों को हो रही फंडिंग की जानकारी मिलना बेहद जरूरी है। इलेक्टोरल बॉन्ड सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले पर सर्वसम्मति से फैसला सुनाया। हालांकि पीठ में दो अलग विचार रहे, लेकिन पीठ ने सर्वसम्मति से चुनावी बॉन्ड पर रोक लगाने का फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में एसबीआई बैंक को 2019 से अब तक चुनावी बॉन्ड की पूरी जानकारी देने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनावी बांड योजना पारदर्शी नहीं है, साथ ही यह काले धन को सफेद करने की प्रक्रिया बन गई है। शीर्ष अदालत ने भारतीय स्टेट बैंक से चुनावी बांड जारी करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने को कहा है। अदालत ने कहा कि काले धन पर अंकुश लगाने के लिए सूचना के अधिकार का उल्लंघन उचित नहीं है। क्या 19(1) के तहत सूचना के अधिकार में राजनीतिक फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार शामिल है? अब मैं अपने तर्क और निष्कर्ष प्रस्तुत करता हूँ। इस अदालत ने सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों के बारे में सूचना के अधिकार को मान्यता दी... और यह केवल राज्य के मामलों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सहभागी लोकतंत्र सिद्धांत को आगे बढ़ाने तक सीमित है। राजनीतिक दल राजनीतिक प्रक्रिया में प्रासंगिक राजनीतिक इकाई हैं। मतदान का सही विकल्प अपनाने के लिए राजनीतिक फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है। आर्थिक असमानता राजनीतिक व्यस्तताओं के विभिन्न स्तरों को जन्म देती है। सूचना तक पहुंच नीति निर्माण को प्रभावित करती है और बदले में बदले की व्यवस्था करने से सत्ताधारी पार्टी को भी मदद मिल सकती है। हमारी राय है कि कम से कम प्रतिबंधात्मक साधन परीक्षण से संतुष्ट नहीं हैं... उस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए चुनावी बांड के अलावा अन्य साधन भी हैं। इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण और चुनावी ट्रस्टों के अन्य माध्यमों से योगदान अन्य प्रतिबंधात्मक साधन हैं, इस प्रकार काले धन पर अंकुश लगाना चुनावी बांड के लिए आधार नहीं है। निजता के मौलिक अधिकार में एक नागरिक की राजनीतिक निजता और राजनीतिक संबद्धता का अधिकार शामिल है। किसी नागरिक की राजनीतिक संबद्धता के बारे में जानकारी से उस नागरिक पर अंकुश लगाया जा सकता है या उसे ट्रोल किया जा सकता है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने पिछले साल दो नवंबर को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया गया। 2 नवंबर को फैसला सुरक्षित रखने के ठीक 4 दिन बाद 6 नवंबर को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी 29 ब्रांचों के जरिए इलेक्टोरल बॉन्ड इश्यू किए थे। 6 नवंबर से 20 नवंबर तक इश्यू किए गए बॉन्ड्स में 1000 करोड़ रुपए का चुनावी चंदा दिया गया।

सुप्रीम कोर्ट के अहम बिन्दू

1. एसबीआई राजनीतिक दलों का ब्योरा दे, जिन्होंने 2019 से अब तक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए चंदा हासिल किया है।
2. एसबीआई राजनीतिक दल की ओर से कैश किए गए हर इलेक्टोरल बॉन्ड की डिटेल दे, कैश करने की तारीख का भी ब्योरा दे।
3. एसबीआई सारी जानकारी 6 मार्च 2024 तक इलेक्शन कमीशन को दे और इलेक्शन कमीशन 13 मार्च तक अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर इसे पब्लिश करे।
4. राजनीतिक चंदे की गोपनीयता के पीछे ब्लैक मनी पर नकेल कसने का तर्क सही नहीं। यह सूचना के अधिकार का उल्लंघन है।
5. कंपनी एक्ट में संशोधन मनमाना और असंवैधानिक कदम है। इसके जरिए कंपनियों की ओर से राजनीतिक दलों को असीमित फंडिंग का रास्ता खुला।
6. निजता के मौलिक अधिकार में नागरिकों के राजनीतिक जुड़ाव को भी गोपनीय रखना शामिल है।

कांग्रेस ने चुनावी बॉन्ड योजना पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह निर्णय नोट के मुकाबले वोट की ताकत को और मजबूत करेगा। पार्टी ने साथ ही यह आरोप भी लगाया कि इस फैसले से इस बात पर मुहर लग गई है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनावी बॉण्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि चुनावी बॉन्ड योजना की शुरुआत के दिन कांग्रेस पार्टी ने इसे अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताया था। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने अपने 2019 के घोषणापत्र में मोदी सरकार की इस संदिग्ध योजना को खत्म करने का वादा किया।

भारतीय जनता पार्टी ने बृहस्पतिवार को चुनावी बॉन्ड पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को तवज्जो नहीं देने का प्रयास करते हुए कहा कि शीर्ष अदालत के हर फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए। पार्टी ने विपक्षी दलों पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप भी लगाया। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है क्योंकि उसके पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनकी सरकार द्वारा किए गए सकारात्मक कार्यों से मुकाबले का कोई विकल्प नहीं है। भाजपा की यह प्रतिक्रिया लोकसभा चुनाव से पहले उच्चतम न्यायालय द्वारा चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने के एक ऐतिहासिक फैसले के बाद आई है।

आम आदमी पार्टी ने चुनावी बॉन्ड पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का गुरुवार को स्वागत करते हुए कहा कि यह चुनावी वित्त पोषण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया और कहा कि यह संविधान में प्रदत्त सूचना के अधिकार और बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करती है। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने विधानसभा के बाहर पत्रकारों से कहा कि हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। यह चुनावी वित्त पोषण की पारदर्शिता सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। अन्यथा चुनावी बॉन्ड के जरिए यह पता नहीं चल पाता था कि कौन-सा व्यक्ति किस पार्टी को कितना पैसा दे रहा है।

चुनाव नहीं लड़ पाऊंगी परिवार संभाल लीजिएगा

- सोनिया ने रायबरेली की जनता को लिखा भावुक पत्र

नई दिल्ली/रायबरेली। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली की जनता के नाम एक पत्र लिखकर कहा है कि वह स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। उन्होंने रायबरेली की जनता का आभार जताया और कहा कि वह भले ही सीधे तौर पर उनका प्रतिनिधित्व न करें, लेकिन उनका मन-प्राण सदा वहां की जनता के साथ रहेगा। हालांकि, रायबरेली से गहरा रिश्ता बताते हुए आगे भी परिवार को संभालने की अपील की है। उनकी अपील से स्पष्ट हो गया है कि गांधी परिवार का ही कोई शख्स रायबरेली से चुनाव लड़ेगा। सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा है कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। यह नेह - नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तें की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फीरोज गांधी को यहां से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनाव में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूं, आपकी बदौलत हूं और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है।

अपने जीवन में कभी अन्याय नहीं होने दिया : ममता बनर्जी

कोलकाता। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि हम संदेशखालि में स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, गलत काम में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि संदेशखालि में राज्य महिला आयोग को भेजा गया। पुलिस दल बनाकर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने संदेशखालि घटना पर विधानसभा में कहा कि मैंने कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया और न ही होने दूंगी। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि संदेशखाली में राज्य महिला आयोग को भेजा, पुलिस दल बनाकर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि हम संदेशखालि में स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, गलत काम में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

मोदी झूठे सपने दिखाकर कर रहे हैं ठगी का व्यापार

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए गुरुवार को कहा कि वह झूठ बोलते हैं और देशवासियों को झूठे सपने दिखाकर वोट के लिए ठगी का व्यापार कर रहे हैं। गांधी ने कहा कि मोदी आज देश की जनता को गुमराह करने के लिए गारंटी की बात करते हैं लेकिन सच यह है कि उन्होंने पहले जिन गारंटियों की बात की थी वह सब झूठ साबित हुई और उनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा मोदी जी नई गारंटियों से पहले पुरानी गारंटियों का हिसाब करो। दस सालों से झूठे सपनों का बाइस्कोप लेकर घूम रहे प्रधानमंत्री देश में ठगी का व्यापार कर रहे हैं। भाजपा सरकार मतलब झूठ और अन्याय की गारंटी, देश के सपनों के साथ न्याय कांग्रेस करेगी। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर वादे पूरे नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने जो भी गारंटी दी वह झूठ साबित हुई है।

व्यास तहखाना मामले में फैसला सुरक्षित

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने व्यास तहखाना में पूजा के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। इसके पहले न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने दोनों पक्षों को सुना। वाराणसी स्थित ज्ञानवापी तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पूजा की अनुमति देने की जिला जज के आदेश की वैधता की चुनौती अपीलों पर सुनवाई हुई। पिछले सोमवार को भी तकरीबन डेढ़ घंटे चली सुनवाई में मस्जिद पक्ष ने आरोप लगाया था कि हिंदू पक्ष के प्रभाव में आकर जिला जज- ने यह आदेश पारित किया। जबकि, मंदिर पक्ष के अधिवक्ता द्वारा इसका विरोध किया गया। कोर्ट ने अपीलार्थी अधिवक्ता के अनुरोध पर अगली सुनवाई की तिथि 15 फरवरी तय की गई थी।

इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश-दुनिया का सफलतम मॉडल : योगी

कार्यक्रम

- मुख्यमंत्री ने किया बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 60 करोड़ रुपये के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास
- सोलर रूफटॉप प्लांट का भी सीएम के हाथों हुआ लोकार्पण

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से छह-सात वर्षों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित और समाप्त हो चुका है। इसके उन्मूलन की बस घोषणा बाकी है। इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश और दुनिया का एक सफलतम मॉडल है। स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाकर तैयार किए गए इस सफलतम मॉडल का केंद्र गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज है। सीएम योगी गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए प्रशासनिक भवन का शिलान्यास तथा मेडिकल कॉलेज में सोलर रूफटॉप प्लांट के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस इंसेफेलाइटिस से हर साल बारह सौ से पंद्रह सौ मौतें होती थीं, आज उसे पूरी तरह कंट्रोल करते हुए हम लोग मासूम बच्चों को बचाने में सफल हुए हैं। स्वाभाविक रूप से उसके लिए जो मैनपावर लगता था, उसमें जो संसाधन लगते थे, उसको हम क्वालिटी ऑफ हेल्थ

के लिए अन्य लोगों को भी उपलब्ध कराने में उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंसेफेलाइटिस नियंत्रण के सफलतम मॉडल का केंद्र बिंदु बीआरडी मेडिकल कॉलेज बना क्योंकि सबसे ज्यादा बोझ इसी पर रहता था। उन्होंने कहा कि हमनें इंसेफेलाइटिस का चरम भी देखा है और आज उसे समाप्त होते भी देख रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि 1977-78 से लेकर 2017 तक इंसेफेलाइटिस को समाप्त करने के बारे में सरकारें सोचती तक नहीं थीं। 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर मैंने समाप्त करने, इसके उन्मूलन के बारे में मॉडल तैयार करने पर विचार किया। इसी सिलसिले में कुशीनगर मुसहरों के बीच जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्हें स्वच्छता के तरीके समझाए, साबुन के प्रयोग की जानकारी दी। तब मुझ पर तीन दिन मीडिया ट्रायल चला। मीडिया में हंसी उड़ाई गई कि एक मुख्यमंत्री गरीबो को साबुन बांट रहा है। पर, जब कोरोना आया तो ट्रायल करने वाले मीडिया के साथियों को भी साबुन और स्वच्छता की बात समझ में आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता पर ध्यान कई बीमारियों का समाधान है। इसे इंसेफेलाइटिस समाप्त करने की दिशा में मिशन मोड में बढ़ाया गया तो परिणाम सामने आया। 1997 98 से 2017 तक देखा आज परिणाम। बीमारी का चरम भी देखा और आज समाप्त होते भी। सीएम योगी ने कहा कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज का अपना गौरवशाली इतिहास है। इस मेडिकल कॉलेज ने अनेक उतार-चढ़ाव भी देखे हैं। वह भी दौर देखा है जब इस मेडिकल कॉलेज में यह पूर्वी यूपी का स्वास्थ्य का एकमात्र केंद्र हुआ करता था और वह भी संसाधनों के अभाव से जूझता था। न डॉक्टर थे, न पैरामेडिक्स थे, न नर्सिंग स्टाफ था और न अन्य कार्यों के लिए जरूरी मैनपावर। इस मेडिकल कॉलेज पर 1997-98 में मान्यता का संकट आया था। तब अतिरिक्त प्रयास करने पड़े थे। एमसीआई ने 1998-99 में एक बार फिर से मान्यता को एक प्रकार से वापस ले लिया था। तब मैं तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री को लेकर दिल्ली गया था, शपथ पत्र दिलवाया था कि हम यहां की आवश्यकता को पूरा करेंगे। तब कहा था कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज इस पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का बैकबोन है। उसको बंद कर देंगे तो सबकुछ बंद हो जाएगा। जो हजारों मौतें इंसेफेलाइटिस से होती हैं, इन मौतों को नियंत्रित कर पाना कठिन हो जाएगा। उस समय शासन की लापरवाही थी, अनदेखी थी। उस समय फैकल्टी अपने स्तर पर प्रयास करते थे लेकिन संसाधन काफी कम थे। एक-एक बेड पर चार मरीज लेटाये जाते थे। पीडिया वार्ड का टॉयलेट चोक था। सुधार के लिए सांसद के रूप में सरकार से अपील की, संसद में आवाज उठाई। 2017 के बाद यहां आए बदलाव की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यहां बाल रोग संस्थान प्रारंभ हो चुका है। पीडिया वार्ड सुसज्जित और इंफ्रास्ट्रक्चर से संपन्न हो गया है।

अर्थ आवाज़

जेईई (मेन) में आकाश बायजूस कानपुर का जलवा

कानपुर। आकाश बायजूस ने कानपुर में अपने 18 स्टूडेंट्स की उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी जताई। जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन के पहले सत्र में 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को परिणाम घोषित किए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में सत्यांश गुप्ता ने 99.93, प्रखर गुप्ता ने 99.68, शिखर पोरवाल ने 99.66, देवेश सिंह ने 99.59, अभय शुक्ला ने 99.56, प्रियांशु राज सिंह ने 99.45, वैभव ने 99.31, अक्षत पानिकर ने 99.29, शौतन बनर्जी ने 99.23 और सुजल कल्यान ने 99.08 परसेंटाइल हासिल किए। कई स्टूडेंट्स ने 99 परसेंटाइल से ज्यादा स्कोर किया। डॉ. एचआर राव क्षेत्रीय निदेशक आकाश बायजूस ने कहा छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन व्यापक कोचिंग और अभिनव शिक्षण समाधानों के साथ छात्रों को सशक्त बनाने के लिए आकाश बायजूस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

ब्रिटिश काउंसिल की 'ग्रेट स्कॉलरशिप्स' की शुरुआत

चंडीगढ़। ब्रिटिश काउंसिल शैक्षिक अवसरों और सांस्कृतिक संबंधों के लिए यूके का इंटरनेशनल आर्गेनाइजेशन है यूके सरकार के ग्रेट ब्रिटेन अभियान से साझेदारी में ग्रेट स्कॉलरशिप-24 देने की घोषणा की है। ग्रेट स्कॉलरशिप्स भारत के छात्रों को ऑटम 2024 से ब्रिटेन में पढ़ाई के लिये में पोस्टग्रेजुएट स्टडी का अवसर प्रदान करती है। इस वर्ष यूके के 25 विवि फाइनेंस, मार्केटिंग, बिजनेस, साइकोलॉजी डिजाइन, मानविकी, डांस और अन्य विषयों में विभिन्न प्रोग्राम्स के लिये भारतीय छात्रों को 26 पोस्टग्रेजुएट ग्रेट स्कॉलरशिप्स की पेशकश की है। प्रत्येक ग्रेट स्कॉलरशिप न्यूनतम 10,000 पाउंड की है जिसका भुगतान 2024-25 शैक्षणिक वर्ष के लिए यूके में एक वर्षीय पोस्टग्रेजुएट कोर्स के लिए ट्यूशन फीस में किया जाएगा। ग्रेट स्कॉलरशिप्स प्रोग्राम-24 मिनिस्ट्री फॉर जस्टिस के साथ सहभागिता में छात्रों को जस्टिस एंड लॉ स्टडीज के लिए दो स्कॉलरशिप्स देता है। ये स्कॉलरशिप्स कानूनी क्षेत्र में प्रोग्राम प्रदान करने वाले दो भाग लेने वाले हायर एजुकेशन संस्थानों में प्रदान की जाती हैं। मानवाधिकार, संपत्ति कानून, आपराधिक न्याय, वाणिज्यिक कानून और अन्य कोर्सेज में रुचि रखने वाले छात्र इन स्कॉलरशिप्स के लिए आवेदन कर सकते हैं।

पोगो ने प्रोग्रामिंग स्लेट में शामिल किया 'कोकोमेलन'

लखनऊ। शानदार प्रोग्रामिंग स्लेट के साथ 24 की शुरुआत करते हुए पसंदीदा किड्स एंटरटेनमेंट चैनल पोगो ने पहली बार भारतीय टेलीविज़न पर हिंदी और तमिल में शानदार कार्टून सीरीज़ 'कोकोमेलन की शुरुआत की है। 19 फरवरी से हर सोमवार से शुक्रवार सुबह 9:30 बजे इसका प्रसारण किया जाएगा, पोगो का यह नया शो बेहतरीन एनीमेशन से युक्त राइम्स एवं बच्चों के गीतों के साथ नन्हें प्रशंसकों को लुभाएगा। उत्तम पाल सिंह हेड ऑफ किड्स क्लस्टर, साउथ एशिया, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने कहा पोगो उद्योग जगत में अग्रणी प्रोग्रामिंग के साथ नन्हें दर्शकों को लुभाता रहा है। इस श्रृंखला में मजबूत स्थिति बनाए रखे हुए है। प्रशंसकों को प्राथमिकता देते हुए हम किड्स एंटरटेनमेंट कैटेगरी में एक और ग्लोबल सेंसेशन 'कोकोमेलन' लाए हैं, जिसका प्रसारण पहली बार भारतीय टीवी पर किया जाएगा। पोगो पर 'बेबी लिटल सिंघम' और 'माइटी लिटल भीम' के बाद 'कोकोमेलन' नन्हें दर्शकों को मनोरंजक एवं शैक्षणिक कंटेंट उपलब्ध कराकर हमारे पोर्टफोलियो को मजबूत बनाएगा।

एसएंडपी ग्लोबल का 'इंडिया रिसर्च चैप्टर' लांच

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल ने 'इंडिया रिसर्च चैप्टर' लांच की घोषणा की जो भारत उन्मुखी अनुसंधान और रिपोर्ट्स को पेश करने की पहल है। इसके तहत एसएंडपी ग्लोबल के सभी डिवीजन और क्रिसिल (एसएंडपी ग्लोबल की कंपनी) से विशेषज्ञ साथ आएंगे। एसएंडपी ग्लोबल इंडिया लीडरशिप काउंसिल के तहत पेश इंडिया रिसर्च चैप्टर को विशेषज्ञों की टीम द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा जिसमें अर्थव्यवस्था, टेक्नोलॉजी, जेनरेटिव एआई, बैंकिंग, फाइनेंस, ऑटोमोटिव, कंट्री रिस्क, कैपिटल मार्केट, सप्लाई चेन, एनर्जी ट्रांजिशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और सस्टेनेबिलिटी सहित व्यापक क्षेत्र शामिल होंगे। इंडिया रिसर्च चैप्टर वर्ष 2030 तक भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अपने दावे को मजबूत करने के लिए भारत के लिए अवसरों, जोखिमों और संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए अंतर्दृष्टि विकसित करेगा। एसएंडपी ग्लोबल और क्रिसिल के विश्लेषकों की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए यह चैप्टर अंतर्दृष्टि रिपोर्ट और श्वेत पत्रों की सीरीज पेश करेगा जिसमें घरेलू वातावरण को आकार देने वाले गतिशील कारकों पर अमूल्य दृष्टिकोण की पेशकश की जाएगी।

जुगल किशोर ज्वैलर्स में विजेताओं को मिला सोना

लखनऊ। नया साल अर्तिका सिंह और नलिना सिंह के लिए भरपूर खुशियों की सौगात लेकर आया। उन्होंने दशहरा और दिवाली के दौरान चल रहे इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल का हिस्सा बने जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी इंदिरा नगर व हजरतगंज से खरीदारी कर डेढ़ लाख रु का 25 ग्राम सोना और हीरा जड़ित सोने का सिक्का जीता है। इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल के दौरान आभूषणों में अग्रणी जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी के ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर्स की श्रृंखला प्रदान की। इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल 15 अक्टूबर से 22 नवंबर-23 तक जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी के स्टोर्स पर आयोजित हुआ था। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल ने इंडिया ज्वैलरी शॉपिंग फेस्टिवल में जुगल किशोर ज्वैलर्स बाय राजन रस्तोगी के साथ सहयोग किया, जहां ग्राहकों को 1 किलो तक सोना जीतने का अवसर प्राप्त हुआ। स्टोर के सीनियर पार्टनर राघव रस्तोगी ने कहा हम अर्तिका और नलिना को इस लकी ड्रा के भाग्यशाली विजेता बनने पर हार्दिक बधाई देते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

कानपुर में टॉपरैंकर्स द्वारा नए सेंटर की शुरुआत

कानपुर। डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म टॉपरैंकर्स ने अपनी उपस्थिति का मजबूत करते हुए कानपुर में नए सेंटर की शुरुआत की। मोतीझील मेट्रो स्टेशन के पास स्वरूप नगर में स्थित, केंद्र का उद्देश्य क्षेत्र में इच्छुक छात्रों को असाधारण शैक्षणिक सहायता प्रदान करना है। हमें खुशी है कि हम अपनी मौजूदगी को कानपुर में विस्तारित कर रहे हैं और छात्रों को उनकी शैक्षिक यात्रा के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य हर छात्र को उनके शैक्षिक और करियर लक्ष्यों को हासिल करने में सहायता करना है। टॉपरैंकर्स कानपुर के केंद्र के हेड नीरज कुमार ने कहा प्रविष्टि छात्रों को कानून, सीयूईटी और आईपीएम परीक्षाओं की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए, केंद्र में चार बड़े क्लासरूम हैं, जो एक साथ 150 छात्रों को समाहित करने की क्षमता रखते हैं, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, विशेष शंका सुलझाने के सत्र कमरा और व्यक्तिगत मेंटरिंग सत्र क्लासरूम जैसी अन्य सुविधाएं हैं।

जेईई में फिजिक्सवाला विद्यार्थीं के 2 छात्रों का 99 प्रतिशत स्कोर

लखनऊ। प्रमुख एड-टेक प्लेटफॉर्म, फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने अपने सम्पूर्ण जेईई मेन-24 परिणामों की घोषणा की। इसमें 2,900 से अधिक छात्रों ने 98 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 507 से अधिक छात्रों ने 99.5 प्रतिशत अंक हासिल करने का कारनामा किया। इस प्लेटफार्म के इतिहास में इतने अधिक अंक पहली बार आये हैं। 1,194 से अधिक छात्रों ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सिखाने के सुगठित नजरिये ने इन परिणामों को संभव बनाया है। बेहतर शिक्षा अनुभव के लिए इसके ऑफलाइन और ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों को संयोजित किया गया। पीडब्ल्यू के ऑफलाइन सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा विद्यापीठ सेंटर्स के छात्रों को इतने ज्यादा अंक प्राप्त करते हुए देखना हमारे लिये गर्व की बात है। यह हमें आश्वस्त करता है कि हम सही रास्ते पर हैं। कड़ी मेहनत करने और अपनी सीमाओं से परे जाने के लिए सभी शिक्षकों को विशेष धन्यवाद। जिन छात्रों का नाम नहीं हो पाया वो उदास ना हों हम उनके साथ हैं।

निहारिका के एल्बम ट्वेंटी-19 में प्यार के सफर का मज़ा लें

नयी दिल्ली। निहारिका ने अपना एल्बम ट्वेंटी 19 जारी किया है, जो एक ऐसी दुनिया के सफर पर ले जाता है, जहां भावनाएं दिल को छू लेने वाले गीत के साथ हिलोरे खाती हैं। निहारिका ने साधारण प्रेम गीतों की सीमाओं से परे हटकर एक ऐसी भावनात्मक कहानी बुनी है जो उनकी नई एल्बम के तीन ट्रैक-दिमाग खराब, जाना और लौटा दे में बयां हो रही है। दिल से एक कहानीकार और प्रसिद्ध पश्चिमी कलाकारों की याद दिलाने वाली मनमोहक आवाज की मल्लिका निहारिका अपने हर एक ट्रैक के साथ श्रोताओं को एक सफर पर ले जाकर सही राह दिखाती है। दिमाग खराब प्यार में अंधे होने की मासूमियत को दिखाता है, जबकि जाना ब्रेकअप की कड़वी वास्तविकता का सामना करता है, प्यार के खट्टे-मीठे लम्हों को सामने लाता है। एल्बम का आखिरी ट्रैक लौटा दे में भावनात्मक चरमोत्कर्ष है, जो दिल को झकझोर देने वाला गीत है। यह जाने देने के संघर्ष को बड़ी खूबसूरती से दिखाता है। ट्वेंटी 19 प्यार के उतार-चढ़ाव भरी दुनियां का सफर है, जहां निहारिका श्रोताओं पर इस बात को छोड़ती है, की वह अपनी कहानी ढूंढें भी स्वयं बुन लें।

जेईई में आकाश बायजूस अयोध्या का परचम

अयोध्या। आकाश बायजूस ने अयोध्या से अपने 16स्टूडेंट्स की उपलब्धि की घोषणा की, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन-24 के पहले सत्र में90 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है। युवराज सिंह और श्रेयस कुलपति ने फिजिक्स में 100 परसेंटाइल हासिल किए। 5 छात्रों ने 98 परसेंटाइल से ज्यादा स्कोर किया। युवराज ने 98.91 परसेंटाइल (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल), शाश्वत गुप्ता ने 98.84, श्रेयस कुलपति ने 98.63 (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल), अदरिका श्रीहर्ष ने 98.30, अक्षत जायसवाल ने 98.28 व अन्य छात्रों ने 90 फीसदी और उससे ज्यादा परसेंटाइल हासिल किए। छात्रों को बधाई देते हुए डॉ. एच. आर राव, क्षेत्रीय निदेशक आकाश बायजूस ने सराहना करते हुए कहा परिणाम आकाश बायजूस की प्रतिबद्धता को दर्शाते है, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। हम उन्हें अपने प्रयास के साथ उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। छात्रों के शीर्ष प्रतिशत भारत की प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में अपनी अटूट प्रतिबद्धता और अकादमिक उत्कृष्टता दिखाते हैं।

जनमानस के दिलों को छू रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा : मो. मोहसिन

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। जननायक राहुल गांधी के नेतृत्व में चलने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा जनमानस के दिलों को छू रही हैं। 2024 के आम चुनावों में चैकने वाले नतीजे आयेंगे, भाजपा की विदाई होगी और देश में इण्डिया गठबन्धन की सरकार बनेगी। 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश के जनपद चन्दौली से प्रवेश करेंगी जो बनारस, भदोही, प्रयागराज, प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली होते हुए 20 फरवरी को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रवेश करेंगी, जहां के.के.सी. (जय नरायण डिग्री कॉलेज) जो जनपद बाराबंकी का स्वागत बिन्दु हैं वहां जनपद के 2 हजार कांग्रेस जनों द्वारा जननायक राहुल गांधी और भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भव्य स्वागत होगा। यह बात गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो. मोहसिन ने छाया चैराहा स्थित इन्दिरा मार्केट में कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही । पत्रकारों द्वारा पूछे गये प्रश्न के जबाब में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार का दस वर्ष का कार्यकाल अन्याय काल रहा हैं जिसमें समाज के सभी वर्गों के साथ अन्याय हुआ हैं । उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से समाज के इन वर्गों के लोगों को न्याय दिलाना हैं जिसकी शुरूआत हमारे नेता जननायक राहुल गांधी ने शुरू कर दी हैं। कहा कि न्याय यात्रा के मंच से घोषणा कर दी हैं कि अगर देश में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी जो निश्चित हैं तो इस देश के अन्नदाता को एम.एस.पी. की गारण्टी हैं। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को अक्षरशः लागू करके अन्नदाता के चेहरे पर मुस्कान और उनके परिवार में खुशहाली लाने का पहला काम इण्डिया गठबन्धन की सरकार करेंगी। कांग्रेस पार्टी की एम.एस.पी. गारण्टी से किसानों के खेत खिलेंगे और खलिहान भरेंगे। पत्रकारवार्ता में नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला व पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थें।

गिराये जा रहे जर्जर मकान की अचानक भर भरा कर गिरी छत

●दो मजदूरों की मलवे के नीचे दबकर हुई मौत, हड़कंप

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज) । सुरक्षा मानकों को दर किनार कर गिराए जा रहे हैं जर्जर मकान के दौरान अचानक छत गिरने से उसके नीचे दबकर दो मजदूर बुरी तरह से घायल हो गए । घटना से इलाके में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया ।

मरने वाले दोनों मजदूर में एक की शिनाख्त नहीं हो पाई है ।पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है । घटना नगर कोतवाली के अंतर्गत कस्बा बंकी स्थिति ओम नगर की है । मिली जानकारी के अनुसार यहां रामू रावत का बहुत पुराना जर्जर मकान है ।

गुरुवार को इस जर्जर मकान को गिराने के लिए दो मजदूर लगाए गए थे दोनों मजदूर मकान गिरा रहे थे कि अचानक भर भरा कर छत नीचे आ गई जिससे नीचे दबकर दोनों मजदूर बुरी तरह से घायल हो गए । यह घटना इलाके में जंगल में लगी आग की तरह फैल गई तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए ।

इस बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो चौकी पुलिस के साथ-साथ पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और घायल मजदूरों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया ।

मरने वाले मजदूरों में एक की शिनाख्त अम्बरीष 48 तहसील फतेहपुर के अंतर्गत सिहाली निवासी के रूप में की गई है जबकि दूसरे की शिनाख्त अभी तक पुलिस नहीं कर सकी है । इस घटना के बाद से इलाके में हड़कंप का माहौल है लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं लोगों का कहना है कि यदि सुरक्षा मानकों पर गौर किया जाता तो शायद उक्त दोनों मजदूरों की जान जाने से बच सकती थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया जिससे दोनों की मौत हो गई।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है ।

दो तस्कर गिरफ्तार,8 लाख कीमत की अवैध स्मैक बरामद

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। थाना देवा पुलिस टीम ने गुरुवार को दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 78 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया है । बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय कीमत 8 लाख रुपए बताई जाती है पुलिस में दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना देवा मैन्युअल इंटेलिजेंस के आधार पर दो मादक पदार्थ तस्कर मोहम्मद हबीब पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी ग्राम बरेठी थाना देव तथा राम जी रावत पुत्र भोला रावत निवासी ग्राम टिकरिया थाना देव को गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान इनके कब्जे से कुल 78 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई । पुलिस के मुताबिक बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय कीमत 8 लाख रुपए बताई जाती है पुलिस ने दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है।

बजाज शुगर मिल द्वारा ग्राम चकाई में कृषक गोष्ठी आयोजित

गोला गोकर्ण नाथ खीरी।बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी खम्भारखेड़ा द्वारा शारदानगर ब्लॉक के ग्राम चकई में बसंत कालीन गन्ना बुवाई की तकनीकी जानकारी देने के उद्देश्य एक बृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में चीनी मिल अधिकारियों, गन्ना विकास विभाग के अधिकारियों, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक गण के साथ-साथ एफ.एम.सी कंपनी एवं टी-स्टेंस कंपनी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बसंत कालीन गन्ना बुवाई के क्रम में डॉ राजीव कुमार गंगवार सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति लखीमपुर द्वारा कृषकों को समितियों के कृषकहित में चलाए जा रहे नवीन क्रियाकलाप के बारे में विस्तार से बताया , साथ ही समिति में स्थापित फार्म मशीनरी बैंक का लाभ कृषको को उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर एश्वडीश्वमिश्रा द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कृषक हित में चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। खेती के साथ-साथ बागवानी एवं सब्जियों की खेती के बारे में में बताया । उन्होंने कहा कि गन्ने की बुआई एक लाइन से दूसरी लाइन के बीच कमसे कम चार फिट की दूरी होनी चाहिए, जिसके बीच में सहफसली खेती की जा सके तथा दोहरा लाभ मिल सके। डॉ0 अरविंद वर्मा द्वारा खेती के साथ-साथ पशुपालन को भी सम्मिलित कर अतिरिक्त लाभ अर्जित करने की जानकारी दी गई साथ ही पशुपालन में आने वाले कठिनाई एवं प्रमुख पशु रोगों के नियंत्रण हेतु प्रभावी उपाय बताए गए, खम्भारखेड़ा गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सुरेश कुमार चौधरी द्वारा गन्ना कृषकों के हित में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया। चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक (गन्ना) द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान, चीनी मिल द्वारा बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु कृषकों को दी जाने वाली सुविधाएं, पेड़ी प्रबंधन, बीज एवं भूमि उपचार को अपनाते हुए केवल स्वीकृत एवं उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0 0118, को015023, को0लख014201, को0 980 14 को0शा017231, को0लख094184 की बुवाई ट्रेंच विधि से बुआई की बात कही। कृषकों से उन्होंने यह भी अपील किया कि किसी भी दशा में अस्वीकृत, बेनामी प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें अन्यथा गन्ना आपूर्ति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।एफ0एम0सी0 एवं टी-स्टेंस के प्रतिनिधियों ने अपने उत्पाद के प्रयोग से अच्छा परिणाम गन्ना फसल में लेने की तकनीकी जानकारी दी। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ0 देशराज वर्मा ने की उन्होंने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त किया तथा चीनी मिल प्रबंधन एवं सचिव तथा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक से गन्ना मूल्य भुगतान में तेजी लाने तथा कृषकों को नियमानुसार चीनी देने की बात कही, गोष्ठी में लगभग 250 कृषकों ने भाग लिया। गोष्ठी में चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता, प्रगतिशील कृषक शेखर वर्मा राजकुमार, रामप्रताप, धर्मेंद्र वर्मा, निर्मल वर्मा, सुरेश मिश्रा सुरेश वर्मा, उत्तम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

कौशल विकास केंद्र की छात्राओं को मिले स्मार्ट फोन

गोला गोकर्णनाथ खीरी।नगर के के?के?वी0 अस्पताल प्रांगण में राष्ट्रीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को स्मार्टफ़ोन वितरण किये गए। उक्त समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित कर अपने संक्षिप्त वक्तव्य में राज्य व केंद्र सरकार की नीतियों के बारे में छात्राओं को बताया साथ ही अपने संबोधन में अमन ने कहा कि शिक्षा व प्रशिक्षण एक विद्यार्थी को परिपक्व बनाता है जोकि भविष्य में एक बेहतर समाज व देश का निर्माण में सहायक है इसलिए सार्थक शिक्षा के साथ साथ तकनीकी कुशलता भी अत्यंत आवश्यक है।सरकार का कौशल विकास कार्यक्रम योजना इसी उद्देश्य को पूरा करते हुए छात्र व छात्राओं को स्वालंबी व तकनीक में दक्ष बना रही है। राज्य सरकार द्वारा वितरित स्मार्ट फोन इसी का जीवन उदाहरण है कि सभी विद्यार्थी स्मार्ट फो के साथ सेवम को भी सजग, सक्षम, व स्वालंबी बनाए। कार्यक्रम में गोला विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, कमलेश वर्मा, भोली गिरि,राम नरेश तिवारी, शिवम् गुप्ता शुभम् शुक्ला, ज्ञानशु जयसवाल सहित कौशल विकास केंद्र का स्टाफ और सम्मानित साथी उपस्थित रहे।

हैदराबाद पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को भेजा जेल

गोला गोकरननाथ खीरी। थाना हैदराबाद पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 44/2024 धारा 314 भा0द0वि 0 के वांछित अभियुक्त रचित पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी ग्रामरामदीनपुर थाना हैदराबाद को महेशपुर चौराहे से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय के समक्ष भेजा है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह एवं कांस्टेबल राजेंद्र कुमार सिंह शामिल रहे।

गांव चलो अभियान के तहत गोला विधायक ने गांव में किया प्रवास

गोला गोकर्ण नाथ खीरी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत 15 फरवरी को गोला विधायक अमन गिरि अपने प्रमुख साथियो के साथ ग्राम बिजुआ ब्लॉक के ग्राम दाउदपुर में आवास कार्यक्रम में उपस्थित रहे व ग्रामीणवासियो को भाजपा की नीतियों को समझाते हुए 2024 के चुनाव में खीरी लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः तीसरी बार भारत देश की बागडोर सौंपने का आग्रह किया। विधायक अमन गिरी ने कहा विपक्षी पार्टियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध एक हो रही है ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजई बनाएं ताकि विपक्षियों के मंसूबे सफल न हो और देश विकास की गति पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए हमारा एक-एक सांसद महत्वपूर्ण है इसलिए आपसी द्वेष भावना मिटाकर हम सभी को पूरे मन से भाजपा को भारी मतों से विजई बनाने के लिए संकल्पित होना होगा।उक्त अवसर पर विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, शुभम शुक्ल, अमान खान, भोली गिरि, चेतराम वर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, काशीराम, जावेद खान, संदीप, संदीप, सज्जन खां, चंद्रप्रकाश गौतम, मोईद खां, चेतराम गौतम सहित ग्रामीणवासी व प्रमुख साथी उपस्थित रहे।

पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को सौंपी जिम्मेदारी

●25 फरवरी से 5 मार्च तक भाजपा चलाएगी लाभार्थी संपर्क अभियान।

●जिला सतरीय कार्यशाला आयोजित।

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)।गांव चलो अभियान के बाद भाजपा ने प्रत्येक लाभार्थियों से संपर्क साधने की तैयारी शुरू कर दी है।गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित करके कार्यकर्ताओं को लाभार्थी संपर्क अभियान के करणीय बिंदु बताए गए।एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार के लाभार्थियों की भूमिका अहम है। मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की संख्या करोड़ो में हैं।प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी बार ऐतिहासिक जीत में लाभार्थी संपर्क अभियान मील का पत्थर साबित होगी।उन्होंने बताया कि यह अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगा।कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को 20 से 40 लाभार्थियों से संपर्क करना होगा।जिसके लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य,सांसद उपेंद्र सिंह रावत,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी,रचना श्रीवास्तव सहित सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चुनाव हेतु वकीलों ने खरीदे नामांकन पत्र

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। तहसील बार एसोसिएशन तहसील रामनगर के चुनाव अंतर्गत गुरुवार को कुल 27 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु परमहंस मिश्र शिव प्रकाश अवस्थी मान सिंह ने नामांकन पत्र खरीदे वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु बृजेश कुमार अरविंद कुमार, उपाध्यक्ष प्रथम बृजेश कुमार चैतन्य नारायण उपाध्याय, उपाध्यक्ष द्वितीय आनंद प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष तृतीय निरंकार त्रिवेदी तथा महामंत्री पद हेतु सुरेश कुमार त्रिपाठी शास्त्री सुरेश चंद्र मिश्र लव कुमार पाठक संयुक्त मंत्री प्रथम धर्मेंद्र कुमार शुक्ल द्वितीय बी डी खान तृतीय गुरुदेव मिश्र कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार शुक्ला एवं सदस्य पद हेतु महेश कुमार सिंह देवकली प्रसाद संतोष सिंह बृजेश कुमार पांडे संजीव सिंह नईम अंसारी अनिल कुमार गुप्ता दुर्गा प्रसाद यादव उमाशंकर मो0 कासिम विनोद कुमार ने नामांकन पत्र खरीदे। इस मौके पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राकेश कांत मिश्रा सदस्य गौरी शंकर तिवारी मानिक चंद्र यादव सुनील कुमार सिंह मौजूद रहे। वहीं शुक्रवार को नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे तथा शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी 24 फरवरी को चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

आर्यन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह का आयोजन

राम सनेही घाट बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। तहसील क्षेत्र के बड़ेला नारायणपुर गांव के आर्यन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान जूनियर छात्राओं ने 12वीं कक्षा की छात्राओं को भावभीनी विदाई दी। वार्षिकोत्सव के तहत छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। उपप्रधानाचार्या प्रतिक्षा सिंह ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए उच्च शिक्षा आवश्यक है तथा कठिन परिश्रम करके ही विद्यार्थी उच्च शिक्षा के साथ लक्ष्य को हासिल जा सकता है। उन्होंने पूर्ण मनोयोग के साथ पढ़ाई कर बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। पूर्व प्रवक्ता राजेंद्र प्रसाद पांडे ने इस स्कूल के प्रति लगाव का परिचय देते हुए कहां की कठिन परिश्रम कर छात्र छात्राओं को उच्च अंक प्राप्त करने का संदेश दिया और छात्र छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व अन्य जानकारियां दी। इस दौरान प्रबन्धक शत्रोहन सिंह,सुरेंद्र सिंह, राजू बाबा,रमेश चंद, पांडे,अरुणेंद्र सिंह ,रिशू गुप्ता पत्रकार दिनेश तिवारी पत्रकार वह रामनारायण मिश्रा पत्रकार सहित विद्यालय के छात्र छात्राओं सहित अध्यापक गण मौजूद रहे।

संशोधन नाम जन्मतिथि

मैं, हर्ष बहादुर सिंह पुत्र अनंत बहादुर सिंह (आर्मी नम्बर 14916716P) निवासी ग्राम- सराय श्रीबक्श, पोस्ट - केवलपुर बरेथा, थाना जगतपुर, जनपद रायबरेली उत्तर प्रदेश यह घोषणा करता हूं कि शपथ कर्ता की माता गंगा देवी की जन्मतिथि आर्मी रिकार्ड में 21-08-1950 दर्ज है जो ग़लत है। इनकी वास्तविक जन्मतिथि 01-01-1958 है।

8 स्टूडेंट्स का 90 फीसदी से ज्यादा परसेंटाइल

रायबरेली। आकाश बायजूसने रायबरेली से अपने आठस्टूडेंट्स की सफलता पर गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेस एग्जाम (जेईई) मेन 24 के पहले सत्र में90 प्रतिशत से ऊपर स्कोर किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के परिणाम घोषित किए जिसमें सुचिता सिंह ने 97.87, अंकित यादव ने 97.02, हर्षित द्विवेदी ने 96.63, देवांश त्रिपाठी ने 95.24, अनामिका शर्मा ने 92.73 व अन्य स्टूडेंट्स ने 87 परसेंटाइल या उससे अधिक स्कोर किया। छात्रों को बधाई देते हुए डॉ. एच आर राव क्षेत्रीय निदेशक आकाश बायजूज ने सराहना की। छात्रों के शीर्ष प्रतिशत भारत की प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक में अपनी अटूट प्रतिबद्धता और अकादमिक उत्कृष्टता दिखाते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सेशन 1 के परिणामों का अनावरण किया, इस साल इंजीनियरिंग के लिए दो अनुसूचित संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं में से पहली की शुरुआत हुई। चुनौतीपूर्ण आईआईटी जेईई को जीतने की आकांक्षा के साथ आकाश के कक्षा कार्यक्रम में दाखिला लेते हुए छात्रों ने मौलिक अवधारणाओं को समझने और एक अनुशासित अध्ययन को बनाए रखने के लिए अपने समर्पण के लिए शीर्ष प्रतिशत के लिए अपनी चढ़ाई का श्रेय दिया।

कैम्ब्रिज स्कूल्स कान्क्लेव में भाग लेंगी सीएमएस शिक्षिकाएं

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल का चार सदस्यीय शिक्षक दल दो दिवसीय 'कैम्ब्रिज स्कूल्स साउथ ईस्ट एशिया कान्क्लेव' में प्रतिभाग हेतु गोवा रवाना हो गया। यह सम्मेलन कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल लंदन के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कई देशों के 700 से अधिक शिक्षाविद् प्रतिभाग कर रहे हैं। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु गोवा रवाना होने वाली शिक्षिकाओं में सीएमएस कैम्ब्रिज एजूकेशन की डीन सुषमा राजकुमार, मशीरा आरिफ़ सना शमीम एवं मनीषा चतुर्वेदी शामिल हैं। सम्मेलन में सीएमएस शिक्षिकायें देश-विदेश से शिक्षाविदों को सीएमएस की शिक्षा पद्धति से अवगत करायेंगी, साथ ही वैश्विक परिप्रेक्ष्य के अनुरूप छात्रों को तैयार करने, उनकी योग्यता को बढ़ाने एवं उनकी रचनात्मक ऊर्जा को समाज, देश व विश्व मानवता के कल्याण हेतु प्रेरित करने हेतु सार्थक विचार रखेंगी। सीएमएस के तीन कैम्पसों सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस, अलीगंज प्रथम कैम्पस एवं राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में कैम्ब्रिज पाठ्यक्रम की कक्षायें संचालित की जा रही हैं।

केन्द्र किसानों पर तकनीक का नकारात्मक इस्तेमाल कर रही:अखिलेश

लखनऊ। भाजपा सरकार सत्ता और तकनीक का नकारात्मक इस्तेमाल कर रही है। यह आरोप लगाते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अन्नदाताओं पर अत्याचार कर रही है। किसानों की मांगों को मानने के बजाये उन पर आंसू गैस के गोले दागकर लाठियां बरसायी जा रही है। पूरा देश देख रहा है भाजपा सरकार किसानों के साथ किस तरह का व्यवहार कर रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से कई झूठे वादे किए, बड़े-बड़े सपने दिखाए। दस साल सत्ता में रहने के बाद भी भाजपा की केन्द्र सरकार ने किसानों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। किसानों को सम्मान निधि देने के बजाये उसकी वसूली शुरू कर दी। किसान के उपयोग की खाद, बीज, कृषि यंत्र, डीजल, सभी तो महंगा है। बिजली महंगी है। किसान की लागत के सापेक्ष फसल का मूल्य नहीं मिल रहा है। एमएसपी को अनिवार्य करने की मांग केन्द्र सरकार ने ठुकरा दिया है। भाजपा के झूठे वादों से किसानों के सब्र का बांध टूट चुका है। किसानों को अब सरकार के झूठे वादे नहीं चाहिए।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मार्कशीट रोल नं0-329758 वर्ष 1969, इण्टरमीडिएट मार्कशीट रोल नं0-150906 वर्ष 1973 व डी फार्मा सर्टिफिकेट रोल नं0-17 वर्ष 1978 रास्ते में कही गिरकर खो गया है।

हरी श्याम वर्मा पुत्र स्व0 गंगा प्रसाद, नि0 मो0-नई बाजार बलरापुर, मो0 नं0-6394695966

सूचना

मैंने अपने नाम VIJAYA KUMAR YADAV से बदलकर VIJAY KUMAR YADAV रख लिया । अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

C/O Ram Dev YADAV
तरबगंज, गोण्डा

सूचना

मैंने अपना नाम RAKESH KUMAR MAURYA से बदलकर RAKESH MAURYA रख लिया । अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

C/O HARISHANKAR MAURYA
RAJAJI PURAM LUCKNOW

सूचना

मैंने अपना नाम ARVIND KUMAR से बदलकर ARVIND KUMAR AGARWAL रख लिया । अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

C/O GOPI RAM CIVLULAY
ROAD HARDOI

संशोधन नाम जन्मतिथि

मैं, हर्ष बहादुर सिंह पुत्र अनंत बहादुर सिंह (आर्मी नम्बर 14916716P) निवासी ग्राम- सराय श्रीबक्श, पोस्ट - केवलपुर बरेथा, थाना जगतपुर, जनपद रायबरेली उत्तर प्रदेश यह घोषणा करता हूं कि शपथ कर्ता की धर्मपत्नी का नाम आर्मी रिकार्ड में ग्रीस सिंह व जन्मतिथि 10-07-1974 दर्ज है जो कि ग़लत है। इनका वास्तविक नाम गिरीश कुमारी सिंह व वास्तविक जन्मतिथि 01-07-1972 है।

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड

U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED UPPTCL

अल्पकालीन ई-निविदा

सूचना संख्या 63/ECTC-/2023-24 अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट -I टेक्निकल बिड एवम् पार्ट - II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 63. कार्य का नाम : 220 के0वी0 जी0आई0एस0 उपकेन्द्र, दर्शननगर अयोध्या पर 01 अद्द 132 के0वी0 एन0टी0पी0सी0 बे के निर्माण हेतु जानपदीय कार्य। कार्य की अनुमानित लागत रू0 21.89 लाख, कार्यावधि 3 माह । उक्त निविदा की Technical Bid एवंम अन्य शर्ते तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 04.03.2024 को दोपहर 14.00 बजे तक साइट पर डाला/ अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 05.03.2024 को 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी।

अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जानपद पारेषण मण्डल,उ0प्र0 एस0एल0डी0सी0 परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पत्रांक : 547/ वि. जा. पा. मं. (ल.)/निविदा, दिनांक : 14.02.2024

राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

योगी सरकार का लक्ष्य, 2026 तक उत्तर प्रदेश होगा फाइलेरिया मुक्त

- मुख्यमंत्री की स्वास्थ्य टीम से अपील, प्रदेशवासियों को दवा के साथ करें जागरूक
- घर-घर जाकर लोगों को दवा खिला रही टीम, महज 4 दिन में 20 प्रतिशत ने खाई दवा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पूर्वांचल में जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) जैसी खतरनाक बीमारियों को नियंत्रित करने के बाद अब फाइलेरिया के उन्मूलन में जुट गई है। योगी सरकार के निर्देश पर सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में लोगों के घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। अभियान के शुरुआती चार दिनों में ही करीब 20 प्रतिशत लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य टीम से अपील की है कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रदेशवासियों को सिर्फ दवा न खिलाएं बल्कि जागरूक भी करें।

चार दिन में 20 प्रतिशत लोगों ने खा ली फाइलेरिया रोधी दवा

फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने बताया कि एमडीए अभियान में कुल 3,60,25,891 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके सापेक्ष सिर्फ चार दिन में ही 66 लाख 14 हजार 589 यानि करीब 20 प्रतिशत लोगों ने फाइलेरियारोधी दवा खा ली है। फाइलेरिया यानि हाथीपांव एक लाइलाज बीमारी है। इस संक्रमण में लसीका तंत्र पूरी तरह प्रभावित हो जाता है। लसीका तंत्र वाहिकाओं, अंगों और विशेष कोशिकाओं का एक नेटवर्क होता है। इसके लक्षण आने में 10-15 वर्ष लग जाते हैं। इसे छुपायें नहीं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर या सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर संपर्क करें और योगी सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। बता दें कि प्रदेश में 51 फाइलेरिया प्रभावित जिले हैं।

दवा खाने पर सिर और शरीर में दर्द, बुखार हो तो न हों परेशान

डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के लोग फाइलेरियारोधी दवा खाने के साथ इस बीमारी के प्रति अपनी जानकारी भी बढ़ा रहे हैं। अमेठी, आजमगढ़, बलिया या बाराबंकी में कई स्थानों पर लोगों ने दवा के प्रतिकूल प्रभाव के बारे में जानने के लिए काफी उत्साह दिखाया। यह भी जानना चाहा कि दवा खाने के बाद सिर दर्द या चक्कर कैसे, कितना और क्यों आता है। अगर दवा खाली पेट खा लें तो क्या दवा बेअसर रहेगी ? स्वास्थ्य टीम लोगों को बता रही है कि फाइलेरियारोधी दवा पूर्ण रूप से सुरक्षित है। वहीं कभी-कभी दवा का सेवन करने के बाद सिर और शरीर में दर्द, बुखार, उल्टी तथा बदन पर चकत्ते एवं खुजली देखने को मिलती है, लेकिन इससे घबराने की जरूरत नहीं है। यह लक्षण आमतौर पर स्वतः ठीक हो जाते हैं। यह दवा खाली पेट नहीं खानी है। कुछ खाकर ही फाइलेरियारोधी दवा खाएं। वहीं लखनऊ, उन्नाव, शाहजहांपुर, बरेली और हमीरपुर में कुछ लोग पहले तो दवा सेवन के लिए मना कर रहे थे, लेकिन स्वास्थ्य टीम की ओर से जानकारी मिलने के बाद स्वतः दवा सेवन के लिए आगे आए। गांवों में स्वास्थ्य टीम लोगों के घरों की कुण्डी खटका-खटका कर दवा के प्रति जागरूक करते हुए दवा सेवन करा रही है। साथ ही फाइलेरिया पेशेंट नेटवर्क के सदस्य लोगों को फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

मकान का ताला तोड़कर आभूषण व नगदी चोरी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में घूम रहे बेखौफ चोरों ने पिता के अंतिम संस्कार में गए परिवार के मकान को निशाना बनाकर ताला तोड़ मकान में घुस गये और अलमारी के लाकर में रक्खी लाखों रुपये की ज्वैलरी सहित हजारों की नकदी पार कर दिया। चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने स्थानीय थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित हरिओमनगर अलीनगर सुनहरा निवासी सुनील कुमार पटेल के अनुसार बीते 13 फरवरी को उनके पिता का देहान्त हो गया था। जिसकी सूचना मिलते ही उन्हें अचानक अपने गव सुमेरगंज थाना माधोगंज, जिला हरदोई जाना पड़ा। जिसके चलते उन्होंने अपने हरिओमनगर स्थित आवास की देखरेख के लिए चाभी परिचित मनीष नामक युवक को देकर चले गए थे। आरोप है कि उसी रात परिचित मनीष ने उनके घर का ताला टूटा देख उन्हें फोन पर चोरी की जानकारी दी। वीडियो कालिंग कर उनके स्टोर को दिखाया। चोरी की जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पीड़ित के अनुसार चोरों ने उनके घर के अलमारी के लाकर में रक्खे करीब 5 लाख रु की ज्वैलरी सहित 40 हजार रुपये नकदी चोरी गई है।

केरल पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये हेली-टूरिज्म को बढ़ावा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। केरला टूरिज्म-24 में नई ऊँचाइयाँ छूने को तैयार है। इस कड़ी में लखनऊ में नये प्रोडक्ट्स पेश किये, जिसमें हेली-टूरिज्म शामिल है। हेली-टूरिज्म घरेलू पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिये केरला टूरिज्म के आक्रामक अभियान के तहत राज्य के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ेगा। केरल के पर्यटन मंत्री पीए मो रियास ने कहा हेली-टूरिज्म की ब्राडिंग 'स्काय एस्केप्स' के नाम से की गई है। इसकी योजना तीन दशक पहले राज्य में दिखे हाउसबोट्स की तर्ज पर एक गेम-चेंजर के रूप में बनाई गई है। यह भारत और विदेशों से पर्यटकों को आकर्षित करेगा। श्री रियास ने कहा केरल देश का पहला राज्य बन चुका है, जोकि पर्यटन के लिये हेली-टूरिज्म की विस्तृत नीति लेकर आया है। हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाताओं के ट्रैवेल पैकेजेस का विवरण देने वाली एक माइक्रो-साइट बनाई गई है। एक ही दौरे में विभिन्न जगहों पर जाने की योजना बना रहे पर्यटकों को इस पहल से काफी मदद मिलेगी। केरल पर्यटन का एक इंटर-कनेक्टेड हॉटस्पॉट बनेगा। मंत्री ने कहा 'नये साल में हमने राज्य में घरेलू पर्यटकों की मौजूदगी बढ़ाने के लिये मार्केटिंग की आक्रामक रणनीति बनाई है। केरला टूरिज्म के कैम्पेन 'मेक अप फॉर लॉस्ट टाइम, पैक अप फॉर केरला को प्रतिष्ठित पीएटीए गोल्ड अवार्ड मिला है। यह अवार्ड प्रचार के लिये उसकी अभिनव पहल को साबित करता है।

19 करोड़ से विकसित होगा बिजली पासी किला

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लखनऊ के आशियाना स्थित महाराजा बिजली पासी किला विश्वस्तरीय स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने लगभग 19 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें लाइट एंड साउंड शो बच्चों के लिए खेलने के स्थल पाथवे समेत कई और कार्य कराए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश के पर्यटन स्थलों का विकास सरकार की प्राथमिकता में है। इसी क्रम में महाराजा बिजली पासी किले का विकास कराने की तैयारी है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि महाराजा बिजली पासी लोकप्रिय राजा थे। उनके द्वारा किले का निर्माण किया गया था। वर्तमान समय में यह महत्वपूर्ण स्थल है। यहां सभी आयुवर्ग के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी ताकि यहां भ्रमण करने लिए बच्चेए युवा, वृद्ध महिला.पुरुष भ्रमण में रुचि दिखाएं। इसके लिए सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। शाम के समय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए लाइट एंड साउंड कार्यक्रम होगा।

जिसमें महाराजा बिजली पासी और उनके शासन का वर्णन किया जाएगा। योजना के तहत बच्चों के लिए क्रीड़ा स्थल भी विकसित किया जाएगा। जहां बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न झूले उपलब्ध होंगे। इसके अलावा पाथवे कैंटीन लैंडस्केप शौचालय समेत विभिन्न कार्य किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटन तेज गति बढ़ रहा है।

उजियारघाट बस स्टेशन का पुर्ननिर्माण कराया जायेगा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। जनपद बलिया स्थित उजियारघाट बस स्टेशन का पुर्ननिर्माण कराया जायेगा। बस स्टेशन के पुर्ननिर्माण के लिए 529.82 लाख रूपये निर्गत किये गये हैं। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा उजियारघाट बस स्टेशन का पुर्ननिर्माण कराया जायेगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि जनपद बलिया से लखनऊ दिल्ली के लिए बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं। इस बस स्टेशन के बन जाने से लोगों को काफ ी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थित सभी बस स्टेशनों का सौन्दर्यीकरण एवं पुर्ननिर्माणीकरण कराया जा रहा है। जिससे कि लोगों को साफ.सुथरा एवं आकर्षक बस अड्डे मुहैया हों। परिवहन मंत्री ने कहा कि उजियारघाट बस स्टेशन देखरेख काफ ी समय से जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ था।

मलिहाबाद बार एसो. को दिलाई गयी शपथ

मलिहाबाद (लखनऊ) (स्पष्ट आवाज)। स्थानीय तहसील परिसर स्थित सरोजनी नायडू सभागार मलिहाबाद में गुरुवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। सह अध्यक्ष बार कार्उसिल उप्र प्रदीप सिंह द्वारा मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जेके सिंह, महामंत्री रामभरोसे रावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजाराम उपाध्यक्ष मध्य अनिलकुमार यादव, किशोरी लाल वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर कुमार संयुक्त मंत्री रामशंकर संतोषकुमार यादव प्रकाश चन्द्र गौतम, कोषध्यक्ष जितेन्द्र कुमार वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रामप्रसाद श्रीकृष्ण राजेश कुमार अमीरचन्द्र यादव दौलतराम गयाप्रसाद कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य शुभम तिवारी, असद अली अंसारी देवेन्द्र सिंह यादव सर्वेश कुमार, रमित कुमार, अंकुर कुमार गौतम ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व प्रदीप कुमार सिंह सह अध्यक्ष बार कार्उसिल उप्र जिलाध्यक्ष भाजपा विनय प्रताप सिंह ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री कौशल किशोर ने अधिवक्ताओं के बार के लिए सभागार हाल बनवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान कलीम शिकोह,रविशंकर शर्मा रामसिंह यादव विनोद तिवारी प्रवेश कुमार सिंह वीरेन्द्र प्रताप सिंह मनोज सिंह शारिक शमीम केके सिंह अमित सिंह अक्षय पाठक व प्रधान संघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह आदि सैकडों की संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

मुफ्त राशन में गेंहू चावल के साथ बाजरा भी मिलेगा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम.2013 के तहत माह फ रवरी 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न चयनित जनपदों में बाजरा का निःशुल्क वितरण 28 फ रवरी 2024 तक वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। बाजरा क्रय करने वाले तथा उनके निकटतम 41 जनपदों में प्रत्येक अन्त्योदय कार्ड पर 09 किग्रा. गेहूँ 21 किग्रा. चावल और 05 किग्रा. बाजरा कुल 35 किग्रा. खाद्यान्न का मुफ्त वितरण किया जायेगा। बाजरा क्रय वाले 41 जनपदों को छोड़कर अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा. गेहूँ और 21 किग्रा. चावल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। शेष सभी जनपदों में 02 किग्रा. गेहूँ और 03 किग्रा. चावल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

संक्षिप्त आवाज

शैतानी रस्में के कलाकर बने शहर के मेहमान

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। अपनी नई और अनोखी कहानियों के लिए प्रसिद्ध स्टार भारत अपनी नई पेशकश शैतानी रस्में, एक अभूतपूर्व फैंटेसीथ्रिलर शो के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहे है। देवो के देव महादेव, सिया के राम और द एडवेंचर्स ऑफ हातिम जैसे प्रशंसित शो में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पहचाने जाने वाले प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता निखिल सिन्हा द्वारा ट्रायंगल फिल्म कंपनी के प्रतिष्ठित बैनर के तहत निर्मित ये नया शो है। शैतानी रस्में शो सोमवार-शनिवार रात 10 बजे स्टार भारत पर प्रसारित होता है। इसकर कहानी निक्की के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे प्रतिभाशाली अभिनेत्री नकियाह हाजी ने कुशलतापूर्वक निभाया है, ये कहानी एक अनाथ लड़की की है जो पीयूष से अपने लिए प्यार की खोज करती है, पीयूष एक भूगनगढ़ के प्रतिष्ठित गेहलोत परिवार के राजकुमार है जिसे अभिनेता विभव रॉय द्वारा चित्रित किया गया है। शो के कलाकार गुरुवार को लखनऊ के मेहमान बने और लखनऊ की नजाकत नफसत और यहां के व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

पुरानी रंजिश में महिलाओं ने युवती का सर फोड़ा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। आशियाना थाना क्षेत्र में घर से बाजार सब्जी लेने गई युवती को पुरानी रंजिश के चलते बाजार में मौजूद महिलाओं ने गाली गलौज करने के साथ युवती के सिर पर लोहे की राड से हमला कर सिर फोड़ा धमकी दे फरार हो गई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर गाली गलौज, मारपीट सहित धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि मूल रूप से बंसल बागिया मूल रूप से सरसरी जिला लखीमपुर खीरी निवासी पीड़ित युवती छवि कश्यप पुत्री राम सेवक के अनुसार वह बीते 13 फरवरी को थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर जे बाजार में सब्जी खरीद रही थी। आरोप है कि उस दौरान रेनू रावत व प्रिती रावत नामक महिलाओं ने पुरानी रंजिश के चलते उसके ऊपर लोहे का राड सर पर हमला बोल सर फोड़ लहुलूहान कर विवेक नामक युवक को बुलवा गाली गलौज करने के साथ धमकी दे फरार हो गई। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर गाली गलौज मारपीट व धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

शेखावत एक दिवसीय दौरे पर आज आयेंगे यूपी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश आयेंगे। गजेन्द्र सिंह शेखावत पहले कानपुर और उसके बाद लखनऊ आयेंगे। केन्द्रीय मंत्री कानपुर में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और कामन इफ्ल्यूंट ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वह लखनऊ आयेंगे। गजेन्द्र सिंह शेखावत द सेन्ट्रम होटल लखनऊ में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होंगे। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय में सचिव अतुल कुमार तिवारी और पेयजल तथा स्वच्छता विभाग की विनी महाजन अपने सामूहिक ज्ञान और विशेषज्ञता के साथ चर्चा को समृद्ध करेंगी।

भाषा विवि में हुआ आर्टिफिशल इंटेलिजेंस संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आर्टिफि शल इंटेलिजेंस प्रोडक्टिविटी इंजन फ ॉर इकोनॉमिक ग्रोथ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। साथ ही भाषा विश्वविद्यालय में आर्टिफि शल इंटेलिजेंस- (प्रोडक्टिविटी इंजन फ ॉर इकोनॉमिक ग्रोथ) विषय पर कुलपति प्रो एन बी सिंह के निर्देशन में एक पैनल डिस्कशन हुआ। इसमें बीबीएयू की डॉ राजश्री तथा डॉ सुधा बाजपेई यूपी प्रोडक्टिविटी कॉउन्सिल की तरफ से प्रोग्राम डायरेक्टर तथा वक्ता के रूप में रहीं। यह कार्यक्रम भाषा विश्वविद्यालय तथा यूपी प्रोडक्टिविटी कॉउन्सिल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। अपने प्रबोधन में डॉ सुधा ने छात्रों को कार्यक्रम की महत्ता के विषय मे बताया तथा इसी क्रम में बोलते हुए डॉ राजश्री ने एआई के विभिन्न आयामो तथा उन उपयोग के विषय मे वृहत चर्चा की। प्रश्नोत्तर काल मे विद्यार्थियों ने कई प्रश्न पूँछे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ नीरज शुक्ल तथा डॉ सुमन कुमार मिश्रा थे।

ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए शहर चमकाने में लगा लोनिवि

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग राजधानी लखनऊ में आगामी 19 फ रवरी से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होने आ रहे आगंतुकों के आवागमन को आसान और सुरक्षित बनाने में पूरी तरह लग गया है। आयोजन स्थल तक जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों को सुदृढ़ और सुन्दरीकरण किया जा रहा सेतुओं और डिवाइडरों की रंगाई-पुताई कराई जा रही है। जिससे शहर का सौंदर्यीकरण बढ़ेगा और आगंतुकों को लखनऊ में सुखद अनुभूति का अहसास होगा। प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने बताया कि लामार्ट विद्यालय में तीन अस्थायी हैलीपैडों का निर्माण कराया जा रहा है। आयोजन स्थल इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने हेतु लामार्ट स्कूल से कालिदास चौराहा 1090 चौराहा, समतामूलक चैराहा व लोहियापथ चौराहा एल.शेप उपरिगामी सेतु पर रंगाई.पुताई, फ ुटपाथ मरम्मत, डिवाइडर की रंगाई.पुताई सम्बन्धी कार्य चल रहा है तथा मार्ग की साफ.सफ ाई का भी कार्य प्रगति में है। आवश्यकतानुसार समता मूलक चौराहे से इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले लोहियापथ पर सतह मरम्मत का कार्य कराया जा चुका है। लोहियापथ पर स्थित एल.शेप उपरिगामी सेतु के पश्चात इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान तक डिवाइडर मरम्मत फ ुटपाथ मरम्मत तथा मार्ग के मध्य से गुजरने वाले नाले की आवश्यकतानुसार मरम्मत करायी जा रही है तथा नाले को कवर करने हेतु जहां कहीं भी कवर अनुपलब्ध हैं उसे प्रीकास्ट कराकर कवर की जाने की कार्यवाही की जा रही है तथा वर्तमान में डिवाइडर पेन्टिंग का कार्य कराया जा रहा है। लखनऊ शहर में स्थित हैरीटेज जोन जाने वाले सम्बन्धित मार्गों पर भी आवश्यकतानुसार मरम्मत सम्बन्धी वांछित कार्य कराये जा रहे हैं। लखनऊ.आगरा एक्सप्रेस.वे से अवध चौराहा होते हुए इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले आगन्तुकगणों की सुविधा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये वीआईपी मार्ग पर मरम्मत का कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। उपरोक्त के अतिरिक्त लोहियापथ स्थित एल.शेप उपरिगामी सेतु के पश्चात इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मार्ग तथा शहीदपथ मार्ग द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान आने वाले मार्ग पर आवश्यकतानुसार सतह मरम्मत का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है।

सिंचाई के 35 अभियंताओं को पसंद की तैनाती

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सिंचाई विभाग सिविल के 35 नव प्रोन्नत सहायक अभियंताओं (सिविल) को उनकी पसंद के अनुसार पारदर्शी ढंग से तैनाती प्रदान की गयी है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मुख्यालय कैनाल सदर लखनऊ में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंहए प्रमुख सचिव तथा अन्य उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में नव प्रोन्नत सहायक अभियंताओं की तैनाती की प्रक्रिया पूर्ण करायी गयी। पदस्थापना के दौरान एक-एक सहायक अभियंता से उनके एच्छिक विकल्प एवं पसंद के अनुसार क्षेत्रों में तैनाती की जानकारी ली गयी और उसके आधार पर पारदर्शीपूर्ण ढंग से तैनाती का कार्य सम्पन्न कराया गया। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि विभाग को आगे बढ़ाने में अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। विभाग की नीतियों एवं कार्यक्रमों को लागू करवाने का दायित्व आपका ही है। नव प्रोन्नत सभी सहायक अभियन्ता अपने.अपने आवंटित जनपदों में दिये गये।

स्वर्णकार सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व डिप्टी सीएम

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। राष्ट्रीय स्वर्णकार महासभा द्वारा आयोजित स्वर्णकार सम्मेलन का पूर्व डिप्टीसीएम डा. दिनेश शर्मा द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा सरकार निर्धन कन्या परिवार के लिए राष्ट्रीय स्वर्णकार महासभा द्वारा विवाह हेतु 30,000 एवम् 5 साड़ी एक जोड़ी पायल 3 जोड़ी बिछिया एवं निशुल्क धर्मशाला का सहयोग किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री धनीराम वैष्णवी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल वर्मा विजय प्रकाश रस्तोगी नरेंद्र वर्मा गोविंद रस्तोगी महेश वर्मा श्रीमती अंजू रस्तोगी सुनीता वर्मा बीना वर्मा आलोक रस्तोगी सुशील सोनी राजेश वर्मा उमेश रस्तोगी कृष्ण वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

शिक्षा के साथ युवा शक्ति के पास व्यावहारिक ज्ञान जरुरी : योगी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चरित्र एवं सर्वांगीण विकास के लिये युवा शक्ति के पास शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान जरुरी है और यह कार्य आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम,केंद्र-राज्य विश्वविद्यालय आदि कर सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व समागम- 2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुये श्री योगी ने कहा कि शिक्षण संस्थान युवाओं को शिक्षित तो बना दे रहे हैं, डिग्री व सर्टिफिकेट दे रहे हैं पर जब छात्र उच्च शिक्षण संस्थान से बाहर आता है तो उसके पास ज्ञान नहीं होता कि अब क्या करना है। यह कार्यक्रम उस भटकाव से दूर करने का माध्यम है। उसके चरित्र व सर्वांगीण विकास के लिए मंथन करें। केवल शिक्षित ही नहीं, बल्कि उसे ज्ञानवान भी बनाना है। वह व्यावहारिक ज्ञान से परिपूर्ण हो। जब वह शिक्षण संस्थान से निकले तो भारत के ऐसे नागरिक के रूप में खुद को जाने जो आत्मविश्वास से भरपूर हो। जीवन के जिस भी क्षेत्र में जो जिम्मेदारी दी जाए, वह आत्मविश्वास के साथ उसे चुनौती के रूप में स्वीकार कर लक्ष्य तक पहुंचाने में अपना योगदान दे सके। यह कार्य उच्च शिक्षण संस्थान से जुड़े आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम, केंद्र-राज्य विश्वविद्यालय आदि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के गौरव को पुनर्स्थापित करने के लिए शिक्षण संस्थानों के पास फिर से अवसर है। यदि हमने दायित्वों को समझ लिया तो कोई ताकत 2047 तक भारत को विकसित बनने से नहीं रोक सकती। जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा तो हमें कैसा भारत चाहिए। उस भारत के लिए हमारे स्तर पर क्या योगदान हो रहा है। विकसित भारत की परिकल्पना साकार करने के लिए हर भारतवासी के स्तर पर क्या भूमिका होनी चाहिए। यह केवल देश के नेतृत्व का ही नहीं, बल्कि राज्यों, जनपदों, गांवों, व्यक्ति व शिक्षण संस्थानों का भी कार्य है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जो व्यक्ति जहां भी सेवा प्रदान कर रहा है। यदि अपने दायित्वों को सही ढंग से समझ सके तो 2047 में दुनिया की कोई ताकत भारत को विकसित देश के रूप में स्थापित करने में रोक नहीं सकती। श्री योगी ने कहा कि लखनऊ में यह आयोजन भारत की उस प्राचीन परंपरा का स्मरण कराता है, जिसे सदियों पूर्व यहां से 70 किमी. दूर नैमिषारण्य में 88 हजार ऋषियों ने मंथन के माध्यम से भारत की वैदिक परंपरा को लिपिबद्ध करने का कार्य किया था। वहीं से स्वर फूटे थे कि आ नो भद्रा ऋतवो यन्तु विश्वतः... यानी ज्ञान प्राप्त करने के लिए सभी दिशाओं को खुला रखना चाहिए। एक बार फिर से इसकी शुरुआत देश के हृदय स्थल उत्तर प्रदेश में इस कार्यक्रम से होने जा रही है।

इसे हम विभिन्न ग्रंथों के माध्यम से देख रहे हैं। जब संसाधन नहीं थे तो 88 हजार ऋषियों ने कई वर्ष रहकर मंथन से जो अमृत निकाला, वह भारत का अमर ज्ञान है। हमारे पास वैदिक ज्ञान का जो भरपूर भंडार है, जो मानवता को आज भी नई राह दिखा सकता है। वह हमारे पास धरोहर के रूप में है। उस धरोहर को किस रूप में बढ़ा सकते हैं, इस पर हमें तैयार होना होगा।

नेहरू एंक्लेव में 2011 से नहीं बनी रेजिडेंट वेलफेयर एसो.

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने लखनऊ की वीआईपी कॉलोनी नेहरू एनक्लेव को वीआईपी कालोनी बनाया लेकिन यहां के फ्लैट स्वामी अपने का ठगा महसूस कर रहे है। फ्लैटों के रखरखाव के साथ कॉलोनी का विकास कार्य भी नहीं हो रहा है। फ्लैट स्वामियों का कहना है कि सेना का विवाद है। नेहरू एंक्लेव पूरी तरह से नगर निगम को हैंडओवर न होने का इसका खामियाजा वहां के निवासी भुगत रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या नेहरू एनक्लेव की अवैध कब्जेदारों की है। उनके नाम लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा फ्लैट एलॉट नहीं किए गए हैं। उसके बावजूद भी वह सालों से रह रहे हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण अवैध कब्जेदारों से फ्लैटों को खाली नहीं नहीं करवा पा रहा है। ऐसा लगता है कि अवैध कब्जेदारों कुछ अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। कुछ लोगों ने कूटनीतिक तरीके से पूर्व में पंजीकृत सोसायटी नेहरू एंक्लेव रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन पर डिप्टी रजिस्ट्रार लोकेश श्रीवास्तव के साथ मिलकर कब्जा करने की कोशिश की। जिसको वहां के निवासियों ने असफल कर दिया। नेहरू एंक्लेव के निवासियों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र देकर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के गठन कराने का अनुरोध किया। इस आदेश के क्रम में लखनऊ विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने नई कार्यकारिणी के गठन के के निर्देश के साथ ही अपार्टमेंट एक्ट के तहतए 1000 एंट्री फी स लेने के आदेश दिए हैं। यहां यह भी ज्ञातव्य हो कि पूर्व में पंजीकृत सोसायटी को डिप्टी रजिस्ट्रार के द्वारा कालातीत भी कर दिया गया है और इस समय रजिस्ट्रार कार्यालय में कोई भी प्रबंधन समिति पंजीकृत नहीं है। निवासियों की मांग है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण हमारा बिल्डर है और अपायेंटमेंट एक्ट के तहत रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का प्रथम बार गठन करना बिल्डर की जिम्मेदारी है। इसलिए लखनऊ विकास प्राधिकरण को नेहरू एंक्लेव रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव करवाना चाहिए।

संस्कृत नाटक धूर्तसमागमः का हुआ मंचन

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। संस्कृत भाषा में रंगनाद द्वारा धूर्तसमागमः का मंचन गुरूवार को संगीत नाटक अकादमी स्थित बाल्मीकि प्रेक्षागृह में किया गया। ज्योतिरिश्वर ठाकुर लिखित नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन देवाशीष मिश्र ने किया था। नाटक की कथावस्तु में दर्शाया गया है कि विश्वनगर नामक एक साधु और स्नातक नामक उनके शिष्य के बीच विवाद धूर्तसमागम का मूल विषय है। यह तय न तर पाने पर कि गुरू और शिष्य मे कौन अनंगसेना को अपना बनाएगा वे असज्जाति मिश्र न्यायाधीश के समक्ष न्याय के लिए जाते है लकिन वहां असज्जाति स्वयं अनंगसेनाके प्रति आकर्षित हो जाता है। और उस पर अधिकार जताता है। नाटक में सूत्रधाार(शिखर श्रीवास्तव)नटी (रिचा सिंह) विश्वनगर (अश्वनी श्रीवास्तव)स्नातक (सुमित श्रीवास्तव)मृतागार (प्रखर द्विवेदी) सूरत प्रिया (सुयशी मिश्रा) अनंग सेना (भावना गुप्ता)असज्जाति मिश्र (योगेन्द्र पाल) विदूषक बुंधंवचंक (सांगर)मूल नाशक नाई (संदीप देव) का अभिनय सराहनीय रहा।

किसान सम्मान निधि जल्द लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित होगी : सीएस

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त जल्द ही भारत सरकार द्वारा लाभार्थियों के खाते में सीधे हंस्तांतरित की जायेगी। पात्र लाभार्थियों की ई.केवाईसी लैंड सीडिंग और आधार सीडिंग का कार्य पूरा कराने के लिए 12 से 21 फ रवरी 2024 तक 10 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को अभियान के दौरान पात्र लाभार्थियों की अवशेष प्रक्रियाओं को पूरा कराने के निर्देश दिये। ताकि उन्हें किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सके। इसके अलावा अभियान के दौरान योजना के स्वप्जीकृत आवेदनों का भी शत.प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये। उन्होंने कहा कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 5 जनपदों, विलेज नोडल ऑफि स, विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर को भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। जिन जनपदों में 90 प्रतिशत से अधिक ई.केवाईसी का कार्य पूर्ण हो चुका है। बैठक में बताया गया कि राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति, अर्ह आंगनबाड़ी सहायिका के आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के रूप में चयन की कार्यवाही तथा ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा.निर्देश अधिकारियों को दिये गये।

बच्चों को कैंसर से डरने की जरूरत नहीं : मुख्य सचिव

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय बाल्यावस्था कैंसर दिवस के अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान एवं कैन किड्स किड्स कैन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित मेगा साइकिल रैली में प्रतिभाग किया। उन्होंने लोहिया संस्थान से 1090 चौराहे तक साइकिल चलाकर आम नागरिकों को जागरुक किया। 1090 चौराहे पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुये मुख्य सचिव ने कहा कि बाल्यावस्था के कैंसर का इलाज संभव है इसलिये बच्चों को कैंसर से डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि कैंसर रोगियों और बच्चों के मन और दिल से बीमारी के भय को दूर करना होगा। बच्चों में जैसे ही कैंसर का लक्षण पता चले घबराये नहीं सबसे पहले अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श लें। इस तरह बच्चा कैंसर पर जीत हासिल कर सकता है। रैली में लगभग 800 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर सचिव स्वास्थ्य चिकित्सा पवन सिंह, डीजीएमई श्रीमती किंजल सिंह, कैनकिड्स किड्सकैन की अध्यक्ष श्रीमती पूनम बगई संस्थान के डाक्टर्स कैंसर पीड़ित बच्चे व उनके परिवार के सदस्य तथा अन्य गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे।

जीबीसी की तैयारियों में कोई कमी न रहे : दुर्गाशंकर

लखनऊ । मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने 19 फ रवरी को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 की तैयारियों का जायजा आयोजन स्थल का भ्रमण कर लिया और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि तैयारियों में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिये। उन्होंने इनॉग्रल हॉल, एग्जीबिशन हैंगर, मीडिया सेण्टर, पार्किंग व्यवस्था व सौन्दर्यीकरण कार्यों को बारीकी से देखा और कार्यों को तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिये। इस अवसर मण्डलायुक्त लखनऊ डॉ. रौशन जैकब, पुलिस कमिश्नर लखनऊ एसबी शिरोडकर, सीईओ इनवेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

नहर में लाश की अफवाह से पुलिस हलकान

भरुआ, सुमेरपुर। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया था कि पंप केनाल की नहर में एक शव पड़ा है। ऊपर से चारपाई डाल दी गई है। शव से बदबू आ रही है। सूचना पाकर पत्योरा पुलिस चौकी इंचार्ज विजय बहादुर पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और पुलिस चौकी के सिपाहियों के साथ ग्रामीणों को लेकर माइनर में कांबिंग की। करीब पांच घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस को माइनर में एक जगह चारपाई नजर आई। चारपाई को हटवाकर देखा गया तो किसी जंगली जानवर का शव चारपाई के नीचे पड़ा था। पानी में शव पड़ा होने के कारण वह बुरी तरह से गल गया था और उससे बदबू आ रही थी। जानवर का शव होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली और अफवाह का पटाक्षेप करके वापस बैरंग लौट आई। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने अफवाह फैला दी थी की नहर में लाश पड़ी है। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि यह शव नहीं बल्कि किसी आवारा जानवर का शव था।

अध्यक्ष की फटकार, उर्वरक धनराशि जमा

भरुआ, सुमेरपुर। इंगोहटा सहकारी समिति के गोदाम में 129 बोरी डीएपी, यूरिया, एनपीके गायब हो गई थी। इसका खुलासा फरवरी माह में समिति के बोर्ड की बैठक में हिसाब मिलान के दौरान हुआ था। समिति के अध्यक्ष शिवशंकर लाल गुप्ता ने तीन दिन में गायब खाद की धनराशि 95550 रुपए जमा करने का निर्देश दिए थे। समयावधि गुजरने के बाद जब धनराशि नहीं जमा हुई तब अध्यक्ष ने सचिव को कड़ी फटकार लगाई थी। अध्यक्ष की फटकार के बाद सचिव ने 13 फरवरी को धनराशि जमा करके बैंक रसीद मुहैय्या कराई है। साथ ही दोषी समिति के कर्मी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की है।

अखिलेश जालौन को जोगिंदर झांसी ने पटका

भरुआ, सुमेरपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी पर दो दिन का विशाल दंगल आयोजित किया गया। दंगल के आखिरी दिन दो दर्जन पहलवानों के मध्य जोरदार मुकाबले हुए। इनमें अखिलेश जालौन को जोगेंद्र झांसी ने जोरदार पटखनी दी। योगेश कानपुर ने भूरा इटावा को हराया। मेघराज मसगांव ने महेंद्र सीढी इटारा को हराया। आकाश एटा को भूरा नजरपुर ने पटखनी दी। भूटिया अलीगढ़ को आकाश नजरपुर ने हराया। फरमान अलीगढ़ एवं रवि हाथरस का मुकाबला बराबरी पर छूट गया। इसी तरह धर्मेश मसगांव, उपेंद्र बड़ागांव की कुश्ती बराबरी पर छूट गई। अभिषेक पंधरी, गोपाल सिंह तिलसरस, गोविंद खरौंज, किशनपाल औरैया की कुश्तियां बराबरी पर संपन्न हुई। सबसे रोचक कुश्ती सचिन एटा एवं शनि खन्ना पंजाब के मध्य हुई। 20 मिनट की कुश्ती में बाद में शनि खन्ना ने चोट लग जाने के कारण लड़ने से इनकार कर दिया। इस मौके पर दंगल के आयोजक जयप्रकाश उर्फ बब्बू दीक्षित, विहिप के जिलाध्यक्ष रामदत्त पांडे, डॉक्टर इमामुद्दीन, सूर्यपाल सिंह, कैलाश द्विवेदी, कुंजबिहारी पांडे, पंकज तिवारी, डॉक्टर नरेश शर्मा, श्यामबाबू पांडे आदि रहे।

सदर विधायक ने बांटे स्मार्टफोन

भरुआ, सुमेरपुर। राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक डा मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्र छात्राओं को इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस देकर उनके शिक्षा में सहयोग कर रही है। इस स्मार्टफोन का उपयोग विभिन्न विषयों को डाउनलोड करके पढ़ा और याद किया जा सकता है। उन्होंने इसके गलत उपयोग पर भी हिदायत देते हुए छात्रों छात्राओं को सचेत किया। इस मौके पर फाइनल ईयर के 62 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डा बृजेंद्र कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संयोजक नरेंद्र देव चौधरी, डा एसपी गुप्ता, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के लोकसभा प्रभारी मुनीर खान, मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह,जिला मंत्री संतराम गुप्ता, श्याम धुरिया, अशोक सिंह, आशीष गुप्ता सहित विद्यालय परिवार व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

सभासदों ने विधायक से की शिकायत

भरुआ, सुमेरपुर। नगर पंचायत के सभासद रामकिशोर सैनी, राधे शुक्ला, अनीस बाल्मीकि, दीपक शर्मा, राजू गुप्ता आदि ने सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति के जनता दरबार में शिकायत दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे की शह पर नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी कुलकमल सिंह अध्यक्ष के प्लाटिंग वाली जगह पर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं जबकि वार्डों में तमाम समस्याएं हैं। सदर विधायक ने नगर पंचायत के प्रभारी अधिकारी न्यायिक नागेंद्र नाथ को अवगत कराकर जांच करने को कहा है। साथ ही अधिशाषी अधिकारी से निर्माणाधीन कार्यों के अभिलेख तलब किए हैं। नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी कुलकमल सिंह ने आरोपो को निराधार बताते हुए कहा कि विकास कार्य जरूरत वाली जगह पर कराए जा रहे हैं और सभासदों के प्रस्तावों को ही स्वीकृत दी गई है।

शक्ति वंदन अभियान के तहत हुई कार्यशाला

कानपुर। कार्यक्रम में ग्रामीण जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मीरा भदौरिया, पूर्व विधायक घाटमपुर उपेंद्र पासवान ने कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। इसके उपरांत उपेंद्र पासवान का उद्बोधन सभी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का समापन करते हुए जिलाध्यक्ष दिनेश कुशवाहा ने बताया कि आज नारी सशक्तिकरण का साहसिक कार्य यदि किसी सरकार में संभव हुआ है तो वह मोदी योगी की सरकार में संभव हुआ है। आने वाली हर चुनौती का सामना करने के लिए हमारी बहने आगे बढ़कर खड़ी है। आज आवास योजना हो या गैस योजना हो सभी योजना में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि आज मोदी सरकार में ही एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति के पद पर आसीन करने का कार्य किसी ने किया है तो वह मोदी सरकार ने किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बिधनू मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चंदेल, जिला मंत्री अनिरुद्ध, जिला मंत्री समरजीत सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सपना, स्वयं सहायता समूह की प्रमुख रामश्री, जयवीर पाल, कृष्णकान्त सविता, प्रकाश सिंह उपस्थित रहे।

जिला जज ने प्रचार वाहन किया रवाना

उन्नाव। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिये जनपद न्यायालय परिसर, उन्नाव से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आम जन-मानस में प्रचार- प्रसार के लिये प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

चोरों ने घर से लाखों का माल किया साफ

कानपुर। महाराजपुर थानाक्षेत्र के महोली गांव में एक घर को निशाना बनाया। लोग देर रात खाना खाने के बाद वह लोग सो गए थे, सुबह चार बजे के करीब जब उठकर देखा तो कमरे और अलमारी का ताला टूटा मिला। जब अंदर जाकर देखा गया तो चोर नकदी जेवरात समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर गए थे। पुलिस मामलें की जांच कर रही है।

बीवी ने खाई भांग, पैग लड़ाए, फिर डबल मर्डर

चकेरी में मां-बेटी की हत्या में आरोपी के खुलासे से पुलिस भी रह गई हक्का-बक्का

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। पत्नी और बेटी की हत्या करने के बाद आत्महत्या के प्रयास के मामले में अर्जुन ने जुर्म कबूल कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने पत्नी व बेटी का अंतिम संस्कार किया।

मैं वो अभागा हूं जो न तो अपनी पत्नी-बेटी के साथ खुशी से जी पाया और न ही साथ मर पाया। पत्नी की मर्जी से उसकी और बेटी की हत्या करने का फैसला किया। दोनों को इन्हीं हाथों से मार डाला लेकिन ये हाथ मेरी ही जान नहीं ले सके। मैं बच गया। इतना कहते हुए पोस्टमार्टम हाउस में पत्नी निशा और बेटी आशनी का पोस्टमार्टम कराने आया अर्जुन सिर पकड़कर रोने लगा। अर्जुन ने बताया कि रविवार रात दोनों ने पहले शराब पी, फिर भांग खाई। इसके बाद वह पत्नी का गला दुपट्टे से कस रहा था कि पत्नी ने पहले बेटी को मारने को कहा। बेटी को मारने के बाद पत्नी का गला घोट दिया और उसके बाद पंखे से उसी दुपट्टे का फंदा बनाकर जान देने की कोशिश की लेकिन दुपट्टा फट गया। फिर चाकू से हाथ पैर की नसें काट लीं लेकिन वह नहीं मरा।

निशा और आशनी का पोस्टमार्टम डॉक्टरों ने वीडियो फोटोग्राफी के बीच किया। पीएम रिपोर्ट के अनुसार निशा की मौत दुपट्टे जैसे किसी कपड़े से गला घोंटे जाने से होने की बात सामने आई है। जबकि आशनी को जहर देने की आशंका के चलते उसका विसरा सुरक्षित कर विस्तृत जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस हिरासत में अर्जुन ने बताया कि उसने पत्नी के कहने पर पहले रात में ही भांग और शराब का सेवन किया। दोनों लोगों ने भांग खाई और बेटी को जहरीला पदार्थ दिया। चूंकि वह मेडिकल लाइन में पहले रहा था इसलिए उसे पता था कि कितना जहर बेटी के शरीर में काम करेगा। बाद में पत्नी का गला घोंट उसने खुद की जान लेने का प्रयास किया।

> अर्जुन ने बताया कि उसने निशा से लव मैरिज की थी। निशा से पहली बार वह लखनऊ में मिला था, रिश्तेदारी में होने की वजह से दोनों के परिवार वाले शादी को तैयार नहीं थे लेकिन दोनों ने ही पारिवारिक एतराज को दरकिनार कर शादी कर ली। जांच में अर्जुन ने बताया है कि उसने घर बेचने की कोशिश भी की लेकिन उसका घर नहीं बिका। पारिवारिक एतराज की वजह से ही वह परिवार से अलग रहता था। परिवार रेल बाजार में रहता था जबकि वह चकेरी में रह रहा था

'टीडीएस' कटौती में अलर्ट रहे केडीए स्टाफः इनकम टैक्स कमिश्नर

● 'स्पष्ट आवाज' ने प्रकाशित किया था न्यू कानपुर सिटी का मुद्दा

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। आयकर (टीडीएस) विभाग द्वारा केडीए स्थित अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षाग्रह में आयकर टीडीएस टीसीएस से सम्बन्धित कार्यशाला जिलाधिकारी एवं उपाध्यक्ष कानपुर विकास प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

मुख्य अतिथि आयकर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता व उप आयकर आयुक्त दीपक यादव व आयकर विभाग के अन्य अधिकारियों के द्वारा विभिन्न आयकर टीडीएस प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुये विशिष्ट रूप से प्राधिकरण के कार्यकलापों मे आयकर एवं टीडीएस के कटौती की आवश्यकता, दायित्व तथा प्रक्रियाओं पर अद्यतन नियमों, परिनियमों की पॉवर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह

द्वारा समस्त कानपुर विकास प्राधिकरण कर्मचारियों को सम्बोधित किया गया व आयकर के प्राविधानों की जानकारी होने तथा आयकर कटौतियों के नियमों के अनुपालन पर सावधानी पूर्वक कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। आयकर आयुक्त व उप आयुक्त द्वारा प्राधिकरण के अधिकारियों कर्मचारियों की समस्याओं के सम्बन्ध में समाधान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राधिकरण के चार्टर्ड एकाउन्टैण्ट दुर्गेश सिंह द्वारा किया गया।

'नाजायज' इश्क में प्रेमी ने दे दी जान

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। बिठूर में लापता पेंटर का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने के बाद उसकी प्रेमिका ने जहरीला पदार्थ खा लिया। प्रेमिका की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। आपको बता दें कि बुधवार सुबह से ही चौबेपुर के भवानीपुर गांव में रहने वाले सलमान का शव बिठूर के रामनगर में रेलवे ट्रैक किनारे मिला था। बताया जा रहा है कि सलमान अपने से दोगुनी उम्र की महिला से एकतरफा प्यार में पागल था। वह महिला को मिलने के लिए बुला रहा था, प्रेमिका के मना करने पर युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, इस मामले में सलमान के परिजनों ने महिला और उसके परिवारीजनों पर हत्या का शव फेंकने के आरोप लगाए हैं। बहरहाल, जैसे ही सलमान की मौत की जानकारी महिला को हुई तो उसने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। महिला के जहर खाने की जानकारी मिलने के बाद एसीपी बिल्हौर और चौबेपुर पुलिस भी जांच करने पहुंची। यहां पर पूछताछ में महिला ने खुद के शादीशुदा होने की जानकारी देते हुए बताया कि उसकी एक पुत्री भी है। सलमान की उम्र 24 साल थी जबकि उसकी उम्र 43 साल है। महिला का कहना है कि बुआ होने के नाते सलमान हमेशा मजाक करता रहता था, आरोप है कि इस दौरान सलमान ने उसकी बातों को रिकॉर्ड कर लिया और ब्लैकमेल करने लगा। मिलने से मना करने पर कॉल रिकॉर्डिंग को उसके पति के पास भेजने की धमकी भी देता था। बुधवार को भी उसने महिला को मिलने के लिए बुलाया था, न आने पर सुसाइड की धमकी भी दी थी। महिला का कहना है कि सुबह जब उसका शव रेलवे ट्रैक किनारे मिला तो वह घबरा गई और जहरीला पदार्थ खा लिया।

...स्टाइल इज द शैडो ऑफ पर्सनालिटी

दंगा नियंत्रण रिहर्सल में सीपी अखिल कुमार ने दिया 'गुरुमंत्र'

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाने के उद्देश्य से चौकी गुरूदेव थाना-रावतपुर को दंगा नियंत्रण का मुख्य केन्द्र बनाया गया एवं सम्पूर्ण रावतपुर क्षेत्र को तीन जोनों व तीन सेक्टर में विभक्त किया गया। प्रत्येक जोन के प्रभारी/नोडल अधिकारी के रूप में पुलिस उपायुक्त स्तर व सेक्टर के प्रभारी के रूप में अपर पुलिस उपायुक्त स्तर के अधिकारी नियुक्त किए गए।

कानून व्यवस्था एवं जनता में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध विपिन कुमार मिश्र, पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल, अपर पुलिस उपायुक्त अभिसूचना राजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल संतोष कुमार मीना, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध मनीष चन्द्र सोनकर, एसीपी कर्नलगंज, एसीपी स्वरूपनगर, एसीपी सीसामऊ मय पुलिस फोर्स के द्वारा दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराते हुए संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण/पैदल गश्त करते हुए फ्लैग मार्च किया गया एवं जनता में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ किया गया।

सीपी ने किया माननीयों संग 'मंथन'

● क्राइम कंट्रोल, ट्रैफिक सुधार पर हुई चर्चा

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को और सुदृढ करने के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में गोष्ठी आहूत की गयी। गोष्ठी में सम्मिलित अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर, अपर पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय श्री विपिन कुमार मिश्रा, सभी जोनों के पुलिस उपायुक्त व अपर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं कमिश्नरेट कानपुर नगर क्षेत्र के निर्वाचित सांसद सत्यदेव पचौरी, विधायक महेश त्रिवेदी, विधायक सुरेन्द्र मैथानी, विधायक अमिताभ बाजपेई व विधायक हसन रुमी के साथ कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ करने हेतु सार्थक विचार विमर्श किया गया एवं प्राप्त सुझावों पर शीघ्र कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन हेतु सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

'फुटबॉल' बन गए जुही के बाशिंदे!

जल निगम, मेट्रो के बीच फंसी डेमेज वाटर लाइन

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। मैट्रो द्वारा लगातार सीवर और पेयजल लाइनों को क्षतिग्रस्त किए जाने से उत्पन्न जनसमस्याओं को लेकर पूर्व पार्षद सुनील कनौजिया व पार्षद शालू कनौजिया ने जलनिगम के अधिशासी अभियंता विशाल सिंह से मुलाकात की थी जिस पर आज पूर्व पार्षद सुनील कनौजिया जलनिगम के सहायक अभियंता राहुल तिवारी, जलनिगम के अवर अभियंता, यूपी एम आर सी के अधिकारी ने जुही पर मेट्रो द्वारा पेयजल व सीवर लाइनों को क्षतिग्रस्त पाया और जिसकी वजह से जुही के बड़े हिस्से लगभग बीस हजार लोगों को पानी नहीं उपलब्ध हो पा रहा है, कही कही पेयजल लाइन के अंदर ही मैट्रो ने विद्युत लाइन डालकर लाइन क्षतिग्रस्त कर दी और कहीं कहीं पुरानी चलती सीवर के सीवर चैम्बर पर कोई लाइन दी जिसकी वजह से सीवर का जलभराव है। जलनिगम ने तीन दिन के अंदर क्षतिग्रस्त लाइनों को सही कराने को कहा है, जलनिगम के सहायक अभियंता राहुल तिवारी ने कहा कि समस्या निवारण न होने पर एफ आई आर कराने को विभाग बाध्य होगा ।

हवा में लहराई पिस्टल, धांय-धांय

महिला द्वारा हर्ष फायरिंग का वीडियो बना चर्चा



कानपुर (स्पष्ट आवाज)। 'हम राजपूतों का संस्कार भी एक हिस्सा है, पर अगर हमारा स्वाभिमान आड़े आए तो हम संहार करने का भी सामर्थ्य रखते है...' इस डॉयलाग के साथ शिप्रा राजौरिया नाम की महिला की फेसबुक आईडी से सोशल मीडिया पर एक रील पोस्ट की गई, जो गुरुवार को सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई। वायरल वीडियो में समारोह में शामिल होने आई महिला के हाथ में पिस्टल है।

महिला एक गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी हुई है, पीछे एक पुरुष खड़ा है जो महिला को पिस्टल चलाने की जानकारी दे रहा है। इसके बाद महिला एक के बाद एक पांच राउंड पिस्टल से हवाई फायरिंग करती नजर आ रही है। महिला के आसपास लोगों की भीड़ जमा है, जो फायरिंग का वीडियो बना रहे है। दावा किया जा रहा है कि वायरल वीडियो बर्रा थानाक्षेत्र के एक गेस्ट हाउस का है। साथ ही महिला सिविल लाइंस इलाके की निवासी बताई जा रही है। हालांकि स्पष्ट आवाज समाचार पत्र इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बर्रा थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि वायरल वीडियों संज्ञान में आया है। थानाक्षेत्र स्थित गेस्ट हाउस संचालकों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए कूच की तैयारी

कानपुर से जाएंगे 221 प्रतिनिधि, 17 फरवरी को अधिवेशन

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। कल दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए शहर से 221 प्रतिनिधि दिल्ली जाएंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि लोकसभा विस्तारक, नगर पंचायत व जिला पंचायत के अध्यक्ष, मोर्चा, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक क्षेत्र की महामंत्री (मुख्यालय प्रभारी) लोकसभा कलस्टर प्रभारी को शामिल होना अनिवार्य होगा। भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक की।

उन्होंने कहा कि सूचीबद्ध नेता 16 फरवरी को दिल्ली राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए रवाना होंगे। सूचीबद्ध नेताओं में कौन पहुंचा और कौन नहीं, इसकी भी मॉनिटरिंग की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि देश में तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में राजग की प्रचंड बहुमत की सरकार बने, इसका भी शंखनाद राष्ट्रीय परिषद की बैठक से किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, अनिता गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नहीं रहे अमरजीत सिंह जनसेवक

कानपुर। पूर्वमंत्री अमरजीत सिंह जनसेवक का यहां एसजीपीजीआई लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। वह काफी लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनकी अंत्येष्टि शुक्रवार को उनके पैतृक गांव आदमपुर बिंदकी में पूर्वान्ह की जाएगी। भाजपा की राजनीति में उन्हें संतोष शुक्ला लाए थे। कल्याण सिंह सरकार की बर्खास्तगी के बाद 1993 में सपा-बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था। जनसेवक फिर भाजपा की टिकट पर मैदान में आए और चुनाव जीत गए। इसके बाद का चुनाव हारे पर 2002 में वह फिर जीते और प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री बनाए गए। 2017 में लोकदल व फिर 2019 में भाजपा में शामिल हो गए।

जल्द शिफ्ट होगी रामादेवी सब्जीमंडी

ब्यूटीफिकेशन वर्क का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन द्वारा जोन 2 के अंतर्गत रामादेवी चौराहे के सौंदर्यी करण एवं सुंदरीकरण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अनिरुद्ध कुमार जोनल अधिकारी, दिवाकर भास्कर जोनल अभियंता एवं यातायात के पुलिस अधिकारी गण उपस्थित रहे। रामादेवी चौराहे पर चौराहे का चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण का कार्य के निरीक्षण के दौरान उक्त स्थल पर अस्थाई सब्जी मंडी को जेएम पैलेस रूमा के समीप बनाई गई सब्जी मंडी हेतु स्थल पर स्थानांतरित किए जाने हेतु जोनल अधिकारी जॉन दो को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जाम की समस्या से मुक्ति हेतु रामादेवी ओवर ब्रिज के नीचे से चौराहे से हरजिंदर नगर की ओर वैकल्पिक स्थलों को तलाशने के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा दिए गए।

सपा में है युवाओं का सम्मानः हर्ष गंगवार

फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)। समाजवादी पार्टी के प्रति निष्ठा व लगन शीलता रखने वाले युवा हर्ष गंगवार को पार्टी ने छात्र सभा का जिलाध्यक्ष बनाया है। यह जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाह द्वारा उन्हें दी गई। छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार ने फतेहगढ़ स्थित डीएन डिग्री कॉलेज में पहुँच कर लौहपुरुष सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इस दौरान कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सौरभ कटियार नव नियुक्त प्रदेश सचिव मंदीप यादव,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष आनन्द यादव समेत डिग्री कॉलेज के तमाम छात्र एवम् पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। छात्र इकाई के अध्यक्ष हर्ष गंगवार ने कहा कि वह फर्रुखाबाद जनपद में छात्रों को ज्यादा से ज्यादा पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी हैं जो छात्रों की समस्याओं को लेकर संघर्षरत है। किसी भी छात्र का कॉलेज प्रशासन द्वारा जाति धर्म के नाम पर उत्पीड़न नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर छात्र-छात्राओं से मिलकर समाजवादी विचारधारा का प्रचार प्रसार किया जाएगा। अधिक से अधिक छात्रों युवाओं को डा. लोहिया और मुलायम सिंह की विचारधारा से जोड़ा जाएगा।

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या - 68/मु0अभि0/2023-24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्तवपूर्ण एवं आवश्यक कार्यों हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ई-निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :- 24 दिनांक 01.03.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यों का पृथक-पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता

नगर निगम कानपुर

पत्रांक : 375, दिनांक : 15.02.2024

शर्मनाक हार से बचने के लिए सोनिया गांधी ने रायबरेली छोड़ा: अजय अग्रवाल

● राष्ट्रीय स्तर परभाजपा लोकसभा की 400 से अधिक सीटें जीतेगी

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)2014 में रायबरेली से सोनिया गांधी के विरुद्ध भाजपा से चुनाव लड़े भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने गुरुवार को रायबरेली में एक बयान में कहा कि पूरे देश की और खासकर रायबरेली की नब्ज़ को भांपते हुए रायबरेली से पांच बार सांसद रहीं सोनिया गांधी द्वारा रायबरेली सीट को छोड़कर राजस्थान से राज्यसभा में जाने का जो निर्णय लिया गया है, वह एकदम सही है । यदि अबकी बार वह रायबरेली से चुनाव लड़तीं तो उनकी बेहद शर्मनाक पराजय होती। इसी रायबरेली ने पहले उनके ससुर फिरोज गांधी, फिर उनकी सास इंदिरा गांधी तथा फिर उन्हें पांच बार सांसद बनाया। परंतु रायबरेली आज भी पिछड़ा का पिछड़ा है।

रायबरेली के विकास तथा यहां की जनता की खुशहाली के लिए सोनिया गांधी ने कुछ नहीं किया और हमने रायबरेली क्षेत्र की जनता से वायदा किया है कि रायबरेली का विकास हम नोएडा की भांति करेंगे। पिछले 5 वर्षों में सोनिया गांधी ने एक बार भी रायबरेली का रुख नहीं किया है और इन सब के चलते कांग्रेस पार्टी की रायबरेली में बेहद शर्मनाक हार होनी निश्चित है।

वर्तमान में एक तो पूरा देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सैकड़ों की संख्या में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं तथा पांच सौ वर्षों के संघर्ष के उपरान्त अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण तथा फिर 22 जनवरी को रामलला की अलौकिक प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार के सक्रिय सहयोग के उपरांत हर व्यक्ति के मन में राष्ट्रभक्ति का भाव जगा है और इस बार राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा लोकसभा की 400 से अधिक सीटें प्राप्त करने जा रही है ।

उत्तर प्रदेश में 80 में 80 सीटें भाजपा को प्राप्त होंगी। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में 80 में 80 का नारा उन्होंने ही 7 जनवरी को रायबरेली के सारस होटल में पत्रकारों से उनके एक प्रश्न कि रायबरेली में इस बार क्या होगा% के जवाब में दिया था।

उन्होंने ही कहा था कि भाजपा इस बार सौ फीसदी उत्तर प्रदेश में 80 में 80 सीट जीतेगी और 80 में रायबरेली तो शामिल ही है द्य और आज उत्तर प्रदेश में 80 में 80 का नारा पूरे उत्तर प्रदेश में भाजपा का नारा बन गया है। स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र का जो बहाना सोनिया गांधी ने अपने द्वारा रायबरेली वासियों को संबोधित पत्र में दिया है, उसमें कोई दम नहीं है और यह एकदम झूठ है।

ठीक तो यह होता कि स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते वह राजनीति से पूरी तरह संन्यास ले लेती, परंतु सरकारी बंगला तथा अन्य सरकारी सुविधाओं के लालच में उन्होंने राजस्थान से राज्यसभा में जाने का जो निर्णय लिया है, उससे पूरी कांग्रेस पार्टी का लालची चरित्र उजागर हो गया है।

रैपुरवामाफी में विकास कार्यों में धांधली

चित्रकूट। कर्वी ब्लाक के रैपुरवा माफी में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है। गुरुवार को सरकार धन के बंदरबांट का खुलासा हुआ है। बताया गया कि मनरेगा से कराये कार्यो में धांधली की गई है। ग्राम निधि से कराये कार्यों में भी धांधली है। इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण, नाली निर्माण व विद्यालयों के कायाकल्प में मानकविहीन कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाट हुआ है। मेडबंदी व समतलीकरण में फर्जीवाडा हुआ है। प्राथमिक विद्यालय हरिजन पुरवा में कायाकल्प से कराये कार्यों में धांधली हुई है। सोकपिट गड्ढा निर्माण में लापरवाही बरती है। सोकपिट गड्ढे में ढक्कन नहीं लगवाये। इससे अनहोनी हो सकती है। विकास कार्यों में प्रधान-सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन की लूट हुई है।

संक्षिप्त आवाज

समावेशी शिक्षा से संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

परशदेपुर,रायबरेली । (स्पष्ट आवाज) छतोह ब्लॉक संसाधन केंद्र में गुरुवार दिनांक 15 फरवरी 2024 से 20 फरवरी 2024 तक समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अन्तर्गत जनपद के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण हेतु नामित नोडल शिक्षक के लिए समावेशी शिक्षा से संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। जिसमें 72 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रथम बैच में 40 शिक्षकों को प्रशिक्षण अवधेश बहादुर सिंह,ऋक्क,महेश कुमार मोदनवाल विशेष शिक्षक, चंद्रप्रकाश विशेष शिक्षक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। गुरुवार प्रथम दिवस दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा, समता मूलक और समावेशी शिक्षा की मान्यताएं, परिचर्चा तथा व्याख्यान के माध्यम से समझ विकसित करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 में प्रावधान के तहत विस्तार विषय में चर्चा की गई। प्रशिक्षण में विनोद यादव, पंकज दीक्षित, राम सुमेर, राकेश कुमार, कृष्ण कुमार, जमीला बेगम, नसीम अहमद,जीनत बानो, बृजेश कुमार शर्मा, राकेश सोनकर जायसी, कर्ण बहादुर यादव सहित 40 नोडल शिक्षकों प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इजराइल जाने के इच्छुक श्रमिक श्रम कार्यालय से करें सम्पर्क

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी ने बताया कि 23 से 30 जनवरी 2024 के मध्य आई0 टी0 आई0 अलीगंज लखनऊ में इजराइल जाने हेतु इच्छुक श्रमिकों का दक्षता परीक्षण आयोजित किया गया था। परीक्षण में चयनित श्रमिकों की सूची श्रम विभाग कार्यालय छावनी चौराहा बहराइच में उपलब्ध करा दी गयी है। दक्षता परीक्षण में प्रतिभाग करने वाले श्रमिक अपने पहचान पत्र के साथ 2 दिवस में श्रम कार्यालय में संपर्क कर अपना परिणाम ज्ञात कर लें जिससे चयनित श्रमिकों का मेडिकल टेस्ट एवं पुलिस वेरिफिकेशन एवं अन्य कार्यावाही तत्काल पूर्ण कराई जा सके। श्री मोदियानी ने बताया कि इसके अतिरिक्त ऐसे अन्य श्रमिक जो इजराइल जाने के इच्छुक हैं, एवं जिन्होंने पूर्व में श्रम विभाग में इजराइल जाने के सम्बन्ध में पंजीकरण नहीं कराया है वे अपने पहचान पत्र के साथ श्रम कार्यालय में तत्काल सम्पर्क कर फरवरी माह के अंत में आई0 टी0 आई0 अलीगंज लखनऊ में आयोजित होने वाले द्वितीय दक्षता परीक्षण में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सके। पूर्व में दक्षता परीक्षण दे चुके श्रमिकों को किसी भी दशा में पुनः अवसर नहीं दिया जाएगा।

9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत

बलरामपुर। 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले, धारा 138 पराक्रम लिखित अधिनियम वाद आदि (लम्बित एवं प्री-लिटिगेशन मामले) के साथ आवश्यकतानुरूप सभी सुलह योग्य आपराधिक वादो, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर मामले, पारिवारिक वादो, स्टाम्प वादो, उपभोक्ता फोरम वादों, राजस्व वादों चकबन्दी वादो, श्रम मामलों, माध्यस्था प्रकरणों, नगरपालिका/नगर निगम टैक्स वसूली मामलों आदि को पक्षकारों की सहमति से लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य बाद, नगर निगम/नगर पालिका के अन्तर्गत चालान विकास प्राधिकरण, के अन्तर्गत चालान मेडबन्दी एवं दाखिल खारिज सम्बन्धी प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मनरेगा प्रकरण, शिक्षा का अधिकार सम्बन्धी प्रकरण, राशन कार्ड/बीपीएल कार्ड/जाति एवं आय प्रमाण पत्र से सम्बन्धित प्रकरण, एवं अन्य प्रकार के वादों/प्रकरणों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर तथा अर्थदण्ड अधिरोपित करके किया जायेगा। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दी गयी।

रोजगार मुहैया कराने के लिए 9 विकास खंडों में होंगे रोजगार मेला

बलरामपुर। डीएम अरविन्द सिंह के निर्देशानुसार दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत द्वितीय चरण में पुनः जनपद के सभी 09 विकास खण्डों में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। विकास खण्ड पर आयोजित मेले में 10 से अधिक नियोक्ता कम्पनियां 1800 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही है, जिसमें आईटीआई, कौशल विकास मिशन व जिला सेवायोजन के अलावा 08वीं पास, 10वीं पास, ग्रेजएट तथा पोस्ट ग्रेजुएट युवक/युवतियों के लिए रोजगार सृजन का सुनहरा अवसर है। यह जानकारी जिला समन्वयक, उप्र, कौशल विकास मिशन, डीपीएमयू, बलरामपुर द्वारा दी गयी। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला 16 से 26 फरवरी तक जनपद के 09 विकास खण्ड मुख्यालय पर आयोजित किया जायेगा। जिसमें रेहराबाजार 16 फरवरी, गैण्डास बुजुर्ग 17 फरवरी, उतरौल 19 फरवरी, श्रीदत्तगंज 20 फरवरी, हरैंयासतघरवा 21 फरवरी, पचपेड़वा 22 फरवरी, गैंसड़ी 23 फरवरी, तुलसीपुर 24 फरवरी और बलरामपुर 26 फरवरी को आयोजित होंगें।

बसंत पंचमी पर हुआ सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। शहर स्थित अग्रसेन परिसर गुलबीर मंदिर में वसन्त पंचमी के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच द्वारा कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराया गया। जिसके मुख्य अतिथि डा अनिल केडिया अध्यक्ष, अग्रवाल सभा बहराइच व नेहा अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष मारवाड़ी युवा मंच रहे। सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में 5 जोड़ो का चयन कार्यक्रम संयोजक अंकित अग्रवाल, अंशुल गर्ग, कृतेष अग्रवाल, मधुर अग्रवाल द्वारा सामूहिक विवाह के नियम के अनुसार सर्वे करके किया गया था। सभी वधुओं का पार्लर द्वारा तैयार करवाया गया और सभी वर वधु के परिवारजनों को भी निमंत्रण पत्र भेज कर आमन्त्रित किया गया। अग्रवाल समाज के सभी संरक्षक भी आयोजन में शामिल हुए। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष शंकर अग्रवाल ने बताया की सभी जोड़ो का कन्या दान भी समाज के श्री मुकेश अग्रवाल जी , श्रीमती मीना केडिया जी, श्री चंडीप्रसाद जगनानी जी,श्रीमती उमा अग्रवाल जी, श्री अंशुल गर्ग जी द्वारा 5 वधू का कन्यादान कर विवाह के भागी बने। सचिव नीरज अग्रवाल जी ने बताया की सभी 5 जोड़ो को मंच भाइयों द्वारा अनेक उपहार रूप में जरूरत की सारी वस्तु दी गई। कोषाध्यक्ष अमन अग्रवाल जी द्वारा बताया गया की सभी आए बारातियों का स्वागत बेंट बाजा के साथ धूम धाम से किया गया और सभी बारातियों और आए हुए अतिथियो का जलपान की पूरी व्यवस्था मंच द्वारा की गई थी।

सीएचसी हुजूरपुर के निरीक्षण में अव्यवस्थाओं पर बिफरी डीएम

● बाधित हुआ प्रभारी सीएमओ का वेतन, औषधि वितरण काउण्टर, औषधि कक्ष, ओटीपी एवं वार्डो का किया सघन निरीक्षण

बहराइच (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आकांक्षी विकास खण्ड हुजूरपुर में चिरैय्याटांड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सकों व पैरा मेडिकल स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, भवन व परिसर की साफ-सफाई, कोल्ड चेन, पेयजल एवं प्रसाधन की व्यवस्था, प्रसव कक्ष, टेबिनशियन कक्ष सहित औषधि वितरण काउण्टर, औषधि कक्ष, ओटीपी एवं वार्डो इत्यादि का सघन निरीक्षण किया तथा अभिलेखों का अवलोकन कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति से भी रूबरू हुई।

अभिलेखों के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि जननी सुरक्षा योजना अन्तर्गत लाभार्थियों एवं आशा का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा है। कारण पूछे जाने पर बीसीपीएम एवं ब्लाक एकाउण्ट मैनेजर बगले झांकने पर मजबूर हो गये। जिलाधिकारी ने इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए अग्रिम आदेशों तक प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी, बीसीपीएम एवं ब्लाक एकाउण्ट मैनेजर का वेतन बाधित किये जाने का निर्देश देते हुए इस बात की सख्त ताकीद की कि शीघ्र से शीघ्र आशा व लाभार्थियों को भुगतान कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य केन्द्र के भवन, परिसर, वार्डो इत्यादि की साफ-सफाई संतोषजनक न पाये जाने पर भी डीएम ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए सफाई कर्मियों के बिलों को सत्यापित करने वाले कर्मचारी का वेतन भी अग्रिम आदेशों तक बाधित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पाया कि स्वास्थ्य केन्द्र पर सीबीसी व यूरीन एनिलाइज़र उपलब्ध होने के बावजूद उसे अब तक स्थापित नहीं किया जा सका है जिससे सम्बन्धित रोगी चिकित्सकीय उपकरणों के लाभ प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं। डीएम ने प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी व प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध सभी उपकरणों को क्रियाशील रख कर उन्हें जनोपयोग में लाया जाय। वार्डो के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बेड शीट को भी समय से नहीं बदला जा रहा है इस स्थिति पर भी डीएम ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिम्मेदार का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। सीएचसी के निरीक्षण के दौरान डीएम ने वीडीओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से क्षेत्र में सीएचओ की उपस्थिति का भी सत्यापन किया। डीएम मोनिका रानी ने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहते हुए निर्देश दिया कि चिकित्सालय पर आने वाले सभी मरीज़ों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जायें।

श्रेष्ठ संस्कार ही सुखी जीवन के आधार होते हैं : सरिता गुप्ता

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) श्रेष्ठ संस्कार ही सुखी जीवन के आधार होते हैं।सभी विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ गुरुजनों को छात्रों के संस्कारों पर भी ध्यान देना चाहिए।संस्कारवान छात्र ही राष्ट्र के भविष्य निर्माता होंगे।जिस देश की युवा पीढ़ियां संस्कारवान एवं चरित्रवान होती हैं, उस देश का भविष्य उज्जवल होता है।उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिरों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी विशेष ध्यान दिया जाता है,जो अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

उक्त उद्गार नगर पंचायत अध्यक्ष लालगंज सरिता गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर शीतला देवी सरस्वती विद्या मंदिर विष्णुखेड़ा में व्यक्त किये।उन्होंने विद्यालय परिवार को विश्वास दिलाते हुए यह भी कहा कि मैं आजीवन संरक्षिका के रूप में विद्यालय सृजन में सहायक बनी रहूंगी।मैं जिस योग्य हूं, हमेशा विद्यालय विकास में मदद करती रहूंगी।उन्होंने अपने सम्मान हेतु विद्यालय परिवार को हृदय से साधुवाद एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।युवा समाजसेवी नेता दीपेंद्र गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षक धरती के देवता माने जाते हैं।ज्ञान की ज्योति जलाना उनके जीवन का लक्ष्य रहा है।आज बच्चों के कार्यक्रम देखकर मैं अभिभूत हूँ।श्री गुप्ता ने कहा कि हम सब हमेशा विद्यालय निर्माण में सहायक रहेंगे।सम्मान हेतु मैं हृदय की गहराइयों से विद्यालय के यशस्वी प्रबंधक प्रदीप मिश्रा एवं उनके परिवार के साथ-साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त

शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।इसके पूर्व सम्मान समारोह की कड़ी में कार्यक्रम की संयोजक आकांक्षा उर्फ नेहा मिश्रा ने मुख्य अतिथि सरिता गुप्ता का माल्यार्पण एवं उत्तरी समर्पित कर विद्यालय परिवार की ओर से भावपूर्ण अभिनंदन एवं सम्मान किया। विद्यालय परिवार ने अध्यक्ष संत रवि शंकर पांडेय,पूर्व प्रधानाचार्य हरिद्वार सिंह एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों का माल्यार्पण कर उत्तरी समर्पित करते हुए सम्मानित किया।इसके पूर्व मां सरस्वती के हवन पूजन के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अनेक मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।उपस्थित जनसमुदाय ने भाव विभोर होकर कार्यक्रम का आनंद लिया एवं सराहना किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य हरिद्वार सिंह ने अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए।अध्यक्षता महान संत एवं पूर्व शिक्षक रविशंकर पांडेय जी ने किया।कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पत्रकार डॉ अशोक त्रिवेदी ने किया।अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामबाबू सैनी एवं कार्यक्रम की संयोजक आकांक्षा मिश्रा एवं कौशिक मिश्रा ने संयुक्त रूप से सभी आगंतुकों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता एवं आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर कार्तिकेय मिश्रा,डॉ अभिषेक त्रिवेदी,आशीष त्रिवेदी,कमलेश मिश्रा,सुशील मिश्रा,विनोद तिवारी, आशुतोष उर्फ चंदन सिंह विद्यालय की शिक्षिका ईशा सिंह,अक्षिता मिश्रा,अनीता शिक्षक अवधेश पाल अर्पित त्रिवेदी नितिन निर्मल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिक्षक छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

पूर्व सांसद ने सीएम को लिखा पत्रः सभी बम फटते तो होता बड़ा हादसा

चित्रकूट। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कहा कि चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में पर्यटन विभाग बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव जिला प्रशासन के सहयोग से करा रहा था। आतिशबाजी बाहर से मंगाई गई थी। बस्ती के बीच बने कालेज में आतिशबाजी का कोई औचित्य नहीं था। गुरुवार को पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने सूबे के मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि सीआईसी में बम विस्फोट से चार मासूम बच्चों की मृत्यु हो गई है। भीषण धमाके से बच्चे उछलकर बीस फुट ऊंची छत तक पहुंच गये थे। जमीन पर चार फुट गहरे गड्ढे हो गये हैं। इस तरह के भीषण बम लगाये गये थे। सभी बम फट जाते तो पता नहीं कितनी जानें चली जातीं।

वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह हुआ संपन्न

खीरों, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) विकास क्षेत्र के शिवपुरी में स्थित विद्यालय राम कुमारी विद्या मंदिर में वार्षिक उत्सव और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया। उसके बाद विद्यालय के बच्चों के द्वारा सरस्वती भारत वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।इसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने कई विधाओं पर अपनी रचनाएं पढ़ीं।जिसका श्रोताओं ने आनन्द लिया और तालियों की गड़गड़ाहट से सदन गूंज उठा। दोपहर बाद विद्यालय के बच्चों के द्वारा सती सावित्री सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव आदि कई नाटक, एकांकी और भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया।सत्यवान और सती सावित्री के अभिनय ने समां

बांध दिया ।कुछ समय के लिए पूरा सदन रोने पर विवश हो गया।बच्चों के सुंदर अभिनय को लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मध्य वरिष्ठ जनों सेना,पुलिस,बैंक और शिक्षा के साथ विभिन्न विभागों से सेवानिवृत लोगों का सम्मान अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।सम्मान के क्रम में ही विद्यालय परिवार से जुड़े पूर्व छात्रों, पूर्व आचार्य, विशिष्ट सेवा और बेहतर रोजगार तथा सामाजिक सरोकार में सेवा देने वाले विद्यालय के मेधावियों का भी सम्मान किया गया।कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों की सुंदर प्रस्तुति देखकर उपस्थित अभिभावक महिलाओं और क्षेत्रीय जन भाव विभोर हो गए।कार्यक्रम के समापन की बेला पर विद्यालय के संस्थापक राम किशोर सिंह व प्रधानाचार्य गोविंद कृष्ण त्रिवेदी ने सभी उपस्थित जनों का आभार ज्ञापन किया।

कथा व्यास ने भागवत कथा में श्री कृष्ण सुदामा चरित्र का क्या वर्णन

महाराजगंज, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) कस्बे के एक लान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें एवं अंतिम दिन कथा व्यास पंडित मुरली मनोहर शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण लीला रासलीला मथुरा गमन दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंस वध, कुबजा उद्धार, सुदामा चरित्र जैसे विविध प्रसंगों का उनके द्वारा वर्णन किया गया। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो उठे । भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम असीम प्रेम के अलावा विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में व्याप्त अत्याचार अनाचार कटुता व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए लोगों को उनके द्वारा प्रेरित किया गया। उन्होंने सुदामा चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए। यह भगवान श्री कृष्णा और सुदामा की मित्रता से सीख जा सकता है। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने बाल सखा श्री कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे ।सुदामा बिना चरण पादुका के लोगों से पूछते पूछते द्वारकाधीश के महलों के समीप पहुंचे ।जहां द्वारपालों द्वारा उन्हें भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया गया। तब उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण उनके बाल सखा हैं और यह बात भगवान श्री कृष्ण को पता चली तो वह सुदामा का नाम सुनते ही नंगे पांव दौड़ते हुए चले आए और सुदामा को देखते ही भगवान ने उन्हें सीने से लगा लिया और महल में ले जाकर सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया। जैसे अनेक प्रसंगों का वर्णन श्री शास्त्री द्वारा उपस्थित श्रोताओं के सम्मुख वर्णित किया गया। इस मौके पर यजमान ओमप्रकाश वैश्य, शोभनाथ वैश्य, प्रेमू वैश्य,प्रदीप चौरसिया, प्रवीण त्रिपाठी, हेमंत सिंह, रण विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

डीएम और एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का भ्रमण

महोबा (स्पष्ट आवाज)। जनपद में आगामी 17 और 18 फरवरी को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत गुरुवार को जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु सम्बन्धित केन्द्र प्रभारियों से वार्ता कर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी गाइड्?लाइन्? से अवगत कराते हुए परीक्षार्थियों को प्रदान की जाने विभिन्न भौतिक सुविधाओं को समय से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से रेलवे स्टेशन पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा स्टेशन प्रबंधक से वार्ता कर ट्रेनों के आगमन, प्रस्थान की समय सारणी व ट्रेनों के रुट चार्ट के बारे में जानकारी प्राप्त कर ट्रेनों को समय पर संचालन कराते हुये परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधायें मुहैया कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे सहित थाना कोतवाली नगर व थाना जीआरपी पुलिस के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता जोन-8
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक: 631/ई0ई0-8/2023-24
दिनांक: 15-02-2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 23.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता जोन–8 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 23.02.2024 को अधिशासी अभियन्ता जोन–8 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 23.02.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन–8 के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जोन–8 के अन्तर्गत ख्वाजाग्राम सीवरेज पम्पिंग स्टेशन के 300 एम0एम0 डाया एम0एस0 पाईप, स्टार्टर पैनल एवं सीवरेज पम्प के स्लूस वाल्व की मरम्मत इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 5,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 300.00

अधिशासी अभियन्ता जोन-8
जलकल विभाग,
नगर निगम, लखनऊ

53 दिन बाद खोदी गई दफन लाश, परिजनों को हत्या का संदेह

नसीराबाद,रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) परिजनों द्वारा हत्या का संदेह व्यक्त करते हुए अभियोग पंजीकृत कराने और पोस्टमार्टम कराने के अनुरोध पर जिलाधिकारी रायबरेली के आदेश का पालन करते हुए 53 दिन बाद दफन लाश खुदवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई। नसीराबाद थाना क्षेत्र के गांव बभनपुर निवासी राम शंकर शर्मा पुत्र मीही लाल शर्मा कुछ समय से पीरागढ़ी दिल्ली स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। 20 दिसंबर 2023 की रात में वहीं उसकी मृत्यु हो गई। उसी दिन उसने साथ में रह रही पत्नी सुमित्रा को गांव जाने के लिए बस पर बैठाया था। पड़ोसियों द्वारा सूचना पाकर दिल्ली में ही दूर रह रहे मृतक के बेटे और पत्नी वहां पहुंचे और लाश को गांव लाकर मट्टन नाले के किनारे दफन कर दिया। इसके पहले परिजनों ने दिल्ली पुलिस, नसीराबाद पुलिस को पोस्ट मार्टम न कराने का लिखित अनुरोध किया था, मृत्यु को संदिग्ध मानते हुए थाना नांगलोई, जिला नॉर्थ वेस्ट, नई दिल्ली में मुकदमा दर्ज करवा दिया। घटनास्थल थाना मियांवाली नगर, पश्चिम बिहार दिल्ली में होने के कारण विवेचना वहां भेज दी गई।मृतक की पत्नी के अनुरोध पर डीएम रायबरेली के आदेश के अनुपालन में गुरुवार को नायब तहसीलदार अंकुर यादव, थानाध्यक्ष राम लखन पटेल, परैया चौकी प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर वीडियोग्राफी कराते हुए शव निकलवाया और पोस्ट मार्टम के लिए भेजा।

सीएमओ ने किया हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का निरीक्षण

बलरामपुर। बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने विकासखंड श्रीदत्तगंज के अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर गुमड़ी, पटियालाग्रंट, कालिंजरग्रंट तथा महदेइया का निरीक्षण किया। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर गुमड़ी तथा कालिंजर ग्रंथ बंद पाया गया। वहां पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रशांत सिंह, शारदा भारती, एएनएम संजू देवी तथा खुशबू मिश्रा अनुपस्थित थीं। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पटियालाग्रंट खुला हुआ था, वहां पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी महेशपाल मरीजों को देख रहे थे, वहां तैनात एएनएम लक्ष्मी श्रीवास्तव अनुपस्थित थी। महेश पाल ने बताया कि आज कुल 15 मरीजों को देखा गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महादेव का भी निरीक्षण किया गया। सभी स्वास्थ्य कर्मी तथा चिकित्सक उपस्थित थे। महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ मंजू गुप्ता ने बताया कि आज कल 65 मरीजों को देखा गया है तथा चार मरीजों का टीबी की जांच किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने अनुपस्थित सभी कर्मियों का अनुपस्थित अवधि

का वेतन रोकने का निर्देश वहां पर उपस्थित अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्री दत्त गंज डॉ मनीष कुमार श्रीवास्तव को दिया। निरीक्षण के समय जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक आशुतोष शुक्ला, नेत्र परीक्षण अधिकारी सर्वेश सिंह आदि उपस्थित थे।

नकारा नेतृत्व ने ले ली चार मासूमों की जान

चित्रकूट। बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव स्थल पर बैरीकेटिंग की गई थी, किन्तु सुरक्षा कर्मी नहीं थे। कोई भी व्यक्ति कार्यक्रम स्थल में अन्दर तक बेरोक-टोक जाता देखा गया। कोई पूंछताछ करने वाला नहीं था। बुन्देलखण्ड महोत्सव की प्रिंटेड जर्सी पहने दो दर्जन लोग खडे थे, जो बाहरी थे- केवल दिखावे को खडे थे। पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव बुधवार को सवेरे से घटना के समय तक नहीं थे। घटना बाद मौके पर पहुंचे थे। कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस भी नहीं थी। कार्य स्थल पर कालेज प्रशासन के साथ कोई बैठक नहीं हुई। बुधवार को सवेरे से कार्यक्रम की श्रृंखला शुरु हो जाती थी, कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं रहते थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम दौरान मंगलवार को दर्शकों ने जमकर हूटिंग की थी।

नामदार को नहीं कामदार को चुनेगी रायबरेली की जनताः राघवेंद्र सिंह

● रायबरेली लोकसभा क्षेत्रवासियों की समस्याओं की सुध नहीं ली

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) रायबरेली सांसद सोनिया गांधी द्वारा भेजे गए पत्र के बाद पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता राघवेंद्र सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी का पत्र पढ़कर आज समस्त रायबरेली लोकसभा क्षेत्रवासियों को किंचित भी आश्चर्य नहीं हुआ,क्योंकि सच वह भी जानती हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि पिछले पांच सालों में वह एक बार भी अपने लोकसभा क्षेत्र नहीं आई ,लेकिन इस दौरान उन्होंने कई देश-विदेश के दौरे किये। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी

रायबरेली लोकसभा क्षेत्रवासियों की समस्याओं की सुध नहीं ली। केवल एक आफिस खोलकर दो लोगों को बिठाकर उन्होंने केवल खानापूर्ति की।

सोनिया गांधी ने कोई भी विकास के नए कार्य की पहल नहीं की और न ही उन्होंने सांसद निधि का उपयोग किया। यहां तक कि उन्होंने सदन में एक प्रश्न तक नहीं पूछा। भाजपा नेता राघवेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने दरअसल, अपने लोकसभा क्षेत्र में एक बार भी न जाकर, लोकतंत्र का अपमान किया है।

सच वह भी जानती हैं, वह स्वास्थ्य के कारणों से नहीं बल्कि हार के कारण रायबरेली छोंड़ रही हैं। उन्हें यह भी यह समझ आ गया है कि इस बार रायबरेली क्षेत्रवासी नामदार को नहीं बल्कि कामदार का समर्थन करेंगे। मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार ने रायबरेली क्षेत्र के लोगों का जीवन बदला है। आवास, गैस सिलेंडर, रोजगार, सुरक्षा, बिजली पानी आदि बुनियादी सुविधाओं से वर्षो तक वंचित लोग आज मोदी-योगी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में सुविधाएं पाकर न केवल खुश हैं ,बल्कि वह भी मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प के भागीदार बने हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि सोनिया गांधी अगर एक बार लोगों के बीच जमीन में जाकर उनसे बात करेंगी तो उन्हें ज्ञात होगा कि रायबरेली लोकसभा वासी ही नहीं बल्कि समस्त देशवासियों ने नामदारों के बहकावे में आना छोड़ दिया है। देश कामदार के साथ खड़ा है और आगे बढ़ने को निकल पड़ा है।

सोनिया गांधी रायबरेली क्षेत्रवासियों को अपना परिवार कहती हैं, लेकिन पिछले पांच वर्षों में एक बार भी अपने परिवार से मिलने नहीं आयीं। जबकि इस दौरान वह अपने खुद के परिवार संग गोवा और कश्मीर में हॉलीडे मनाने जाती रहीं ? यानि उनके पास हॉलिडे के लिए समय रहा लेकिन रायबरेली के लिये नहीं।

कार्यालय-नगर पंचायत छितौनी, जनपद-कुशीनगर

पत्रांक : 450 (02)/न.पं. छितौनी/2023-24 **दिनांक - 09.02.2024**

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना संख्या - 04/2023-24

नगर पंचायत छितौनी में ''मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना (CM-NSY)'' के संस्तुतियों के अधीन स्वीकृत धनराशि से जनहित में निम्न निर्माण कार्य के लिए पंजीकृत /फर्मों से ई-निविदा दिनांक 10.02.2024 से दिनांक 17.02.2024 को अपरान्ह 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 4:30 बजे खोली जाएगी। निविदा की समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर की जायेगी।

टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)

क्र. सं.	नगर पंचायत छितौनी		प्रारम्भ तिथि एवं समय	अंतिम तिथि एवं समय
1	Tender Release		10/02/2024 04:00 PM	
2		Tender Download	10/02/2024 04:00 PM	17/02/2024 05:00 PM
3		Bid submis-sion	10/02/2024 04:00 PM	17/02/2024 05:00 PM
4	Tender Opening		19/02/2024 04:30 PM	

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत छितौनी
जनपद-कुशीनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत छितौनी
जनपद-कुशीनगर

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली

पत्रांकः 247/W-04/07 दिनांकः- 12.02.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

उ.प्र. जल निगम की अनुमति से अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधोलिखित विवरण के अनुसार कार्यो हेतु ''निविदा'' आंमत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु निविदा की बिड **दिनांक 27.02.2024** को **अपरान्ह 15:00 बजे** खोली जायेगी। ''निविदा'' प्रपत्र **दिनांक 17.02.2024** से **दिनांक 26.02.2024** के मध्य खण्ड कार्यालय से क्रय किया जा सकता है। ''निविदा'' प्रपत्र का मूल्य **रू. 3540.00** जीएसटी सहित है।

Pkg No.	Name of Work	Earnest Money Deposit (In Rs.)	Time of completion	Tender Fee (In Rs.)
1	2	3	4	5
1.	Supply and Installation of India Mark Hand Pump complete with Boring and allied works at Block-Lalganj, Sareni, Khiron and Sataon, District- Raebareli. (Qty-13 Nos)	12000.00	02 months including trial and run period. Operation and maintenance period will be 01 years after handing over to Gram Panchayat	3000.00+ 18% GST (Non refundable) (3000+540 =3540)
2.	Supply and Installation of India Mark Hand Pump complete with Boring and allied works at Block-harchandpur, Sadar, Rahi, Amawan, Shivgarh, Maharajganj, and Bacharawan, District- Raebareli. (Qty-13 Nos)	12000.00	02 months including trial and run period. Operation and maintenance period will be 01 years after handing over to Gram Panchayat	3000.00+ 18% GST (Non refundable) (3000+540 =3540)

निविदाए आफलाईन ही स्वीकार की जायेगी, जिसके लिए निविदादाता को ''निविदा'' प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करनी होगी।

अधीशासी अभियन्ता

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024
विक्रम संवत 2080, माघ मास, सप्तमी (शुक्ल पक्ष)

जो लोग जानते हैं, वह करते हैं। वो लोग जो समझते हैं, वह दूसरों को सिखवाते हैं। - अरस्तु

किसान फिर सड़क पर

किसान संगठन दिल्ली चलो अभियान पर निकल पड़े हैं। इससे 2020 का नजारा फिर से सामने आ खड़ा हुआ है। तब आंदोलन से निपटने के सरकारी उपाय किसानों का हौसला तोडने में नाकाम रहे थे। क्या इस बार सरकार सफल होगी?

किसान संगठनों की मांगों का ना सिर्फ वर्तमान सत्ताधारी पार्टी, बल्कि आज की पूरी पॉलिटकल इकॉनमी के साथ तीखा अंतर्विरोध है। इसलिए इसमें कोई हैरत की बात नहीं कि चंडीगढ़ में तीन केंद्रीय मंत्रियों की टीम के साथ इन संगठनों की बातचीत नाकाम हो गई। दोनों पक्षों में सहमति सिर्फ तभी बन सकती है, जब उनमें से कोई अपने बुनियादी प्रस्थान बिंदु से हटने को तैयार हो। सरकार तो संभवतः तब तक ऐसा नहीं करेगी, जब तक किसान अपने आंदोलन को इतना बड़ा ना बना दें, जिसका असर सत्ताधारी दल की चुनावी संभावनाओं पर महसूस होने लगे। दूसरी तरफ सरकार की मौजूदा नीतियों से किसान और कृषि अर्थव्यवस्था जिस तरह बदहाल हो रहे हैं, उसके बीच इन संगठनों के पास भी लंबी लड़ाई लडने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा है। यही कारण है कि लगभग दो साल के अंतराल के बाद फिर एक बड़े किसान आंदोलन की शुरुआत हो गई है। कई किसान संगठन मंगलवार को अपने दिल्ली चलो अभियान पर निकल पड़े हैं। इसके तहत हजारों किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर दिल्ली आने की तैयारी में हैं। इस बीच 16 फरवरी को किसान संगठन देश भर में ग्रामीण बंद का आयोजन करेंगे। उस रोज ट्रेड यूनियनें भी उनकी इस लड़ाई में शामिल होंगी। दस ट्रेड यूनियनों ने उस दिन हड़ताल पर जाने का एलान किया है। इस बीच दिल्ली प्रशासन ने किसानों को दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए कई उपाय किए हैं। दिल्ली की सभी सीमाओं पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती गई है। सड़कों पर सीमेंट के बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले उपकरणों को लगा दिया गया है। दिल्ली में एक महीने के लिए धारा 144 लागू कर दी गई है, जिसके तहत किसी भी तरह का विरोध प्रदर्शन, जुलूस या यात्रा निकलना प्रतिबंधित कर दिया गया है। हरियाणा सरकार ने अलग से ऐसे उपाय किए हैं, जिससे किसानों को दिल्ली पहुंचने के पहले ही रोक दिया जाए। यानी 2020 का नजारा फिर से सामने आ खड़ा हुआ है। लेकिन तब ऐसे उपाय किसानों का हौसला तोडने में नाकाम रहे थे।

किसान संगठनों की मांगों का ना सिर्फ वर्तमान सत्ताधारी पार्टी, बल्कि आज की पूरी पॉलिटकल इकॉनमी के साथ तीखा अंतर्विरोध है। इसलिए इसमें कोई हैरत की बात नहीं कि चंडीगढ़ में तीन केंद्रीय मंत्रियों की टीम के साथ इन संगठनों की बातचीत नाकाम हो गई। दोनों पक्षों में सहमति सिर्फ तभी बन सकती है, जब उनमें से कोई अपने बुनियादी प्रस्थान बिंदु से हटने को तैयार हो। सरकार तो संभवतः तब तक ऐसा नहीं करेगी, जब तक किसान अपने आंदोलन को इतना बड़ा ना बना दें, जिसका असर सत्ताधारी दल की चुनावी संभावनाओं पर महसूस होने लगे।

आज का इतिहास

भारतीय एवं विश्व इतिहास में 16 फ़रवरी की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है।
1745-मराठा सामाज्य के चौथे थोरले माधवराव पेशवा का जन्म।
1822-भारत विद्या से संबंधित विषयों के प्रख्यात विद्वान राजेन्द्रलाल मित्रा का जन्म।
1914-लॉस एंजिलिस और सैन फ्रांसिस्को के बीच पहले विमान ने उड़ान भरी।
1918-लुथियाना ने खुद को स्वतंत्र घोषित किया।
1931-भारतीय हिंदी लेखक, आलोचक, कवि तथा गद्यकार विश्वनाथ त्रिपाठी का जन्म।
1944-भारत के प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता-निर्देशक एवं पटकथा लेखक दादा साहब फाल्के का निधन।
1959-राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो ने फुलगेनसियो बतिस्ता को अपदस्थ करने के बाद क्यूबा की सत्ता संभाली।
1969-मिर्जा गालिब की 100वीं पुण्यतिथि पर डाक टिकट जारी किया गया।
1978-भारतीय क्रिकेटर वसीम जाफर का जन्म।
1982-कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में पहली बार जवाहरलाल नेहरू इंटरनेशनल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।
1986-मेरिओ सोरेस पुर्तग़ाल के प्रथम असैनिक राष्ट्रपति निर्वाचित।
1987-पनडुब्बी से पनडुब्बी पर मार करने की क्षमता वाले मिसाइल को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

एक राष्ट्र एक चुनाव बड़ा विचार-बड़ा सुधार

मुकुंद

देश में गंभीर तार्किक एवं अन्य चुनौतियों के बावजूद लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का विचार दशकों से चर्चा के केंद्र में है। इसका मकसद भारतीय चुनाव चक्र की अनावश्यक पुनरावृत्ति को रोकना है। हालांकि वर्ष 1967 तक एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा के तहत देश में चुनाव हुए हैं, लेकिन कार्यकाल समाप्त होने से पहले राज्यों की विधानसभा और लोकसभा के बार-बार भंग होने के कारण यह सिलसिला थम गया। इसके बावजूद लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों मसलन आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम के विधानसभा चुनाव अभी भी साथ होते हैं। आज एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा कुछ कारणों से अपरिहार्य हो गई है। केंद्र सरकार कुछ समय पहले इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन कर चुकी है। यह समिति इस संबंध में व्यापक मंथन कर रही है। इस अवधारणा पर अगस्त 2018 में जारी विधि आयोग की एक मसौदा रिपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण है। इस रिपोर्ट के अनुसार, एक राष्ट्र एक चुनाव के अभ्यास से सार्वजनिक धन की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर पड़ने वाले तनाव को कम किया जा सकेगा। इससे सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन संभव होगा। चुनाव प्रचार के बजाय विकास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न प्रशासनिक सुधार किए जा सकेंगे। यहां यह

केंद्र सरकार कुछ समय पहले इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन कर चुकी है। यह समिति इस संबंध में व्यापक मंथन कर रही है। इस अवधारणा पर अगस्त 2018 में जारी विधि आयोग की एक मसौदा रिपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण है। इस रिपोर्ट के अनुसार, एक राष्ट्र एक चुनाव के अभ्यास से सार्वजनिक धन की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर पड़ने वाले तनाव को कम किया जा सकेगा।

महत्वपूर्ण है कि संविधान के अनुच्छेद 83(2) और अनुच्छेद 172 में कहा गया है कि लोकसभा और राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल पांच वर्ष का होगा।

इसमें जरूरी यह है कि यदि इन्हें पहले भंग न किया जाए। मगर अनुच्छेद 356 के तहत ऐसी परिस्थितियां भी उत्पन्न हो सकती हैं जिसमें विधानसभाएं पहले भी भंग की जा सकती हैं। इसलिए कार्यकाल पूरा होने से पहले केंद्र अथवा राज्य सरकार के गिरने की स्थिति में इस योजना की व्यवहार्यता सबसे अहम प्रश्न है। चुनाव विशेषज्ञ मानते हैं कि इस बदलाव के लिए संविधान में संशोधन करने से न केवल विभिन्न स्थितियों और प्रावधानों पर व्यापक तौर पर विचार करने की आवश्यकता होगी, बल्कि ऐसे बदलाव भविष्य में किसी प्रकार के संवैधानिक संशोधनों के लिए एक मिसाल भी साबित हो सकते हैं। कुछ विशेषज्ञ कहते हैं कि बार-बार होने वाले चुनाव के वर्तमान स्वरूप को लोकतंत्र में अधिक लाभकारी के तौर पर देखा जा सकता है, क्योंकि यह मतदाताओं की आवाज को बुलंद करता है। केंद्र और राज्यों के मुद्दे अलग-अलग होते हैं। इसलिए वर्तमान ढांचा अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करता है। माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव के लिए लगभग 30 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर-वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनों की आवश्यकता होगी। भारत निर्वाचन आयोग वर्ष 2015 में सरकार को एक व्यवहार्यता रिपोर्ट सौंप चुका है। इसमें संविधान और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन का सुझाव दिया जा चुका है। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि एक साथ चुनाव कराने के लिए पर्याप्त बजट की आवश्यकता होगी। यही नहीं, 15 वर्ष बाद मशीनों को बदलने की अतिरिक्त लागत के साथ ईवीएम और वीवीपीएटी की खरीद के लिए लगभग 9,284.15 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। मशीनों की भंडारण लागत में भी वृद्धि होगी। इस अवधारणा पर कुछ राजनीतिक दलों का तर्क है कि यह मतदाताओं के व्यवहार को इस तरह से प्रभावित कर सकता है कि मतदाता राज्य चुनाव के लिए भी राष्ट्रीय मुद्दों को केंद्र में रखकर मतदान करेंगे। इससे बड़े राष्ट्रीय दल, राज्य विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनाव में जीत हासिल कर सकते हैं और इस तरह क्षेत्रीय दलों के हाशिये पर चले जाने की संभावना बढ़ जाएगी। यहां यह जानना जरूरी है कि कई देशों में इसी अवधारणा के तहत चुनाव होते हैं। दक्षिण अफ्रीका में राष्ट्रीय और प्रांतों की विधानसभा के चुनाव पांच साल के लिए एक साथ होते हैं। स्वीडन में राष्ट्रीय विधायिका और प्रांतीय विधायिका और स्थानीय निकाय चुनाव चार साल के लिए एक निश्चित तिथि यानी सितंबर के दूसरे रविवार को होते हैं। लेकिन अधिकांश अन्य बड़े लोकतांत्रिक देशों में एक साथ चुनाव की ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। ब्रिटेन में ब्रिटिश संसद और उसके कार्यकाल को स्थिरता प्रदान करने के लिए निश्चित अवधि संसद अधिनियम, 2011 पारित किया गया था। इसमें प्रावधान था कि पहला चुनाव सात मई, 2015 को और उसके बाद हर पांचवें वर्ष मई के पहले गुरुवार को होगा। देश में एक राष्ट्र एक चुनाव वक्त की फौरी जरूरत है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों को कम से कम इस मुद्दे पर विचार-विमर्श में सहयोग करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार तो अपना धर्म निभा चुकी है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने विचार-विमर्श शुरू कर दिया है। कोविन्द और समिति के सदस्यों एनके सिंह, डॉ. सुभाष कश्यप और संजय कोठारी ने कल (14 फरवरी, 2024) देश के कुछ प्रमुख अर्थशास्त्रियों से मुलाकात कर विचार-विमर्श किया। 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एनके सिंह और आईएमएफ के सिस्टमिक डिवीजन इश्यूज की प्रमुख डॉ. प्राची मिश्रा ने मेक्रोइकोनॉमिक्स इम्पैक्ट ऑफ हार्मोनाइजिंग इलेक्ट्रोरल साइकल्स शीर्षक से तैयार एक पेपर कुछ अरसा पहले इस समिति के समक्ष प्रस्तुत किया था। इसमें कहा गया है कि खर्चों के अलावा, दोहराए जाने वाले खर्चों के व्यापक आर्थिक प्रभाव भी होते हैं।

कोटा से कैसे मिटेगा आत्महत्याओं का कलंक?

रमेश सर्राफ धमोरा

कोटा में एक बार फिर कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ का रहने वाला स्टूडेंट शुभकुमार चौधरी (16) ने सोमवार रात फंदे पर लटककर जान दे दी। डीएसपी भवानी सिंह ने बताया कि स्टूडेंट 12वीं में पढ़ाई करता था। सोमवार रात जेईई की रिजल्ट आया। सुबह उसने पैरेंट्स का फोन नहीं उठाया तब वार्डन को कॉल किया। वार्डन ने गेट को धक्का देकर खोला तो स्टूडेंट पंखे पर लटका हुआ था। इस साल कोटा में सुसाइड का यह चौथा मामला है। दो फरवरी को गोंडा के नूर मोहम्मद (27), 31 जनवरी को कोटा के बोरखेड़ा की निहारिका (18) और 24 जनवरी को मुरादाबाद के मोहमद जैद (19) ने आत्महत्या की थी। राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। इससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपये की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।

राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग का सबसे बड़ा केन्द्र है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। इससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपये की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा के छात्रों की संख्या काफी होती है।

कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्या की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। वर्ष 2012 से अब तक यहां 148 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों में यह प्रवृत्ति नहीं रुक रही। इसके लिए मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होती है। यहां पढ़ने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं।

यहां आने वाले छात्रों को पता होता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा यहां पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां के कोचिंग संस्थानों में कई शिफ्टों में अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। यहां पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है।

कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहते हैं, जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलनों के चलते यहां के उद्योग-धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए, जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टॉप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना आठ हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को सालाना 500-700 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी संस्थानों से लेकर छोटे-मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं।

काठ की हांडी दोबारा चढ़ाने की कोशिश

हरिशंकर व्यास

भारत सरकार ने लोकसभा चुनाव से पहले अपने 10 साल के राज की कामयाबियों के बारे में बताने के साथ साथ उससे 10 साल पहले के कांग्रेस राज की कमियां बताई हैं। सोचें, 10 साल पहले जिन मुद्दों पर भाजपा ने चुनाव लड़ा था, जिन मुद्दों को नरेंद्र मोदी ने अपने प्रचार की थीम में रखा था, जिन मुद्दों को लेकर नारे गढ़े थे और पूरे देश में होर्डिंग्स-पोस्टर लगे थे उन्हीं मुद्दों पर फिर से चुनाव लडने की तैयारी है। सरकार को पता था कि जब वह मनमोहन सिंह की सरकार के 10 साल यानी 2004 से 2014 के राजकाज पर श्वेत पत्र लाएगी तो यह सवाल उठेगा कि अभी इसकी क्या जरुरत है इसलिए श्वेत पत्र में बताया गया है कि 2014 में चुनाव जीतने के बाद श्वेत पत्र इसलिए नहीं लाया गया क्योंकि उससे लोगों का मनोबल टूटता और विदेशी निवेशकों में नकारात्मक मैसेज जाता। सोचें, कितना लचर तर्क है। क्या विदेशी निवेशक सरकारी आंकड़ों पर निर्भर रहते हैं? उनके पास वर्ल्ड बैंक से लेकर आईएमएफ जैसी संस्थाओं के अलावा एसएंडपी, फिच, पीडब्लुसी, मेरिल लिंच जैसी दुनिया की प्रतिष्ठित संस्थाएं हैं, जो रियल टाइम वास्तविक डाटा उपलब्ध कराती हैं और विदेशी निवेशक उसके आधार पर फैसला करते हैं। जहां तक लोगों के मनोबल का सवाल है तो इंडिया अगेंस्ट करप्शन यानी अन्ना हजारे और अरविंद केजरीवाल ने मिल कर भ्रष्टाचार का ऐसा हल्ला बनवाया था कि उसके बारे मे जानने के लिए किसी को श्वेत पत्र की जरुरत ही नहीं थी। बाद में भाजपा ने अपने प्रचार से इसे और बड़ा मुद्दा बना दिया। सरकार को पता है कि भाजपा इस मुद्दे को 10 साल पहले भुना चुकी है। इसलिए उस समय श्वेत पत्र लाने का कोई मतलब नहीं था। लोगों को सब कुछ पता था। उलटे थोड़े दिन के बाद इन सबकी हकीकत भी खुल गई, जब संचार घोटाले के आरोपी बरी हो गए, कोयला घोटाले में किसी नेता को सजा नहीं हुई, मनमोहन सिंह पर कोई आंच नहीं आई और महंगाई वैसी ही रही, जैसे पहले थी या उससे बढ़ गई। अब 10 साल बाद श्वेत पत्र लाकर उस समय की यादों को ताजा बनाया जा रहा है। लेकिन यह काठ की हांडी को दोबारा चुल्हे पर चढ़ाने की तरह है, जिसका कोई तर्क अभी समझ में नहीं आता है। जब रामजी आ गए हैं, उनकी प्राण प्रतिष्ठा हो गई है, काशी कॉरिडोर बन गया है, महाकाल लोक का उद्घाटन हो गया है, मां कामख्या और मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर बन रहा है, समान नागरिक संहिता लागू होनी शुरू हो गई है, अनुच्छेद 370 हटा दिया गया है, तीन तलाक के खिलाफ कानून बन गया है और केंद्रीय मंत्री खम ठोंक कर कह रहे हैं कि नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए चुनाव से पहले लागू होने जा रहा है तो फिर ऐसे श्वेत पत्र का क्या मतलब है, जिसकी बारीकी में जाने पर खुद सरकार की पोल खुलती है?

एनडीए की रणनीति से मझधार में विपक्ष

राघवेन्द्र प्रताप सिंह

मुस्लिम देश में सनातन का परचम लहराने के बाद देश के बाहर हिन्दुत्व को गति देने वाले प्रधानमंत्री मोदी की लोक प्रियता देख गैर बीजेपी हतप्रभ हैं, खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूएई में पहले हिन्दू मंदिर का उद्घाटन करने के साथ ही हिन्दुस्तान से बाहर एक इस्लामिक मुल्क में हिन्दुत्व को और मजबूत करने के साथ ही इतिहास रच दिया है अयोध्या के बाद यह दूसरा अवसर था जब एक माह के भीतर सनातन की चर्चा खूब हो रहीं है। 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्री रामलला का दिव्य नव्य और भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का समारोह होने के बाद पूरा देश राममय है और राजनीति में भी इस श्रीराम भगवामय वातावरण से अछूती नही है। इसी वातावरण के मध्य संसद समेत राज्यों में विधानसभा के बजट सत्रों का आयोजन भी हुआ जिसमें बजट से अधिक श्रीराम की चर्चा अधिक हुई है। यदि किसी विधानसभा में श्रीराम मंदिर के समर्थन में चर्चा नहीं हुयी तो भारतीय जनता पार्टी के विधायक विरोध में बैठ कर जय श्री राम का नारा लगाकर माहौल को श्रीराममय बना दिया हैं देश में रामलहर शीत लहर से अधिक है यह खूब चल रहा हैं। पश्चिम बंगाल की विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने जयश्रीराम का नारा लगाया जबकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ी आपत्ति जताई दूसरी ओर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू जी अपनी कैबिनेट सहयोगियों व विधायकों के साथ अयोध्याधाम पहुंच कर श्रीरामलला के दर्शन कर कर अभिभूत हुये और भावविभोर भी। हिंदुत्व व राम मंदिर आंदोलन के धुरविरोधी रहे लोग जो कहा करते थे कि अयोध्याधाम सपरिवार श्रीराम के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल परिवार के साथ श्रीराम का दर्शन किया है लेकिन इस बार उन्होंने अपनी नानी को यह कहकर विवादित कर गये कि मस्जिद के स्थान पर श्री राम मंदिर नहीं बनना चाहिए। केजरीवाल के विषय में आम लोगों को कुछ अधिक समझाने की जरूरत नहीं है सभी जान चुके है कि अन्ना को राजनीतिक रूप से ठगा उन्हीं के सिर पर पैर रख सीएम की कुर्सी तक पंहुचे है। अब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए अयोध्याधाम आये। वहीं राष्ट्रीय लोकदल के विधायक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बस में बैठकर श्रीरामलला के दर्शन कर गये द्य भाई उनका आना स्वाभाविक भी था क्योंकि किसान नेता और देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान मिलने से सभी खुश हैं खासतौर रालोद नेता जयंत चौधरी और उनका परिवार। उन्होंने अपने सहयोगियों पार्टी के विधायकों के साथ बैठक कर बीजेपी से गठजोड़ की घोषणा कर दिया।

विपक्ष ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया और फिर उसके बाद संसद और विधानसभा में जिस भाषा का प्रयोग किया उससे संपूर्ण सनातन समाज आहत है। संसद के बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस के बाद सत्र के अंतिम दिन जब श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रस्ताव पारित होते ही पूरा सदन राममय हो गया किंतु यह दुर्भाग्य की बात रही कि कांग्रेस सहित ओवैसी जैसे सांसदों ने रामभक्तों को गहरा दुख पहुंचाया और यह भी बता दिया कि अगर सुप्रीम कोर्ट का फैसला इन दलों की सरकारों में आया होता तो भी श्रीराम मंदिर नही बनता। विपक्षी दलों की हरकतों से यह साफ संदेश चला गया है कि अगर केंद्र या राज्य में भाजपा सरकार न होती तो अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण में किसी न किसी प्रकार से रोड़े अटकाये जाते और इसका निर्माण संभव नही हो पाता। श्री राममंदिर निर्माण का पूरा श्रेय कोर्ट और देश प्रधानमंत्री मोदी उत्तर प्रदेश यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को जाता है। संसद सत्र के अंतिम दिन श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के प्रस्ताव पर चर्चा के अवसर पर भगवान राम के विभिन्न रूपों का ऐसा गुणगान हुआ कि पूरा सदन श्री राममय हो गया था। श्रीराम मंदिर पर आया यह प्रस्ताव ऐतिहासिक था जो भावी पीढ़ी को देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति देगा। प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि श्री राम के बिना भारत की कल्पना करने वाले गुलामी काल के प्रतिनिधि हैं। राम राज्य किसी एक धर्म या संप्रदाय के लिए नहीं हैं। राम और राम के चरित्र को फिर से स्थापित करने का काम 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी के हाथों हुआ है। प्रस्ताव पढ़ते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा के उपरांत अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ है। यह मंदिर एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतीक है। इस प्रस्ताव के माध्यम से सदन के सदस्य अयोध्या में हुए ऐतिहासिक कार्य की सराहना करते हैं। अयोध्या में बन रहा श्री राम का मंदिर पत्थरों से बनी कोई संरचना नहीं अपितु आस्था और विश्वास की भावनाओं से परिपूर्ण है। मंदिर निर्माण एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह आने वाली पीढ़ियों को आशा व एकता के मूल्य सिखाएगा। प्रभु श्रीराम की भव्य दिव्य एवं नव्य श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर उत्तर प्रदेश विधानसभा में जोरदार चर्चा हुई जिसमे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भाषण सबसे महत्वपूर्ण रहा जिसके कारण मुख्यविरोधी दल पूरी तरह परास्त दिखा यहीं नहीं सदन के सत्र के दौरान सोशल मीडिया में सपा रामद्रोही ट्रेंड भी हो गया। जिसका परिणाम यह हुआ कि हिन्दू और सनातन के विरोध में बोलने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को सपा महासचिव का पद छोड़ना पड़ा यह उनकी पार्टी में आपसी और अंदरुनी क्लेश के कारण हुआ द्य एक और मजे की बात है समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इटावा में शिव मंदिर बनाने का एलान किया है उन्होंने दस एकड़ जमीन में शिवालय बनाने की बात कहीं है द्य यह है हिन्दुत्व और मोदी व योगी का जादू द्य अब लोग खुलकर कहने लगे हैं कि अयोध्या तो झांकी थी अभी काशी मथुरा बाकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव पर करारा प्रहार किया और कहा कि मुख्यमंत्री रहने के दौरान वह वोट बैंक पर असर के डर से अयोध्या और मथुरा नहीं जाते थे। उन्होंने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा सरकार ने काशी में ताला लगवाया था और मथुरा में जन्मभूमि पर भी। हमारी सरकार ने दोनों जगह ताले खुलवा दिये।

तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली विपक्ष मझधार में हिचकोले खा रहीं है यही नहीं उसे आम आवाम के बीच रामद्रोही होने का तंज भी सुनना पड़ रहा लेकिन अभी भी सम्पूर्ण विपक्ष जनता के रुख को नहीं पहिचान पा रहा है ,मजे की बात तो यह है कि बीजेपी 2024 में 400 पार की बात करती है जबकि विपक्ष मोदी के बहाने श्रीराम का विरोध कर सत्ता तक पहुंचने का सुनहरा अवसर भी गंवा दिया है।

गौवंश डेथ मिस्ट्री पर थ्योरी के सहारे प्रशासन

●सरायन के बाद गोमती में तैरते मिले गौवंशों के शव
●कहा से आ रहे गौवंशों के शव, पड़ताल में जुटे अफ़सर
●हरदोई जनपद की करतूत से सुर्खियों में सीतापुर

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तीन दिन पहले कोनी घाट पर सरायन नदी के अंदर गौवंशों के शव मिले थे। गुरुवार को गोंदलामऊ ब्लॉक के तेरवा घाट पर गोमती नदी के अंदर 20 गौवंशों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। गौवंश डेथ मिस्ट्री पर जिला प्रशासन फिलहाल थ्योरी के सहारे है। नदी में गौवंशों के शव कहा से आये इस सवाल का जवाब तलाशने के लिए प्रशासन पिछले तीन दिनों से जांच पड़ताल कर रहा है। नदी, घाटों के आस-पास की सभी ग्राम पंचायतों का निरीक्षण हो रहा है। गौशालाओं और अस्थाई गौ आश्रय स्थलों में मौजूद गायों की संख्या का आकलन किया जा रहा है। ऐसी तमाम पड़तालों के बाद भी प्रशासन गौवंशों के शवों का रहस्य खोल नहीं पा रहा है। डीएम के निर्देश पर लगातार निरीक्षण जांच-पड़ताल जारी है। सूत्रों का दावा है कि पड़ोसी जनपद हरदोई की करतूत से सीतापुर सुर्खियों में आया है। कोनी घाट पर सरायन नदी के अंदर मिले 30 गौवंशों की पहले सुलझ भी नहीं पाई थी कि गुरुवार को तेरवा घाट पर गोमती नदी के अंदर शैवालों और जलकुंभी में फंसे करीब 20 गौवंशों के शव देखे जाने से हड़कंप मच गया। हरदोई जनपद के बार्डर पर स्थित इस घाट पर पहुंचे लोगों ने गोमती नदी के अंदर गौवंश उतराते देखे। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। तहसीलदार, बीडीओ मौके पर पहुंचे और गौवंशों के शवों को नदी से बाहर निकलवाया। जानकारी के मुताबिक करीब 20 गौवंश, दो भैंसे और बकरी के शवों को नदी से बाहर निकाला गया। इन सभी का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें दफ्ना दिया गया है। सवाल यहीं है कि गौवंशों के शव नदी में कहा से आ रहे है? कोनी घाट की तरह गोमती में मिले गौवंशों के शव भी काफी पुराने है। सूत्रों की माने तो हरदोई जनपद से नदी में बहते हुए यह शव आ रहे हैं जो इन घाटों में बने ठोकरों और नदी के शैवाल व जलकुंभी में फंस कर रूक जाते है। हालांकि दावे के साथ अफ़सर कुछ भी कहने को तैयार नहीं है।

गोंदलामऊ घाट के तेरवा घाट पर गौवंशों के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। तीन दिन पहले भी सरायन नदी में कुछ गौवंशों के शव तैरते हुए मिले थे। शवों को बाहर निकलवा कर पीएम करवाने के बाद उन्हें नियमानुसार दफ्ना दिया गया है। नदी में शव कहा से आ रहे हैं इसे लेकर जांच-पड़ताल हो रही है। डीएम के निर्देश पर जिले की सभी गौशालाओं व गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया जा रहा है। नदी व घाटों के निकट स्थित ग्राम पंचायतों में जांच-पड़ताल की जा रही है। पड़ोसी जनपद के अधिकारियों से भी इस संबंध में वार्ता की गई है।
निधि बंसल, सीडीओ सीतापुर।

सड़क हादसे के बाद वाहन चालक को बंधक बना कर धुना

●कार चालक की लापरवाही से दुर्घटना में घायल हो गये थे बच्चा सहित दम्पति

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना इलाके में गुरुवार की शाम लहरपुर मार्ग पर सड़क हादसे के बाद हंगामा हो गया। कार-बाइक की टक्कर से दंपति व उसके 12 वर्षीय पुत्र के जख्मी होने से नाराज ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा। कार में तोड़फोड़ की, चालक को बंधक बनाकर पीट दिया। दावा यह भी किया जा रहा है कि इस दौरान मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों से भी शराब के नशे में धुत ग्रामीणों ने अभद्रता की है। बताते चलें कि सकरन थाना इलाके के ग्राम भिटमनी निवासी राजू अवस्थी पुत्र रामनारायण की पुत्री का विवाह को लेकर परिवार तैयारी में जुटा था। राजू गुरुवार को पत्नी लक्ष्मी व पुत्र रोहित के साथ बाइक पर सवार होकर खरीदारी करने नजदीकी कस्बे गया था। जहां से वह देर शाम वापस लौट रहा था। इसी दौरान लहरपुर मार्ग भिटमनी गांव के पास स्विफ्ट डिजायर कार ने राजू की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राजू, लक्ष्मी और रोहित गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहन चालक अमित कुमार पुत्र उमेश चंद्र वर्मा निवासी शेरपुर थाना तालगांव को बंधक बना कर पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब स्थिति नियंत्रित करने की कोशिश की तो ग्रामीण उनसे भी उलझ गए। थानाध्यक्ष सकरन दिग्विजय पाण्डेय ने बताया कि सड़क हादसे में दंपति सहित तीन लोग जख्मी हुए है, स्थिति नियंत्रण में है।

संक्षिप्त आवाज़

लहरपुर में लेखपालों की हड़ताल बेनतीजा, सीतापुर में गरजा संघ

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। लहरपुर तहसीलदार के कार्य व्यवहार से नाराज लेखपालों ने कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। लहरपुर में जारी लेखपालों की हड़ताल बेनतीजा रही तो लेखपाल संघ के बैनर तले मुख्यालय पर जुटे राजस्व कर्मियों ने तहसीलदार के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को धरना दिया। स्थानीय संघ की ओर से प्रदेश नेतृत्व को भी अवगत कराया गया है। लेखपालों ने लहरपुर तहसीलदार के विरूद्ध कार्रवाई न होने से नाराजगी जताई और अग्रिम रणनीति बनाने पर विचार विमर्श किया। लेखपाल संघ ने धरना देकर प्रशासनिक अफ़सर को मांग पत्र सौंपा।

मौत के मुँह में समा गया दवाई लेने के लिये घर से निकला श्रवण

●कमलापुर हमीरपुर संपर्क मार्ग पर हुआ हादसा, साथी जख्मी

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके में बृहस्पतिवार को घर से दवाई लेने के लिए निकला श्रवण मौत के मुंह में समा गया। कमलापुर हमीरपुर संपर्क मार्ग पर हुए इस हादसे में बाइक पर साथ जा रहे उसके बीमार साथी को गंभीर चोटें आई है। बताया जा रहा है कि उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पचकोहरा मजरा पतारककलां निवासी रामकुमार पुत्र स्वर्गीय श्री मंगल प्रसाद के मुताबिक उसका 35 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार अपने साथी 25 वर्षीय जितेंद्र कुमार पुत्र रामस्वरूप को बाइक से लेकर दवाई लेने के लिए बृहस्पतिवार की सुबह घर से कमलापुर कस्बे के लिए निकला था। तभी कमलापुर से हमीरपुर जाने वाले संपर्क मार्ग पर अचानक सामने से आ रहे ट्रक संख्या यूपी 32 डीएन 9243 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही बरतते हुए कौशल के खेत के निकट बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार उपरोक्त दोनो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। और बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमलापुर ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने श्रवण कुमार को मृत घोषित कर दिया है। वही जितेंद्र कुमार को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भेजा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

पुलिस ने दहेज लोभियों के खिलाफ दर्ज किया केस

●विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना इलाके में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर बेटी की दहेज की खातिर गला घोट कर हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके के बेलामऊ खुर्द गांव निवासी गोलू उर्फ कल्पना उम्र 20 वर्ष पत्नी भानु प्रताप की गत रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना पाकर उसके पिता अमृत लाल निवासी ग्राम खेदरापुर थाना हरगांव अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और बेटी के गले में चोट के निशान देख भड़क गये। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की शादी आठ माह पूर्व भानु के साथ हुई थी। शादी में दहेज भी दिया था, इसके बावजूद भी दहेजलोभी ससुरालवाले अतिरिक्त दहेज में बाइक व नगदी की मांग पूरी न होने पर उसकी बेटी को यातनाएं देते थे। पति भानु व उसके परिवारीजनों ने गोलू उर्फ कल्पना की लाठी से गला दबा कर हत्या कर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि घटना प्रथम दृष्टया हत्या किये जाने जैसी प्रतीत होती है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना स्पष्ट हो पायेगी।

दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का आज होगा शुभारंभ

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह नेता सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम में होगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा सिंह ने बताया कि वार्षिक क्रीडा समारोह का शुभारंभ शुक्रवार को स्टेडियम में मुख्य अतिथि एएसपी डॉ. प्रवीण रंजन सिंह, क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद दिनेश शुक्ल 11 बजे करेंगे। पुरस्कार वितरण के साथ समारोह समापन डॉ. अखिलेश मिश्र (आईएएस) विशेष सचिव उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश व विशिष्ट अतिथि डॉ. सुधीर कुमार क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के द्वारा किया जाएगा।

स्मार्ट फोन पाकर बच्चों के खिले चेहरे

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। रेउसा के प्रेम प्रकाश सिंह कमला देवी महाविद्यालय के 125 छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विष्णु मौर्य और भाजपा नेता देवेंद्र प्रताप सिंह ने स्मार्ट फोन वितरित किये। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं स्मार्ट फोन का प्रयोग अपनी पढ़ाई में करे। उन्होंने सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी। महाविद्यालय प्रबंधक संग्राम सिंह ने बताया कि आज 125 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन बांटे गये हैं। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य सोबरन पांडेय, अंकित कुमार, आलोक कुमार, राधेश्याम आदि लोग मौजूद रहे।

क्योर पैथ लेब का फीता काट हुआ उद्घाटन

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सिधौली मार्ग स्थित न्यू नेशनल हॉस्पिटल में क्योर पैथ लैब का उद्घाटन पूर्व मंत्री डॉ. अम्मार रिजवी व विधायक आशा मौर्या ने फीता काटकर किया। अतिथियों का स्वागत हॉस्पिटल के एमडी डा. इरफान खान, डा. मो0 युसुफ ने माल्यार्पण व बुके देकर किया। विधायक ने कहा कि महमूदाबाद में बेहतर चिकित्सीय सुविधाएँ मिलें यह निजी चिकित्सकों की भी जिम्मेदारी है। डा. इरफान ने बताया कि अब महमूदाबाद में एलएफटी, केएफटी, सीबीसी, मलेरिया एंटीजन, विडाल, डेंगू, थायराइड प्रोफाइल आदि जांचे हो सकेंगी। इस दौरान चेयरमैन मोहम्मद अहमद, प्रतिनिधि आमिर अरफान, सपा नेता डा. शफीक खान, रिजवान अहमद, फैसल खान, सूरज कुमार, युवराज यादव आदि उपस्थित रहे।

नन्हें मुन्ने बच्चों ने मनवाया प्रतिभा का लोहा

हरगाँव-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। लहरपुर रोड पर जोगीपुर में स्थित जागृति इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि ताराचंद मंगलानी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान नन्हें मुन्ने छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों के सामने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का संचालन सुमित तिवारी व दीपांशी गुप्ता ने किया। अतिथियों व अभिभावकों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। इस दौरान प्रबंधक अजय मंगलानी व सह प्रबंधक मान्या मंगलानी, प्रधानाध्यापक आशुतोष सिंह, शिक्षिका जूली मिश्रा, ऋचा शुक्ला, आदित्य मिश्रा, रिजवाना बानो, अंकुर आदि मौजूद रहे।

भगवान परशुराम को समर्पित कर दिया आवास

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। शहर के सुभाष नगर में परशुराम के भक्त ने अपने आवास को भगवान के लिए समर्पित कर दिया है। बुधवार को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई। क्षेत्र के विद्वान आचार्यों ने मूर्ति स्थापना का अनुष्ठान पूर्ण कराया। सुभाष नगर मोहल्ले के रहने वाले निर्भय द्विवेदी ने वर्ष 2021 में आवास के कुछ हिस्से को भगवान परशुराम की मंदिर के लिए समर्पित कर निर्माण का संकल्प लिया था। बुधवार को वसंत पंचमी के अवसर पर वहां भगवान परशुराम, शिव नंदी और माता सरस्वती की मूर्तियां स्थापित हुई। निर्भय द्विवेदी ने पत्नी सोनाली द्विवेदी के साथ मिलकर आचार्यों की मौजूदगी में विधि विधान से मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की। कार्यक्रम में मुनींद्र अवस्थी, अचिन मेहरोत्रा, अजय विश्वकर्मा, बबलू अवस्थी, अमित त्रिवेदी, आकाश मिश्र, विमल मोहन मिश्रा, वरुण मिश्रा, विकास अवस्थी, प्रभात राज अग्निहोत्री, ब्रह्म प्रकाश शुक्ला, रोहित मिश्रा, ईशान द्विवेदी, संजय शुक्ला, दीपक पांडेय, अजय त्रिवेदी, राजीव त्रिपाठी, दुर्गेश शुक्ला, प्रदीप पांडेय, पूनम मिश्रा, रचना त्रिपाठी, सोनाली द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

बच्चों में होती है अपार संभावनाएं: बुद्ध प्रकाश

सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरदोया के स्वामी परमेश्वरानंद महाराज विद्यालय सभा का वार्षिकोत्सव गुरुवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी शिव शरणानंद ने मां सरस्वती चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय संस्थापक मेवालाल यादव, प्रबंधक राम किशोर यादव, ज्ञानेंद्र कुमार यादव ने सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद ग्राम प्रधान बुद्ध प्रकाश ने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाओं को निखारा जा सकता है। बच्चे देश का भविष्य है, उनमें अपार संभावनाएं होती हैं। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ओमकार मौर्या, श्रुति सिंह यादव, विवेक सिंह, प्रियांशी, अदिति, मानसी, शिवांगी आदि को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार व प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन प्रधानाचार्य गार्गी सिंह ने किया। इस दौरान राजीव सिंह यादव, मनीष सिंह, सौरभ सिंह, मनीष गुप्ता, मजहर हुसैन उर्फ बुन्दू भैया, तेजपाल सिंह यादव, पूर्व प्रधान निजामुद्दीन, विनोद कुमार तिवारी, प्रधान रईस अहमद, दीपक कुमार मिश्रा, पूर्व प्रधान हरिनाम यादव, अनिल कुमार गुप्ता, रामजीवन यादव आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से झूलती मिली विवाहिता

●दरवाजा तोड़ कर पुलिस ने निकाला शव, चार पर दहेज हत्या का केस दर्ज

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तंबौर थाना इलाके के छतांगुर गांव में कमरे के अंदर एक युवा विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंसी के फंदे से झूलते पाया गया। पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर शव को नीचे उतारा और उसे पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक विवाहिता की मां ने चार लोगों के विरूद्ध थाने में दहेज हत्या का केस दर्ज कराया है। ग्राम छतांगुर निवासी रघुनंदन की 32 वर्षीय पत्नी कल्याणी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बंद कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटका पाया गया। परिवारीजनों के मुताबिक कल्याणी ने बुधवार की रात 8 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में घर में अकेली होने से अन्दर से दरवाजा बन्द करके साड़ी के पल्लू से फंसी लगा लगी। जब विवाहिता ने दरवाजा नहीं खोला तो उसकी सास को शक हुआ। कल्याणी का पति रेउसा में तिलक समारोह में गया हुआ था। विवाहिता की सास सरला ने तम्बौर थाने पर इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर छतांगुर गांव पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़कर महिला का शव बाहर निकाला और पीएम के लिए भेज दिया। देर रात मायके पक्ष से लड़की की माँ तारा देवी ने दमाद रघुनन्दन, सास सरला, रिश्तेदार कल्लू, दीपू समेत चार लोगों पर देहज हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विजयेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

मोदी शासन में बढ़ रहा महिलाओं का सम्मानः मयंकेश्वर शरण

●खैराबाद ब्लॉक में शक्ति वंदन अभियान का हुआ आयोजन

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। खैराबाद ब्लॉक परिसर में गुरुवार को महिलाओं का सम्मान समारोह व शक्ति वंदन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि वर्तमान में भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सभी नागरिकों से सहयोग प्रदान करने की अपील की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिला शक्ति की अहम हिस्सेदारी है। पीएम मोदी का सपना है कि आने वाले भारत में दो करोड़ लखपती दीदी हो इसके लिए सभी को मिलजुलकर प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि विगत पौने दस वर्षों के समय में पूरे देश में 14 करोड़ से अधिक शौचालय बनवाए गए। जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधिकांश आवास बहनों के नाम पर आवंटित कर उन्हे सशक्त किया गया। महिला आरक्षण बिल भी महिला शक्ति वंदन की दिशा में बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला शक्ति वंदन की दिशा में निरंतर कार्य हो रहे हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा की आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। भारत में सदैव से ही नारियों के पूजन की परम्परा रही है। मध्यकाल में कुछ कुरीतियां आई लेकिन अब इनमे सुधार हो रहा है। कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, दिनेश तिवारी, नीरज सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

गाँजर में महिला संबंधी अपराधों की बाढ़

●बाढ़ प्रभावित जन मुक्ति मोर्चा ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

बिसवां-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सामाजिक संस्था वादा फाउंडेशन ने शासन के निर्देशों की अवहेलना करने वाले रेउसा थानाध्यक्ष के विरूद्ध एसपी से कठोर कार्रवाई की मांग की है। फाउंडेशन के महासचिव और बाढ़ प्रभावित जन मुक्ति मोर्चा के संयोजक अंशुमान सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बाढ़ कटान का दंश झेल रहे परिवारों के झुग्गी झोपड़ी वाले कच्चे मकानों में जबरिया घुस कर शराबी और मनचले महिलाओं और युवतियों के साथ अभद्रता, मारपीट व छेड़छाड़ करते है। गांजर की महिलाओं के साथ दुराचार की वारदाते भी समय-समय पर आती रही है। उनका कहना है कि महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने और पीड़ित महिलाओं को इंसाफदिलाने के लिए वे जब 12 फरवरी को अपने साथियों संग थानाध्यक्ष रेउसा से बातचीत करने गये तो थानाध्यक्ष ने समस्या का समाधान कराये जाने की बजाय उनके साथ अभद्रता की। उन्होंने जब थानाध्यक्ष के रवैये को लेकर एसडीएम फोन पर बात की तो उन्होंने मामले की जांच कराने की बात कह कर फोन काट दिया। बाद में दोबारा एसडीएम ने उनका फोन तक नहीं उठाया। सिंह का कहना है कि तहसील व पुलिस प्रशासन ने घटना का संज्ञान लेकर कार्रवाई नहीं की तो बाढ़ प्रभावित जन मुक्ति मोर्चा के बैनर तले सैकड़ो लोग सड़क पर उतर कर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान श्रीराम यादव, कांशीराम भार्गव, रामप्रसाद गौतम, ज्योति, रामप्यारी, श्रमावती आदि मौजूद रहे।

कॉलेज के वार्षिकोत्सव में मेधावी बेटियों का हुआ सम्मान

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कस्बा स्थित ऑलमाईटी पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव व विदाई समारोह गुरूवार को हुआ। मुख्य अतिथि सेवता प्रधान प्रतिनिधि नंदराम गौतम रहे। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा सीमा वारसी को इंटरमीडिएट की परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक हासिल करने पर विद्यालय की ओर से साइकिल देकर सम्मानित किया गया। वहीं बटौहा गाँव निवासी शिवम प्रजापति को 90 प्रतिशत अंक प्राप्त होने पर उसकी एक साल की फीस विद्यालय द्वारा माफ की गई। विद्यालय द्वारा अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों ने तालियां बजा कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान चेयरमैन हाजी मोहम्मद अनीस, प्रबंधक फिद्दा हुसैन अंसारी, संरक्षक अब्दुल सलाम, प्रधानाचार्य अहमद हुसैन, गिरीश कुमार त्रिवेदी, राशिद अली, अफजल, अनुज तिवारी, गरिमा अवस्थी, नसीम, अनुष्का, राजाराम, राज कुमार मौर्य, अशोक, शिवानी, अंजलि, गोल्डी, कौशल चौहान, दर्शन लाल, ज्ञानेश शुक्ला, कन्हैयालाल वाल्मीकि, मुन्ना सिंह पूर्व प्रधान गुडरुवा, कौशल मौर्य, अजय जायसवाल, सावल यादव, दिनेश आदि लोग मौजूद रहे।

विधायक ने बच्चों को बाँटे स्मार्टफोन

बिसवां-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने अज़ीम मेमोरियल नेशनल पीजी कॉलेज में बच्चों को स्मार्ट फोन वितरित किये। इस दौरान महाविद्यालय प्रबंधक मो. फहीम खान ने बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम के 310 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये गए। इस अवसर पर डॉ. फिद्दा हुसैन अंसारी, मौलाना जावेद इकबाल, पंकज गुप्ता, हाजी मोहम्मद कलीम खान, शुएब खान, सुभाष वर्मा, असलम मास्टर, मकसूद अली, गुलरेज मास्टर, अनवर अली, विशाल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को विदाई देते समय भावुक हुआ विद्यालय स्टाफ

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। रेडियन्स इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधक अजीज अहमद गौरी ने 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी किसी भी स्कूल की सबसे बड़ी कीमती संपत्ति होते हैं। उनके बिना शिक्षक और विद्यालय कुछ भी नही है। गौरी ने कहा कि आज का दिन बहुत भावुक दिन है। हम बच्चों का विदाई समारोह आयोजित कर रहे हैं। इन बच्चों को तैयार करने और आकार देने में कई वर्षों का लंबा समय लगा। इस दौरान विशाल रस्तोगी, मो. ज़ियाउल हक, मो. जईम, मनोज श्रीवास्तव, सईद खान, उसामा, मो. हनीफ़ हफ़ीज़ खान, कुलदीप मौर्य दिलशाद खान, सविता कुमारी, श्वेता श्रीवास्तव, माऊन खान, अब्दुल लतीफ़ अरविन्द्र श्रीवास्तव, खुशनीदा, ज़ीनत जहा, शाहजहाँ नूरी आदि मौजूद रहे।

पंचायत सचिव के निधन पर ब्लॉक कर्मियों ने जताया शोक

इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ऐलिया में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी सर्वेश कुमार उम्र 38 वर्ष का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। गुरूवार की सुबह उनके आकस्मिक निधन की सूचना पाकर हर कोई स्तब्ध रह गया। खबर सही है यह जानने के लिये लोग एक दूसरे से सम्पर्क साधकर जानने की कोशिश करने लगे। इसी बीच ब्लाक कर्मचारी सोशल मीडिया ग्रुप पर खबर की पुष्टि करते हुये बीडीओ ऐलिया ने सुबह 10 बजे शोकसभा हेतु सभी को बुला लिया। ब्लाक कर्मी बिना देर किये समय से ब्लाक पहुंचे। जहां खण्ड विकास अधिकारी ऐलिया शैलेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दो मिनट मौन धारण करते हुये दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से कामना की। वहीं मृतक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अंतिम दर्शन हेतु मृतक के निवास माल लखनऊ को रवाना हो गये। मृतक कर्मी सर्वेश कुमार इससे पूर्व कसमण्डा ब्लाक में अपनी सेवायें दे चुका है।

सचिव की फाइल फोटो

खेलों से होता है शारीरिक व मानसिक विकासः विमल गौतम

●स्टडी वेल पब्लिक स्कूल का एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। क्षेत्र के शाह महोली स्थित स्टडी वेल पब्लिक स्कूल में गुरूवार को बड़ी धूमधाम से एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2024 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कोतवाली देहात इंस्पेक्टर विमल गौतम ने मशाल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में हिस्सा लेना चाहिए। क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते हैं। वहीं उनके शारीरिक व मानसिक विकास में अहम योगदान देते हैं। बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग सिर्फशिक्षा के लिए करना चाहिए और इसका अधिकतर प्रयोग बंद करके दिन में 15 से 20 मिनट तक शारीरिक श्रम खेलों के द्वारा करना चाहिए। इस अवसर पर प्री प्राइमरी के बच्चों के लिए केक रेस, चॉकलेट रेस, बनाना रेस, जलेबी रस का आयोजन किया गया। प्राइमरी के बच्चों के लिए बैलून रेस, रिंग क्रॉस रेस, हर्डल रेस, पिरामिड रेस, बास्केटबॉल का आयोजन किया गया। जूनियर के बच्चों के लिए स्टैंडिंग ब्रॉड जंप, लैग बैक इन फ्रंट रस की पार्टनर स्पून रेस का आयोजन किया गया। वहीं सेकेंडरी बच्चों के लिए 100 मीटर रेस, 400 मीटर रिले रेस, शॉट पुट शेफ कैरम, कबड्डी, वालीबाल, बास्केटबाल आदि खेलों का आयोजन किया गया। खेलकूद की प्रतियोगिताओं में जीतने वाले छात्र व छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सभी वार्डों का समुचित विकास हमारी प्राथमिकताः आशा मौर्य

●हंगामेदार हुई नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक
●विधायक को झेलनी पड़ी सभासदों की नाराजगी

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। नगर पालिका परिषद सभागार में विधायक की मौजूदगी में शुरू हुई बोर्ड बैठक सभासदों के हंगामे की भेंट चढ़ गई। सभासदों ने सफाई के मुद्दे पर बोर्ड बैठक में हंगामा किया। विधायक को भी सभासदों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। सभासदों की नाराजगी देख विधायक ने सफाई नायक को मौके पर बुलाकर विधिवत सफाई के निर्देश दिये। नगर पालिका में स्थायी जेई की नियुक्ति न होने का मामला भी सदन में गूंजता रहा। महमूदाबाद नगर पालिका की बोर्ड बैठक पालिका सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मौजूद विधायक आशा मौर्या ने कई प्रस्ताव रखे। विधायक ने पालिका को आकस्मिक निधि तैयार करने की बात कही, जिससे जरूरत पड़ने पर छोटे और आवश्यक कार्य तत्काल करा लिये जाएं और नागरिकों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। विधायक ने कहा कि नगर के विकास के लिये शासन गंभीर है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत महमूदाबाद में बजट आ रहा है और कार्य भी हो रहे हैं। हमारी प्राथमिकता सभी वार्डों का समुचित विकास करने की है। नूरपुर सभासद सिराज, राना राशिद कामरीन, मुन्नी देवी ने नगर में सफाई का मुद्दा उठाया और कहा कि सभासदों से सफाई कर्मी सामंजस्य नहीं बनाते जिससे मोहल्लों की सफाई व्यवस्था बाधित है। सभासदों ने प्रस्ताव रखा कि सफाई कर्मियों का वेतन सभासदों की अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही जारी किया जाए। सभासद आसिफ सईद ने नगर पालिका में नियुक्ति जेई दीपमणि द्वारा की जा रही अनियमितताओं और विकास कार्यों के प्रति गंभीरता न दिखाने के आरोप लगाए और कहा कि जेई द्वारा विकास कार्यों में कोई दिलचस्पी नहीं ली जाती। वह फोन तक नहीं उठाते। सभासदों ने पालिका में स्थायी जेई की नियुक्ति का मामला शासन तक पहुँचाने की बात कही। इसके अतिरिक्त टूट पड़े क्रास पत्थर, सभासदों के लिये पालिका में कक्ष, नगर पालिका के खुले पड़े स्वागत द्वारों को सही कराने, तिरंगा लाइटों को पुनः लगवाने का मुद्दा भी बोर्ड बैठक में उठाये गये।

पालिकाध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने सभासदों को आश्वस्त किया कि सभी प्रस्तावों पर काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को लेकर पालिका लगातार काम कर रही है। ईओ शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि पालिका की बोर्ड बैठक शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई है। सभी प्रस्ताव पास किये गये हैं। लगभग 20 सभासद बोर्ड बैठक में उपस्थित रहे। सफाई के लिये एक सप्ताह तक युद्धस्तर पर अभियान चलाने के निर्देश दे दिये गये हैं। सफाई में कोताही नहीं की जायेगी। इस अवसर पर सभासद संघ अध्यक्ष चक्रसुदर्शन पाण्डेय, उमेश वर्मा, बीना गुप्ता, राना राशिद कामरीन, सैफ इस्लाम, रामकुमार, संतोष मिश्र, प्रेमचन्द्र, कमर अली, अशोक आदि उपस्थित रहे।

विधायक का चढ़ा पाराः बोली तमीज से रखें विकास की बात

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पालिका में लगातार हंगामे को देख विधायक का पारा चढ़ गया। विधायक ने सभासदों को समझाते हुए कहा कि पालिका के सदन की एक गरिमा होती है। विकास की बात रखनी है तो तमीज से रखनी चाहिए ताकि बात समझ में आए। चिल्लाने और हंगामा करने से कोई बात नहीं बनेगी। आप एक जनप्रतिनिधि है और इस पद की गरिमा बनाना आपकी जिम्मेदारी है।

प्रतियोगिता के विजेताओं का हुआ सम्मान

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकास भवन सभागार में रेकिट व प्लान इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में संचालित डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया अभियान के अंतर्गत डिटॉल हाईजीन ओलम्पियाड 2.0 प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान हुआ। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल व बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय बड़ोरा विकास खण्ड एलिया की कक्षा 4 की छात्रा अनन्या, कंम्पोजिट विद्यालय सुपौली विकास खण्ड बेहटा के कक्षा 8 के छात्र अभय गुप्ता, कंम्पोजिट विद्यालय चिल्मा विकास खण्ड परसेण्डी की कक्षा 6 की छात्रा दामिनी को सम्मानित किया। इसके अलावा संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों का भी सम्मान हुआ। सीडीओ निधि बंसल ने बच्चों के दैनिक जीवन में स्वच्छता की अनिवार्यता पर जोर दिया। प्लान इण्डिया के जिला प्रमुख रंजीत सिंह के द्वारा बताया गया कि डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम जनपद सीतापुर के 200 विद्यालयों में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में 53 विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिन्हें डिटॉल नो टच, डिटॉल साबुन व पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्लान इण्डिया के विद्यालय समन्वयक कुलदीप शुक्ला भी मौजूद रहे।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बीना देवी पत्नी हृदय नरायन अवस्थी निवासी मोहल्ला कटेहली बाग स्टेशन रोड सीतापुर परगना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर के मालिक जायजाद जिनका पंजीकृत विक्रय विलेख पूर्व मालिक जायजाद श्रीमती सारिका मेहरोत्रा पत्नी रामवर्धन मेहरोत्रा निवासी मोहल्ला मकान नं0 77 लोहारबाग सीतापुर परगना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर बहक श्रीमती प्रेमलता सहगल पत्नी श्री अजय नरायन सहगल निवासी मोहल्ला लोहारबाग सीतापुर परगना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर **दिनॉक 05.10.2012 बही सं0 1 जिल्द सं0 4390 पृष्ठ 337 से 366 क्रमॉक 6075 उपनिबन्धक सीतापुर** के अभिलेखो में पंजीकृत है उक्त विक्रय विलेख से गाटा सं0 23 के अंश भाग से बना प्लाट नं0 02 व 03 जिसका रकबा 1600 वर्ग फिट जिसकी चौहद्दी पूरब जायदाद गोपेश्वर पश्चिम प्लाट सोनिया मेहरोत्रा उत्तर रोड नैपालापुर तिराहे से लहरपुर जाने वाले (जिला मार्ग) दक्षिण बाउन्ड्री वाल आनन्दी देवी स्कूल से क्रय किया है। श्रीमती बीना देवी पत्नी हृदय नरायन अवस्थी निवासी मोहल्ला कटेहली बाग स्टेशन रोड सीतापुर परगना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर अब इस जायजाद की मालिक है व उपरोक्त जायजाद पर **पी0एन0बी0 हाउसिंग फाइनेन्स लि0 स्थिति शाखा सिटी सेन्टर सीतापुर** से ऋण ले रही है। उक्त असल विक्रय विलेख खो गया है अगर किसी को उक्त दस्तावेज के सम्बन्ध में तथा उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की ऋण देने के सम्बन्ध में कोई एतराज है तो इस इस्तहार के छपने के सात दिन के अन्दर अपनी आपत्ती नीचे दिये गये पते पर दे सकता है। समय गुजर जाने के बाद किसी भी आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही की जावेगी तथा उक्त सम्पत्ति पर ऋण दे दिया जावेगा।

शिवगोपाल दीक्षित एडवोकेट
मो0 रोटी गोदाम, सीतापुर
मो0नं0 9451258373, 6306102016

संक्षिप्त समाचार

केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड नए फंड से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस

वाराणसी। केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने भारत के अगले मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की क्षमता का लाभ उठाने की कोशिश के तहत केनरा रोबेको मैन्युफैक्चरिंग फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो भारत के मैन्युफैक्चरिंग थीम पर आधारित है। इस फंड का बेंचमार्क एसएंडपी बीएसई इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टीआरआई इंडेक्स है। यह एनएफओ 16 फरवरी को खुलेगा। केनरा रोबेको मैन्युफैक्चरिंग फंड, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश का मौका देता है। एनएफओ 01 मार्च तक खुला रहेगा। केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड के सीईओ रजनीश नरूला ने कहा केनरा रोबेको मैन्युफैक्चरिंग फंड एक ऐसे महत्वपूर्ण समय में बाजार में कदम रख रहा है जब भारत में मध्यम वर्ग तेजी से ग्रोथ कर रहा है और कामकाजी उम्र की आबादी बढ़ रही है।

ऑनर के एक्स सीरीज में ऑनर एक्स 9 बी लॉन्च

वाराणसी। ऑनर ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए अपनी विश्वप्रसिद्ध एक्स सीरीज में आज ऑनर एक्स9बी का लॉन्च किया। इस लॉन्च द्वारा ऑनर का उद्देश्य ग्राहकों को हर विशेषता में कुछ एक्स्ट्रा, जैसे अतुलनीय डिस्प्ले क्वालिटी, बेहतर बैटरी और ऑप्टिमाइज्ड सॉफ्टवेयर परफॉर्मेंस प्रदान करना है, जो ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर सकें।ऑनर एक्स9बी 5जी के अलावा, ब्रांड ने बेहतर ऑडियो के लिए ऑनर चॉइस एक्स5 और फिटनेस ट्रैकिंग के लिए ऑनर हेल्थ ऐप के साथ ऑनर चॉइस स्मार्टवॉच के लॉन्च की भी घोषणा की, ताकि भारत में एक कनेक्टेड ईकोसिस्टम पेश किया जा सके। ऑनर एक्स9बी में ऑनर अल्ट्रा-बाउंस एंटी-ड्रॉप 360 डिग्री डिस्प्ले है, जो बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी और स्थिरता प्रदान करता है। इस फोन के चारों ओर एयरबैग कुशनिंग टेक्नोलॉजी और इनोवेटिव शॉक-एब्जॉर्बिंग संरचना 1.5 मीटर ऊँचाई से गिरने पर इसे सुरक्षा प्रदान करती है।

69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में सारा अली की परफॉर्मेंस

वाराणसी। साल की बहुप्रतीक्षित अवॉर्ड नाइट्स फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के 69वें एडिशन ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। गुजरात की गिफ्ट सिटी (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंशियल टेक सिटी) में हुए इस समारोह में टॉप सेलिब्रिटीज रेड कार्पेट पर नजर आए। इस अवॉर्ड्स की शाम में जहां सिनेमा की कलात्मक और तकनीकी उत्कृष्टता को सम्मानित किया गया और बहुत-से सितारों, फिल्म मेकर्स और टेक्नीशियन्स की उपलब्धियों पर उन्हें अवॉर्ड्स से नवाजा गया। इस झिलमिलाती शाम में हिंदी सिने जगत के जाने-माने चेहरों ने अपनी परफॉर्मेंस से मंच पर समां बांध दिया। अब सबकी नजरें ज़ी टीवी पर टिकी हुई हैं क्योंकि इस नेटवर्क पर पहली बार फिल्मफेयर अवॉर्ड्स का प्रसारण किया जाएगा। 69वां फिल्मफेयर अवॉर्ड्स-24 को 18 फरवरी रात 9 बजे से ज़ी टीवी, ज़ी अनमोल, ज़ेस्ट और ज़िंग पर प्रसारित किया जाएगा।

हत्या का प्रयास - दोषियों को 10-10 वर्ष की कैद

सोनभद्र (स्पष्ट आवाज)। साढ़े 12 वर्ष पूर्व हुए गड़सा और तीर धनुष से जानलेवा हमला के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एहसानुल्लह खां की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषियों बुधिराम उर्फ बुधवंत उर्फ छोट्टन तथा मलुआ अगरिया को 10-10 वर्ष की कैद व 10,10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राजेंद्र पुत्र द्वारिका निवासी खरहरा, अमिला टोला, थाना चोपन, जिला सोनभद्र ने 10 मार्च 2011 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसके पिता द्वारिका अपने चचेरे भाई के दरवाजे पर बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी शाम सात बजे बुधिराम उर्फ बुधवंत उर्फ छोटटन पुत्र राजबली खरवार और मलुआ अगरिया पुत्र परकाश उर्फ राम प्रकाश निवासीगण करैलीडाड़ टोला खरहरा, थाना चोपन, जिला सोनभद्र आ गए और आते ही एकाएक गड़सा और तीर धनुष से उसके पिता द्वारिका को मारने लगे। बुधिराम गड़सा से जान से मारने की बात कहकर कई वार किया। शोरगुल की आवाज सुनकर जब टार्च जलाकर घटना स्थल पर पहुंचे तो दोनों लोग अपने घर की ओर भागते हुए दिखाई दिए। घायलावस्था में पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों को सजा दी गयी।

डीएम ने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण

सोनभद्र (स्पष्ट आवाज)। डीएम चन्द्र विजय सिंह ने राबर्ट्सगंज क्षेत्र अन्तर्गत निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किये निरीक्षण के दौरान डीएम ने टाइप-4, टाईप-5, प्रशासनिक भवन व बाउण्ड्रीवाल सहित मेडिकल कालेज के निर्माणाधीन विभिन्न सकायों का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान भवनों में लगाई जा रही टाइल्स की गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गयी जिस पर डीएम ने गुणवत्तापूर्ण टाइल्स लगाने के निर्देश नामित एजेन्सी के प्रोजेक्ट मैनेजर को दिये इस दौरान डीएम ने भवन में किये गये प्लास्टर को भी देखे तो कई जगह प्लास्टर टूटे हुए दिखाई दिया जिस पर डीएम ने प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि प्लास्टर की गुणवत्ता में सुधार लाया जाये अन्यथा की दशा में पेनाल्टी की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल कालेज के बाउण्ड्रीवाल को भी देखे बाउण्ड्रीवाल की ऊंचाई कम पायी गयी जिस पर डीएम ने प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा कि बाउण्ड्रीवाल की ऊचाई को और बढ़ाया जाये जिससे की बाहर से अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न हो सके। निरीक्षण में मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा सुरेश सिंह, रेहान अली खान साइट इन्चार्ज आर कॉप एसोसिएट, महेश सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, डीएम आशुलिपिक राम अधार व अन्य लोग उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 मार्च को

सोनभद्र (स्पष्ट आवाज)। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज, एफटीसी (सीएडब्लू) सोनभद्र पारितोष श्रेष्ठ ने बताया कि 9 मार्च, को प्रात 10 बजे से जनपद न्यायालय सोनभद्र के प्रांगण एवं बाह्य न्यायालय ओबरा, दुद्धी तथा ग्रामीण न्यायालय घोरावल के प्रांगण में एवं राजस्व सम्बन्धी वादों के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत सभी राजस्व न्यायालय परिसर में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में निस्तारण के लिए न्यायालय में लम्बित-आपराधिक शमनीयमनीय वाद धारा-138 एनआई एक्ट के वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वादों, आबीट्रेशन, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, विद्युत एवं जल बिल, सर्विस में वेतन एवं भत्तों से सम्बन्धित एवं सेवानिवृत्ति परिलाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद (केवल माननीय उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालयों में लम्बित वाद) अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) से सम्बन्धित मामलों के साथ साथ सुलह योग्य प्रि-लिटिगेशन मामलों-जैसे धारा-138 एनआई एक्ट के वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत एवं जल बिल अन्य (आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक एवं अन्य सिविल विवाद) वादों को जनपद न्यायालय, सोनभद्र के प्रांगण में एवं बाह्य न्यायालय ओबरा, दुद्धी तथा ग्रामीण न्यायालय घोरावल के प्रांगण में एवं राजस्व सम्बन्धी वादों के लिए लोक अदालत सभी राजस्व न्यायालय परिसर, सोनभद्र में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जन साधारण को सूचित करते हुए बताया कि उक्त प्रकार के लम्बित वाद विवाद शिकायत को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकरण-फोरम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी, जनपद न्यायालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र से सम्पर्क कर अपने विवाद को निस्तारित करा सकते हैं।

फांसी लगाकर किशोरी ने किया आत्महत्या

जौनपुर (स्पष्ट आवाज)। जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के समोपुर कला ग्राम निवासी शिव बचन यादव की 14 वर्षीया पुत्री प्रियंका यादव गुरूवार को दोपहर कमरे को अंदर से बंद करके पंखे के हुक पर साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी की अपनी बड़ी बहन से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिससे आवेश में आकर घर के अंदर जाकर कमरे को अंदर से बंद कर पंखे के हुक के सहारे आत्महत्या कर ली। जिससे घर में चीख पुकार मच गई और किसी ने घटना की जानकारी थाना अध्यक्ष सुरेंदनाथ सिंह को और 112 पर सूचना दी गई। थानाध्यक्ष पहुंचे और मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।

18 को निःशुल्क हृदय रोग जाँच शिविर

जौनपुर (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग संस्थान कानपुर के प्रख्यात हार्ट सर्जन एवं राजकीय कानपुर मेडिकल कॉलेज के हृदय रोग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डा0 नीरज प्रकाश सिंह द्वारा निःशुल्क हृदय रोग की जाँच कर परामर्श दिया जायेगा। 18 फरवरी को एमएस पैरामेडिकल कालेज पालिटेक्निक चौराहा इलाहाबाद रोड पंजाब बैंक के बगल में पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह दो बजे तक भारत समाज विकास ट्रस्ट द्वारा ईसीजी, ब्लड की आवश्यक जांच एवं कुछ मेडिसिन निःशुल्क दी जाएगी। डॉ नीरज प्रकाश सिंह हार्ट सर्जरी में गोल्ड मेडल प्राप्त हैं और अब तक लगभग 4000 से अधिक हार्ट सर्जरी कर चुके हैं।

सैनिकों की समस्याओं को सुना

जौनपुर (स्पष्ट आवाज)। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक संपन्न हुई। अपर जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता पर रखकर इसके निस्तारण हेतु निर्देशित किया। भूतपूर्व सैनिकों द्वारा प्रार्थना पत्र सौंपा गया, जिसपर अपर जिलाधिकारी ने निस्तारित करने का आश्वासन दिया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले0 कर्नल विजय अहलावत सहित समिति के सदस्यों ने शामिल कई भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

वित्तीय समावेशन महामेला का शुभारंभ, 10 हजार खाते खुले

जौनपुर (स्पष्ट आवाज)। डाक विभाग अब पत्र व पार्सलों के साथ-साथ सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। बदलते परिवेश में वित्तीय समावेशन, डिजिटल इंडिया और अंत्योदय में डाक विभाग अहम भूमिका निभा रहा है। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने जिले के मल्हनी में आयोजित वित्तीय समावेशनष् महोत्सव में संबोधन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होने सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र तथा डाक जीवन बीमा के लाभार्थियों को पासबुक व पॉलिसी बॉन्ड भी प्रदान किए। डाक अधीक्षक परमानंद कुमार ने बताया कि डाक मेले में लोगों द्वारा 10 हजार से अधिक बचत खाते और नए जीवन बीमा हेतु 10 लाख से अधिक के प्रीमियम का निवेश किया गया।पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि, एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर डाकघरों को बहुद्देशीय बनाया गया है। बचत, बीमा, आइपीपीबी, आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर, गंगाजल, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम जनोन्मुखी सुविधाएं डाकघरों में उपलब्ध हैं। आकर्षक ब्याज दरों के कारण आज भी डाकघर की बचत योजनाएँ सर्वाधिक लोकप्रिय हैं और इनमें लोग पीढ़ी दर पीढ़ी सुरक्षित निवेश करते आ रहे हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत आरंभ सुकन्या समृद्धि योजनाश् बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मल्हनी बाजार शाखा डाकघर को उन्नयन करके उपडाकघर को खोलने से मल्हनी बाजार के और आसदूपास के क्षेत्र के लोगों को डाकघर की सभी सेवाओं में काफी सहूलियत मिलेगी। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डाकिया और ग्रामीण डाक सेवक आज एक चलते फिरते बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं। किसानों सहित अन्य तमाम लाभार्थियों के बैंक खातों में आने वाली पीएम किसान सम्मान निधि सहित तमाम डीबीटी राशि की निकासी के लिए बैंक या एटीएम जाने की जरूरत नहीं, बल्कि घर बैठे ही अपने आधार लिंक्ड बैंक खाते से डाकिया के माध्यम से निकासी कर सकते हैं।

जौनपुर मंडल में अब तक 22 गाँवों को फाइव स्टार विलेज, 100 गाँवों को सम्पूर्ण बीमा ग्राम, 206 गाँवों को सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम व 6 गाँवों को संपूर्ण महिला सम्मान बचत पत्र ग्राम बनाया गया है। डाक अधीक्षक परमानन्द कुमार, सहायक डाक अधीक्षक विपिन यादव, उपमंडलीय निरीक्षक शशिकांत कन्नौजिया, व्यास मुनि पाठक, बलवीर सिंह, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक सीनियर मैनेजर साक्षी सिन्हा, जनसंपर्क निरीक्षक ऋषिकेश चौहान, उपडाकपाल रक्षित सिंह, सिस्टम मैनेजर शकील खान, रवि रंजन, रंजीत कुमार, आस्था तिवारी, खुशी सिंह, आर्या, अनुप्रिया सिंह आदि उपस्थित रहे।

खौलते गर्म पानी में गिरने से बालक झुलसा, रेफर

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव में गुरुवार की सुबह खौलते पानी में गिरने से चार वर्षीय बालक गंभीर रूप से झुलस गया मौके पर पहुंचे बालक के परिजनों ने उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद बालक की हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है ।जिस पर बालक के परिजन एंबुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय लेकर चले गए।हलिया थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी साधवेंद्र का 4 वर्षीय बालक ऋषफ खेलते समय घर के बाहर किसी कार्य के लिए परिवार के लोग पानी खौला रहते थे कि बालक अचानक खौलते पानी में गिर गया जिससे बालक पानी की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में गंभीर रूप से झुलसकर घायल बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अवधेश कुमार ने बालक का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया है जिस पर बालक के परिजन एंबुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय लेकर चले गए। बालक को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

यूपी बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष पारदर्शिता से सम्पन्न कराये : जिलाधिकारी

सोनभद्र (स्पष्ट आवाज)। यूपी बोर्ड की की तैयारियों के सम्बन्ध में डीएम चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल चुर्क में बैठक आयोजित की गयी बैठक के दौरान डीएम ने मौजूद केन्द्र व्यवस्थापक को सम्बोधित करते हुए कहा कि 22 फरवरी से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा प्रारम्भ हो रही है जो 04 मार्च तक चलेगी बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शिता तरीके से सम्पन्न कराये जाने हेतु स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक की तैनाती की गयी है बोर्ड परीक्षा को सम्पन्न कराने हेतु जिन भी अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है वह उसका सम्यंक निर्वाहन सुनिश्चित करेगें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी, इस बार बोर्ड परीक्षा 76 परीक्षा केंद्रों पर होगी, इसमें 76 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 76 केंद्र व्यवस्थापक तैनात किए गए हैं सभी परीक्षा केंद्रों को चार जोन में विभाजित किया गया है 12 सेक्टर मजिस्ट्रेट निगरानी हेतु लगाए गए हैं इसके अलावा समस्त उप जिलाधिकारी अपने-अपने तहसील के परीक्षा केंद्रों के लिए जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किए गए हैं परीक्षा को पारदर्शिता व निष्पक्ष तरीके सम्पन्न कराने हेतु सात सचल दस्ते गठन किया गया है जो निरंतर भ्रमण शील रहकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेगें, इस बार की माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में इंटरमीडिएट में 18940 परीक्षार्थी व हाई स्कूल में 28844 परीक्षार्थी परीक्षा सम्मलित होगें, बेसिक शिक्षा विभाग से 1387 अध्यापको के कक्ष निरीक्षक के रूप तैनात किया गया हैं माध्यमिक शिक्षा के विद्यालयों से 1407 कक्ष निरीक्षक, कुल 2794 कक्ष निरीक्षक तैनात किए गए हैं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने अधिकारियों व केन्द्र व्यस्थापकों से कहा कि बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शिता पूर्ण तरीके सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी केन्दों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। परीक्षा केन्द्र केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में करायी जायेगी जिसके मानटरिंग हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है कन्ट्रोल रूम के माध्यम से परीक्षा की निगरानी की जायेगी।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र(वि/रा), अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक आरपी यादव ने तैयारियों के सम्बन्ध में केन्द्र व्यवस्थापकों को जानकारी दी, इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित उपस्थित रहे।

डीएम ने किया स्ट्रांग रूम, ट्रेनिंग, डिस्पैच व कंट्रोल रुम का निरीक्षण

सोनभद्र (स्पष्ट आवाज)। डीएम ने राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी में लोक सभा चुनाव में स्थापित होने वाले स्ट्रांग रूम, ट्रेनिंग, डिस्पैच, रिसिविंग एवं काउन्टर सेन्टर तथा कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किये। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने आज राजकीय पालिटेक्निक कालेज लोढ़ी में आगामी लोक सभा चुनाव में स्थापित होने वाले स्ट्रांग रूम, ट्रेनिंग, डिस्पैच, रिसिविंग एवं काउन्टर सेन्टर तथा कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान डीएम ने सहायक निर्वाचन अधिकारी से लोक सभा चुनाव के पश्चात किन-किन हॉल व कमरों में विधान सभा वार जमा किये जाने वाले ईवीएम व बीबी पैट के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और मतगणना के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की, इस दौरान डीएम ने सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत स्ट्राग रूम व मतगणना स्थल से सम्बन्धित जो भी कार्यवाही है प्रारम्भ कर ससमय पूर्ण कर लिया जाये जिससे की आगामी लोक सभा निर्वाचन के समय किसी प्रकार की कोई समस्या न आने पाये।

बसंत उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

इटावा (स्पष्ट आवाज)। स्वस्थ, समर्थ, सुसंस्कृत एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने को संकल्पित भारत विकास परिषद इटावा तुलसी द्वारा बसंत उत्सव का पावन पर्व विहान श्रमिक आवासीय बालिका विद्यालय में हवन पूजन कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बालिकाओं को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त रहते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने की प्रेरणा मातृशक्ति प्रांत संयोजिका डॉक्टर सीमा चौहान द्वारा सिखाई गई।उन्होंने अपने संबोधन में विद्यालय की सभी अनुशासित बच्चियों की भूरि भूरि प्रशंसा की।परिषद के प्रकल्प के अंतर्गत बेटियों को आत्म निर्भर एवं हुनर मंद बनाने के लिए सिलाई,कढ़ाई एवं आर्ट क्राफ्ट से संबंधित कुछ विशेष जानकारी कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जौली यादव द्वारा दी गई उनसे प्रेरणा लेकर बच्चों ने बहुत ही सुंदर आकर्षक फूलों के गुलदस्ते अपने हाथों से बनाकर अतिथियों को प्रदान किये। जिसमें सर्वश्रेष्ठ वैष्णवी एवं साधना को तुलसी शाखा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रतिमा सिंह ने कार्यक्रम के पूर्व सभी अतिथियों का स्वागत,वंदन,अभिनंदन रोली अक्षत से किया।कार्यक्रम का संचालन पंकज कुमार सिंह चौहान ने किया एवं आभार संगठन सचिव अंजू चौधरी ने व्यक्त किया। तुलसी के इस बसंतोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीतम खन्ना,अनीता सिंह,मंजू सिंह, नीरज, दिनेश कुमार, सुधाकर सिंह, सुमन लता, सुकर्मा वर्मा,रमन यादव, नीलम एवं आकांक्षा सहित अन्य सभी तुलसी सदस्यों व विद्यालय परिवार का सराहनीय सहयोग रहा।

विद्यालय में मनाया गया बसंत उत्सव, छात्राओं को दिये प्रशस्तिपत्र

कादीपुर/सुल्तानपुर (स्पष्ट आवाज)। करौदीकलां स्थित अनुराग बालिका इंटर कॉलेज में विधि-विधान से बसंत उत्सव मनाया गया।बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। उक्त अवसर पर अनुराग इंटर कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. आरके मिश्रा ने छात्राओं को प्रशस्तिपत्र देते हुए कहाकि आपसे समाज और राष्ट्र को बहुत आशाएं है, राष्ट्र के नव निर्माण में नई पीढी को महती भूमिका का निर्वाह करना होगा, तभी हम नये भारत की कल्पना कर सकते है,अपने संबोधन में डॉ.आरके मिश्रा ने उपस्थित गणमान्य,शिक्षिकाओं व छात्राओं से कहाकि राष्ट्र को विश्व पटल पर अग्रणी पंक्ति पर ले जाने में सभी को अपना योगदान सुनिश्चित करना होगा,तभी हम निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

कालेज में बसंतोत्सव धूमधाम से मनाया गया

भरथना, इटावा (स्पष्ट आवाज)। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर नगर की प्रतिष्ठित संस्था विक्टर पब्लिक इंटर कॉलेज में मां सरस्वती का जन्मोत्सव एवं बसंत ऋतु के आगमन का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रोहन सिंह, डायरेक्टर श्रीमती इंदू सिंह,प्रबंधक समिति के सदस्य रजत सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती अल्पना केसरवानी एवं सभी शिक्षक गणों ने समस्त छात्र छात्राओं समेत मां सरस्वती एवं गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके पीले फूल एवं फल चढ़ाकर पूजन किया। इस अवसर पर सभी ने पीले वस्त्र धारण करके सरसों के फूलों की पीली चूनर पहने धरती माता के साथ सामंजस्य करके उत्सव मनाया। उत्सव के उपरांत सभी में प्रसाद रूप में मिष्ठान वितरण हुआ एवं हल्दी का पीला तिलक लगाया गया।

जहां दिखें दिव्यांगज उनका करें प्रोत्साहन : करतार केशव

सुल्तानपुर (स्पष्ट आवाज)। दिव्यांगजन दया के पात्र नहीं होते, उन्हें जहां देखें प्रोत्साहित करें जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। यह बातें समाजसेवी करतार केशव यादव ने कही। वे दिव्यांगता निवारण पर आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में बोल रहे थे। दुबेपुर ब्लॉक के सभागार में रूरल इनफार्मेटिव एंड सोशल हॉर्मोनी अकादमी द्वारा आयोजित कार्यशाला में बतौर विशिष्ट अतिथि जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी मुदित श्रीवास्तव ने कहा कि दिव्यांगता समाज के लिए बड़ी चुनौती है। सरकार ने दिव्यांगों के कल्याणार्थ बहुत योजनाएं चला रही है उन्हें पात्रों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। प्रयास यह होना चाहिए कि दिव्यांगता को समाप्त किया जा सके। बाल कल्याण समिति की मजिस्ट्रेट सदस्य सरिता यादव ने कहा कि अक्सर बचपन में ही दिव्यांगता का पता चल जाता है। ऐसे में प्रभावित बच्चों को बाल सामान्य योजना का लाभ दिलाने का प्रयास अवश्य करें।

भेटुवा ब्लॉक के दिव्यांग विशेष शिक्षक राजकुमार यादव ने कहा कि सब मिलकर प्रयास करें तो दिव्यांगता से मुकाबला किया जा सकता है। संस्था की संचालिका रिशा कुमारी वर्मा ने कहा कि दिव्यांग बेसहारा नहीं होते ये माता-पिता के बुढ़ापे का सहारा बनते हैं। उन्होंने आगतुकों का आभार जताया और दिव्यांगों की मदद के लिए आह्वान किया। यह भी बताया कि यह कार्यशाला दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के संयोजन में सम्पन्न हुआ है।

अपहरण के बाद हुई सकुशल वापसी

इटावा (स्पष्ट आवाज)। 2 दिन पूर्व व्यापारी नेता के पुत्र के अपहरण के मामले में पुलिस की सतर्कता से अपहरणकर्ता गाड़ी का पीछा करते हुए क्षेत्रीय पुलिस द्वारा छुड़ा लिया गया था। घटना से जनपद भर में व्यापारियों में पुलिस की त्वरित कार्रवाई की प्रशंसा की जा रही है।

इसी प्रशंसा के चलते गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने सम्मान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह चौहान शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला उपाध्यक्ष गोरखनाथ वर्मा सुनीता कुशवाहा बंटू यादव युवा जिला महामंत्री रिंकू यादव शहर महामंत्री विवेक गुप्ता चकरनगर अध्यक्ष बबलू गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

आजाद सनातन सेना ने सुरेश को बनाया जिला मीडिया प्रभारी

सुल्तानपुर (स्पष्ट आवाज)। आजाद सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप पाण्डेय जोगी की सहमति पर प्रदेश अध्यक्ष राजीव मिश्रा ने जिले के उघड़पुर गांव निवासी सुरेश दूबे को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही 10 मार्च को जौनपुर में होने वाले सनातन समागम व 551 श्रीराम चरित मानस वितरण कार्यक्रम की सफलता को लेकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है। सुरेश दूबे ने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा है कि जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी का निर्वाह्न करते हुए सनातनी हिंदुओं को जोड़ने के साथ ही आगामी 6 महीने में पूरे जिले में आजाद सनातन सेना का गठन कर दिया जाएगा। उन्होने कहा कि 10 मार्च को होने सनातन समागम में तन-मन-धन से समर्पित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया जायेगा। श्री दूबे ने कहा है कि मीडिया के माध्यम से आजाद सनातन सेना के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। सुरेश दूबे को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दिये जाने पर श्रीपति उपाध्याय, अजय त्रिपाठी, शेषमणि पाण्डेय, राजेश मिश्र, धनंजय पाण्डेय, जितेन्द्र त्रिपाठी रोहित, गिरीश पाण्डेय आदि ने खुशी जताई है।

हेल्थ सेंटर से फ्रिज और इनवर्टर चोरी

सुल्तानपुर (स्पष्ट आवाज)। हलियापुर में चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। यहां हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को चोरों ने निशाना बनाया और हजारों का इलेक्ट्रिकल सामान उड़ा है। चोर चार पहिया वाहन से सामान लादकर ले गए हैं। सेंटर की स्वास्थ्य अधिकारी ने थाने पर तहरीर देते हुए पुलिस को सूचना दिया है। जानकारी के अनुसार हलियापुर स्थित हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में बीती रात अज्ञात चोर आ धमके। यहां लबे सड़क सेंटर का ताला तोड़कर बेखौफ चोर सेंटर में घुसे। चोर चार पहिया वाहन से हेल्थ सेंटर पर पहुंचे थे। सेंटर में रखी फ्रिज, इनवर्टर और उसकी बैटरी को उसी वाहन पर चोरों ने लादा और नौ दो ग्यारह हो गए। इस घटना की किसी को कानो कान खबर तक नहीं हुई। आज जब हेल्थ सेंटर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता सिंह यहां पहुंची तो ताला टूटा हुआ पाया। अंदर जाकर उन्होंने देखा तो सामान बिखरा पड़ा था और फ्रिज इनवर्टर गायब था। उन्होंने तत्काल थाने पर घटना को लेकर तहरीर दी। थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा मौके पर पहुंची और जांच किया। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

स्कूली बच्चों को खाद्यान्न सामग्री वितरित

इटावा (स्पष्ट आवाज)। जायंट्स ग्रुप की यूनिट 2 डायरेक्टर श्रीमती राखी मित्तल की उपस्थिति में जायंट्स ग्रुप ऑफ तेजस्विनी इटावा के सदस्यों ने अंधस्पर्श विद्यालय जाकर वहां सभी बच्चों से भेंट की और उनसे विभिन्न क्षेत्रों में उनके अनुभव जाने और उज्जवल भविष्य की कामना की। जायंट्स ग्रुप के सदस्यों ने बच्चों के लिए 10 किलो चावल, 10 किलो दाल,10 किलो आटा,5 किलो शक्कर,2 किलो सरसों का तेल, 1 किलो देसी घी, ब्रेड ,बिस्किट, टॉफी ,10 किलो फल और साथ ही साथ 5 किलो बूंदी के लड्डू आदि खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस सुअवसर पर अध्यक्ष श्रीमती ऋतु चौहान,श्रीमती सीमा चौहान,श्रीमती अल्का जादौन,श्रीमती प्रिया पोरवाल, श्रीमती गीतू सिंह,श्रीमती अपर्णा यादव,श्रीमती कल्पलता , कृतिका सेंगर, पूजा राठौर, विकास सिंह, अखिलेश कुमार, एवम इटावा डायमंड के आई पी पी श्री बलराज गर्ग पूरे सहयोग एवम सेवा की भावना से उपस्थित रहे।

टीबी मरीजों को एक माह का पोषण किया वितरित

इटावा (स्पष्ट आवाज)। लायंस क्लब इटावा द्वारा टीबी के 40 रोगियों को एक माह का प्रोटीन युक्त पोषण का वितरण वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में दिनांक 14 फरवरी दिन बुधवार को टीबी अस्पताल पर मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी,जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.शिवचरण एवम डीजीसी राजस्व अनुराग दुबे के द्वारा किया गया। उक्त सेवा कार्य में मंडलीय जी एम टी समन्वयक लायन अतुल भार्गव,लायन संतोष चौधरी,लायन डॉ.एस.सी.गुप्ता, लायन अनूप अग्रवाल,लायन राजेश अग्रवाल, लायन अरुण वर्मा,लायन गौरव पोरवाल,लायन शैलेश पाठक,लायन डॉ. मोहित श्रीवास्तव तथा क्षय विभाग के अधिकारियों ने विशेष सहयोग। अन्त में अध्यक्ष लायन डॉ.डी.के. दुबे एवम सचिव लायन परिधि वर्मा ने सभी को सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना सं. व.मं.वि.इ./गतिशक्ति/इज्जत/इलै./03/2024
दिनांक 15.02.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:– **क्र.सं. 1. कार्य का नाम:** इज्जतनगर मंडल के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत (कासगंज, फर्रूखाबाद, कन्नौज, इज्जतनगर, बरेली सिटी, काठगोदाम, टनकपुर, काशीपुर, पीलीभीत तथा लालकुआं) रेलवे स्टेशनों के लिए यात्री लिफ्टों की व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹50,98,367.95; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹1,02,000/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य; **ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** 11.03.2024 को 15:00 बजे तक; **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** चार माह; • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है IREPS और पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई–टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा./गति शक्ति), इज्जतनगर
मुजाधि/विद्युत–270

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

वीरांगना फूलन देवी संघर्ष शौर्य दिवस मनाया

सुल्तानपुर (स्पष्ट आवाज)। मछुआ कल्याण संस्थान, उ.प्र. के तत्वाधान में वीरांगना फूलन देवी संघर्ष शौर्य दिवस वल्लीपुर में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा प्रत्याशी भीम निषाद, प्रधान राजेश निषाद, वीआईपी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उर्मिला निषाद एवं विशिष्ट अतिथि प्रबंधक हरिश्चन्द्र निषाद, फौजी संतोष सोनकर, देवतादीन निषाद, सिद्धार्थ भीम तथा अतिविशिष्ट अतिथि एडवोकेट प्रेमचन्द्र निषाद, कोटेदार प्रियंका निषाद, युवा समाजसेवी सोनू निषाद रहे। लोकसभा प्रत्याशी भीम निषाद ने कहा कि समाज में हर महिला को फूलन जैसे घर से निकलकर समाज में हो रहे अत्याचार को फूलन की तरह खत्म करना है तभी समाज का विकास सम्भव है। मोस्ट निदेशक व संघर्ष शौर्य दिवस कार्यकम के संरक्षक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरूजी÷ ने कहा कि आने वाली पीढ़ी वीरांगना फूलन देवी के संघर्ष को भूल न जाय इसीलिए विगत पांच वर्षों से वीरांगना फूलन देवी संघर्ष शौर्य दिवस अनवरत सुलतानपुर में मनाया जा रहा है, इसका अन्य जनपदों में विस्तार किये जाने की आवश्यकता है। श्री निषाद ने मछुआ समुदाय में वीरांगना फूलन देवी का चित्र लगवाने के लिए दस हजार रुपए का आर्थिक सहयोग का वचन दिया। मछुआ कल्याण संस्थान के अध्यक्ष प्रधान योगेश निषाद ने कहा कि मछुआ समुदाय पर हो रहे राजनीतिक, सामाजिक व प्रशासनिक उत्पीड़न को हम सबको मछुआ कल्याण संस्थान के माध्यम से खत्म करना होगा तभी मछुआ समुदाय का कल्याण सम्भव है। डा. प्रदीप निषाद ने कहा कि फूलन पर हुए अत्याचार को ध्यान में रखते हुए समाज को अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी। कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट नरेंद्र कुमार निषाद ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार निषाद व एडवोकेट उदय प्रकाश बौद्ध तथा अध्यक्षता खेमई प्रसाद निषाद ने की।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा नोटिस सं. ईपीएस/56/2024
ईमेल पता- dycmmcb15@gmail.com

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	56236011	DYNAMIC BALANCING MACHINE 3000KG AS PER SPECIFICATION ATTACHED	01 Nos	14.03.24
02	56236012	DYNAMIC BALANCING MACHINE CAP-3000 KG, as per specification attached, sanctioned in M&P/2021-22 under GM power, item no LS49/3402	01 Nos	11.03.24

निविदा शर्तें- **1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। **492/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षिप्त समाचार

फॉरेन मेडिकल एग्जामिनेशन पास होने पर लोगों ने दी बधाई

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत वासाचक निवासी मोहम्मद अली हमजा पुत्र जुबेर अहमद को मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया द्वारा आयोजित फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन पास होने पर लोगों ने बधाई दी है। विदेश से पढ़ कर आने वाले चिकित्सकों के लिए आयोजित उक्त परीक्षा पास करना अनिवार्य होता है। जिसके अंतर्गत मोहम्मद अली हमजा ने एमबीबीएस एमडी में एशियन मेडिकल इंस्टिट्यूट कज़ाकिस्तान से पढ़ाई पूरी की और उन्होंने प्रथम बार में ही फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन पास कर लिया। मोहम्मद अली हमजा के पिता डेंटल हाइजीनिस्ट हैं, जबकि माता आफरीन जहां एएनएम पद पर तैनात हैं। उनके इस सफलता पर क्षेत्र के काजी मोहम्मद सारिक, सिकंदर हमीद, सलमान, अफजल हमीद, परवेज आलम, जावेद आलम, काजी सोहेल, इमरान प्रधान, एखलाक हुसैन आदि लोगों ने बधाई दी है।

दस दिवसीय रामलीला का शुभारंभ

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत ऐतिहासिक स्थान गालापुर गत रात्रि रामलीला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर स्थान के व्यवस्थापक तथा समाज सेवी विष्णु यादव ने फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ किया। तत्पश्चात लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को अपने धार्मिक संस्कारों को कभी नहीं भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत को विश्व गुरु मान रही है। सभी लोगों को यह चाहिए कि अपने सनातन धर्म को हमेशा बनाए रखें। इस मौके पर भगत यादव, राजू यादव, पवन, सदानंद, मुन्नीलाल, लालमन, राजकुमार, निखिल पांडेय, रवि कुमार मोदनवाल, गौरी शंकर आदि लोग मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री ने जताई संवेदना

पट्टी। बुधवार को प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह सरसतपुर गांव के अधिवक्ता प्रमोद सिंह के पुत्र प्रियम सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना पर प्रकट करने उनके आवास सरसतपुर गांव पहुंचे, उन्होंने शोक संवेदना प्रकट करते हुए इसे बहुत दुखद घटना बताया। उनके बाद वह भरोखन गांव के अधिवक्ता सुरेश सिंह राठौर के यहां उनके पुत्र शशांक सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ रामगंज नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश सिंह, पट्टी नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, प्रबंधक दया भान सिंह उर्फ पप्पू सिंह, प्रवीण सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सतीश सिंह, पंकज सिंह, अंशु सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजू सिंह, राजा अर्जुन प्रताप सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

गृह राज्य मंत्री ने किया रोजगार मेले का शुभारंभ

निघासन-खीरी, (स्पष्ट आवाज)। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं में खासा उत्साह रहा साथ ही रोजगार मेले के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी की उपस्थिति रही इसी क्रम में मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया करन मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षार्थियों से बात कर उनका मार्गदर्शन किया और कहा कि डबल इंजन की सरकार में बेरोजगारों को रोजगार व संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है सरकार लगातार युवाओं एवं योग्यता अनुसार लोगों को रोजगार उपलब्ध कर रही है कौशल विकास का अभियान बड़े पैमाने पर चलाए जा रहा है ताकि युवा पूरी मजबूती के साथ जुड़े व अपने करियर की शुरुआत कर सके इस अवसर पर अतिथि द्वारा चयनित लाभार्थियों को नियुक्त पत्र वितरित किए गए व मेले में तकरीबन 13 प्रतिष्ठित कंपनियों सहित 500 से अधिक लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा 189 अभ्यर्थियों का चयन किया गया मेले की अध्यक्षता राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखीमपुर व कार्यदेशक विनोद कुमार जिला कौशल प्रबंधक चंदन सिंह, रोहित त्रिपाठी व अन्य निजी प्रशिक्षक प्रदाता केंद्र सहित लोग उपस्थित रहे।

कैंसर जागरूकता को लेकर मैराथन दौड़ आज

पलियाकलां-खीरी, (स्पष्ट आवाज)। कस्बे में स्थित वन बीट में होने वाले पहले वार्षिकोत्सव की तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। वार्षिक उत्सव 16 फरवरी से लेकर 21 फरवरी तक मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव की शुरुआत मैराथन दौड़ से शुरू होगी। शुक्रवार की सुबह मैराथन दौड़ वन बीट कॉलेज परिसर से शुरू की जाएगी जिसकी शुरुआत वन बीट ग्रुप के अध्यक्ष सरदार बहादुर सिंह झंडी दिखाकर करेंगे। मैराथन का मुख्य उद्देश्य समाज में कैंसर की जागरूकता फैलाना व रोकथाम करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। शुक्रवार से भीरा स्थित वन बीट परिसर से पहले वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा।

मोदी के द्वारा महिलाओं का हुआ उद्धार : सांसद जगदंबिका पाल

○शोहरतगढ़ नगर पंचायत में नारी शक्ति वंदन का हुआ कार्यक्रम

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। शोहरतगढ नगर पंचायत मे नारी शक्ति वंदन व शक्ति सवाद कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के अध्यक्षता मे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि पहले महिलाए अपने आप को असुरक्षित महसूस करती थी लेकिन आज भाजपा सरकार मे प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा महिलाओ का उद्धार हुआ है। जिसमे बेटियो को संयुक्त भागीदारी का हक, मातृत्व वंदन योजना,उज्जवला योजना,महिला शक्ति केंद्र जैसे प्रमुख योजना शामिल है। शोहरतगढ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि आज भाजपा सरकार मे महिलाओ का सम्मान बढा है।प्रदेश मे मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत एक लाख पचास हजार से अधिक पदो पर भर्ती हुई है,जिसमे लगभग 35 हजार महिला पुलिसकर्मी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने अपने संबोधन मे भाजपा के नीतियो के बारे मे विस्तार से बताया। कार्यक्रम को संबोधित करती हुई नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने महिलाओ को तमाम योजनाओ की जानकारी दिया।कार्यक्रम मे मातृशक्तियो को उपहार स्वरूप कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शोहरतगढ थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय मय टीम मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन भाजपा के विधान सभा संयोजक पवन मिश्र किये। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि एस पी अग्रवाल, उपजिलाधिकारी कमेन्द्र कुमार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, सूर्य प्रकाश पाण्डेय उर्फ पहलवान, शिव कुमार अग्रवाल, लाल जी बाबा,मंडल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा,रमेश मणि त्रिपाठी, भोले शर्मा, अनिल मिश्र किशोरीलाल गुप्त के साथ हजारो की संख्या मे महिलाएं कार्यक्रम मे मौजूद रही।

विज्ञान प्रदर्शनी में राज एंग्लो वेदिक स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

प्रतापगढ़। नगर क्षेत्र स्थित राज एंग्लो वेदिक विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न माडलों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ आरके मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। डॉ मिश्रा ने कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है। वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता एवं नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। विद्यालय के डायरेक्टर माधुरी पांडेय एवं प्रबंधक राजेश पांडेय ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न आकर्षक एवं महत्वपूर्ण मॉडलों की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया। माधुरी पाण्डेय ने विद्यार्थियों के बनाये मॉडल और उसकी प्रतिभा की सराहना करते हुए हमेशा रचनात्मक सोच रखने की सलाह दी। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई और विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने टेस्ला कॉइल, सेक्युरिटी अलार्म, विंड मिल, मैगनेट रेपुल्सन, लिफ्ट, इनफिनिटी मिरर, रोबोट, सोलर एनर्जी, जेसीबी आदि जैसे प्रोजेक्ट तैयार किये। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाओं में गीता सिंह, शिवशक्ति शुक्ल,अनूप ओझा,राधा पटेल, आकांक्षा सिंह,साक्षी श्रीवास्तव, आयुषी पांडेय का जहां सहयोग रहा वहीं अभिभावक ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हुए छात्रों ने उत्साह बढ़ाया।

आदर्श क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता रही रायबरेली

प्रतापगढ़। नगर पंचायत पृथ्वीगंज हवाई अडडे के स्टेडियम में आदर्श क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रानीगंज विधानसभा के पूर्व विधायक धीरज ओझा के सानिध्य में प्रतापगढ़ स्टेडियम और रायबरेली के बीच खेला गया, प्रतापगढ़ स्टेडियम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 12 ओवरों में 90 रन बनाए जवाब में रायबरेली ने 10.4 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य बड़ी आसानी से हासिल कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रायबरेली के दिव्यप्रकाश को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया, प्रतापगढ़ के आशू सिंह को उनके लगातार बढ़िया प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज दिया गया।

स्कूल के आफिस का खिड़की तोड़कर हुई चोरी

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। भवानीगज थाना क्षेत्र के ग्राम बंजाराडीह स्थित प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में बुधवार की रात अज्ञात चोर ऑफिस का ताला तोड़कर अलमारी में रखा सारा सामान उठा ले गए। जिसकी सूचना प्रधानाध्यापिका द्वारा थाने पर देकर कार्यवाही की मांग की गयी है। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका यासमीन फातिमा ने बताया कि गुरूवार की सुबह जब उन्होंने विद्यालय के आफिस में प्रवेश किया तो देखा सामान बिखरा हुआ है। पीछे की खिड़की का दरवाजा टूटा है और उसमें लगी कुछ सरिया कटी हुई है। आलमारी खोलने पर पता चला दो ब्लूटूथ और एक बड़ा साउंड, टुल्लू पम्प, खाली सिलेंडर गायब है। इसकी जानकारी उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नसीरूल हसन को देकर मौके पर बुलाकर दिखाया। उन्होंने यह भी कहा कि चोरी के मामले का पर्दाफाश कराने के लिए थाने पर तहरीर दी गयी है। इस बारे में भवानीगंज थाना प्रभारी रामदेव ने बताया कि उक्त मामले की तहरीर मिली है। जिसके आधार पर जांच की जा रही है।

किसान के खेत में तेंदुआ ने दिया दो शावको को जन्म

सिंगाही -खीरी,(स्पष्ट आवाज)। बेलरायां रेंज के भौका की ओर जाने वाले रास्ते पर रामनरेश लोधी के खेत में तेंदुए ने दो शावकों को जन्म दिया है। वहीं, बुधवार को भी तेंदुए गांव में घूमती दिखी। सूचना पर वनकर्मियों के साथ पुलिस टीम मौके पर पहुंची। खेत के चारों तरफ सुरक्षा बढ़ा दी गई है। क्षेत्र में लगातार तेंदुआ दिखाई देने से लोगों में दहशत बनी हुई है। अब बेलरायां रेंज के भौका मोतीपुर जानेवाले रास्ते पर सिंगाही के रामनरेश लोधी के गन्ने के खेत में तेंदुए के दो शावक मिले हैं। उन्हें देख कर लोग अचंभित रह गए। दोनों शावक कौतूहल बने हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग के टीम मौके पर पहुंच गई। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। वन क्षेत्राधिकारी चन्द्रभाल ने बताया कि खेत में शावकों संग बाघिन की मौजूदगी की सूचना मिली है।

विधान सभा मिलन समारोह कर भाजपा चलाया सदस्यता अभियान

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। शोहरतगढ नगर पंचायत मे विधान सभा मिलन समारोह आयोजित कर भाजपा ने प्रधान, बीडीसी व सभासदो को भाजपा की सदस्यता दिलायी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री व जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा ने कहा कि आप सभी लोग भाजपा परिवार मे शामिल होकर पार्टी को गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम मे सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा आज दुनिया की सबसे बडी पार्टी भाजपा मे शामिल होकर आप लोग पार्टी के परिवार बन गये है ।कार्यक्रम मे शोहरतगढ के विधायक विनय वर्मा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किये सभी लोग से कहे अब भाजपा 400 सीटो से ज्यादा जीतेगी। इस सदस्यता महाअभियान मे 298 लोगो को भाजपा पार्टी की सदस्यता दिलायी गयी। इस दौरान विधान सभा प्रभारी शिवनाथ चौधरी, विधान सभा संयोजक पवन मिश्र, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष डा.पवन मिश्र, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार यादव, विधान सभा विस्तारक सुमित पटेल, मंडल प्रभारी चिल्हिया अर्चिष्मान, रविन्द्र कुमार, मण्डल अध्यक्ष शिवशक्ति शर्मा, रमेश मणि त्रिपाठी, संपूर्णानन्द पाण्डेय ,प्रधान सुनील कुमार सिंह, अजय चौहान, बिन्ध्याचल गिरी, पिन्टू पटेल, विनोद शर्मा, निरंजन चौधरी, संजय मिश्र,गंगाधर मिश्र के साथ क्षेत्र के काफी प्रधान, बीडीसी, नगर सभासद के साथ काफी लोग मौजूद रहे।

भाजपा प्रतापगढ़ ने लाभार्थियों से संपर्क के लिए कसी कमर

प्रतापगढ़। भाजपा पार्टी कार्यालय प्रतापगढ़ पर लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़ लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल, सांसद संगमलाल गुप्ता, लोकसभा संयोजक राय साहब सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यशाला की शुरुआत की। जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य में बीजेपी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों के बीच जाकर लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत संवाद स्थापित करना है। मोदी सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई हैं, वे सीधे तौर पर जरूरतमंद लोगों तक पहुंची है। 2024 में लोकसभा की सभी सीटों पर कमल खिलाना है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने गरीब कल्याण को ध्यान में रखते हुए कई लोककल्याणकारी योजनाओं को शुरू किया है। जिसका परिणाम रहा कि 2014 से 2023 के बीच लगभग 25 करोड़ से अधिक भारतीय गरीबी से बाहर आए, केन्द्र ने जनहित योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनता से किए हर वादे को पूरा किया है। जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल ने कहा लाभार्थी सम्पर्क के दौरान लाभार्थी द्वारा मोबाइल नम्बर 9638002024 पर मिस्डकॉल करवाना है और मोदीजी का पत्र सौंपकर लाभार्थी के घर पर स्टीकर लगाने का कार्य पार्टी कार्यकर्ताओं को करना है। पूरे प्रदेश में 25 फरवरी से 5 मार्च के बीच लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा और 1 मार्च से 3 मार्च के बीच विशेष अभियान चलाया जाएगा। पीएम आवास से पक्का घर में रहने का सपना साकार किया है। रसोई के धुएं को उज्वला की लौ से दूर किया है। खुले शौच पर पाबंदी के लिए शौचालय देकर घर की महिलाओं के मान-सम्मान की रक्षा की गई है। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए लाभ पहुंचाया गया है। जिला संयोजक सोशल मीडिया अंकित तिवारी, जिला संयोजक आई टी पंकज सिंह एवं देवनंदन ओझा ने अभियान को लेकर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया। कार्यशाला का संचालन अभियान सह संयोजक/कोषाध्यक्ष काशी क्षेत्र महिला मोर्चा प्रतिभा सिंह ने किया। प्रमुख रूप से सांसद संगमलाल गुप्ता, लोकसभा संयोजक राय साहब सिंह, जिला महामंत्री पवन गौतम, सतीश चौरसिया, अभियान प्रमुख रजत सक्सेना, मुदित सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, अशोक सरोज, भूपेश त्रिपाठी, जिला मंत्री रामजी मिश्र, अजय वर्मा, राम आसरे पाल, अजय सिंह, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल,ओम प्रकाश पांडेय, रुचि केसरवानी, विजय मिश्र, अंशुमान सिंह, जगत पासी, दीपेश श्रीवास्तव, अभय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी ने दी।

पुलवामा शहीदों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

पटटी। पटटी तहसील स्थित शहीद स्थल रूर में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में दो साल पहले 14 फरवरी 2019 को आतंकवादी हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवानो को बैंड बाजे के साथ श्रद्धांजलि दी। पटटी तहसील क्षेत्र के शहीद स्थल रूर में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद भारत मां के वीर सपूतों की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि वीर शहीदों से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए, उन्होंने अपने देश के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति देकर देश की आजादी के आंदोलन में अपना अमूल्य योगदान दिया। इस अवसर पर एडवोकेट मनोज यादव ने कहा कि शहीदों की शहादत को भुलाया नहीं जा सकता और राष्ट्रीय स्वयं सेवक राकेश कुमार सिंह श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम भारत मां के वीर सपूतों का यह बलिदान बेकार नहीं जाने देंगे और हम सदैव भारत मां के वीर सपूतों के ऋणी रहेंगे।

भ्रमणशील रहकर नियमित रूप से करें विद्यालयों का निरीक्षण : डीएम

सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह भ्रमणशील रहकर नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने यह भी कहा कि विद्यालयों में स्मार्ट क्लास व अन्य माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराया जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत मूलभूत सुविधाओं से संतृप्तकरण की स्थिति के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी द्वारा परिवार सर्वेक्षण में विकास खण्ड खेसरहा एवं नौगढ़ की प्रगति कम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये खण्ड शिक्षा अधिकारी खेसरहा एवं नौगढ़ को प्रगति ठीक करने का निर्देश दिया। जिन विद्यालयों में शौचालय नही बना है वहां पर शौचालय निर्माण समय से पूर्ण करायें। विद्यालयों में पढ़ रहे जिन छात्र/छात्राओ का आधार कार्ड नही बना है उनका बी.आर.सी. पर आधार कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। सभी स्कूलों में बेंच, पेयजल, बाउन्ड्रीवाल आदि पूर्ण होना चाहिए। यू-डायस पोर्टल पर 100 प्रतिशत फीडिंग पूर्ण करायें। आउट ऑफ स्कूल बच्चो का चिन्हांकन कराकर स्कूल भेजने हेतु निर्देश दिया गया। नामांकन के सापेक्ष छात्र/छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया।

इस बैठक में उपरोक्त अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डा. संजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

जे जे के विद्या मन्दिर में संपन्न हुआ सदस्यता समारोह

प्रतापगढ़। विधानसभा मिलन समारोह में सैकड़ो पुरुष एवं महिलाएं भाजपा में शामिल हुए। भाजपा का विधानसभा मिलन समारोह जेजेके विद्या मंदिर मांधाता में मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह नवीन के आवाहन पर भाजपा प्रतापगढ़ के प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल और भाजपा के जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव के सानिध्य में 88 महिलाएं 77 पुरुष जो ब्लॉक के कई गांव से आए थे भाजपा के सदस्यता ग्रहण कर पार्टी का काम करने के लिए तैयार हुई। योगी जी और मोदी जी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा ने देश का नाम रोशन किया है विदेश में भी भारत का डंका बज रहा है चाचू और विकास हो रहा है महिलाएं सुरक्षित हैं शिक्षा का क्षेत्र पानी बिजली सड़क से सब खुश हैं सदस्यता ग्रहण करने में कांति देवी मौर्य महिला मोर्चा की मंत्री और मांधाता मनीष मौर्य भाजपा की अध्यक्ष ने महिलाओं को बीजेपी के नीतियों को अवगत कराते हुए बताया कि भाजपा में सबका सम्मान सुरक्षित है। इस अवसर पर बाबा अमरनाथ अवनीश सिंह अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

विवाहिता की शिकायत पर पति समेत चार पर दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

मोहम्मदी- खीरी,(स्पष्ट आवाज)। क्षेत्र के गांव की विवाहिता को ससुराली जनों ने अतिरिक्त दहेज में दो तोला सोने की चैन और चार पहिया गाड़ी की मांग को पूरा न करने पर विवाहिता के सुहाग के जेवर लेकर मारपीट कर उसके मायके छोड़कर चले जाने पर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कर लिया है। गांव असौवा निवासी जूली पुत्री संग्राम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया उसके पिता ने उसकी शादी लगभग 6 वर्ष पूर्व गांव फरधान निवासी महेंद्र के साथ समर्थ से अधिक दान दहेज देकर संपन्न की थी। इसके बाद पति, सांस, ससुर और देवर ने एक राय होकर 18 दिसंबर को सारे गहने छीन कर लात घुसो से पिटाई कर दी थी। जिसके बाद पति ने बाइक पर जबरन बैठा कर गांव के पास छोड़कर चले गए थे। पीड़िता और उसके परिजनों ने सुलह समझौता को लेकर कई प्रयास किए जो विफल हो गए।

बेटी को विदा कर घर वापस जा रहे घरातियों को युवकों ने पीटा

○बोलेरो वाहन क्षतिग्रस्त, चार घायल

मुसाफिरखाना, अमेठी। गुरुवार की दोपहर बाद क्षेत्र के पूरे शिवदयाल मजरे दादरा से बेटी को विदा कराकर वापस लौट रहे घरातियों को बाइक सवार कुछ युवको ने रास्ते मे रोककर जमकर पीटा। घटना के बाद पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को आपबीती सुनाई। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार पूरे छत्ता मजरे कनकसिंहपुर थाना मुंशीगंज निवासी यदुनाथ यादव की बेटी पूजा का विवाह अभिषेक पुत्र हरीप्रसाद यादव निवासी पूरे शिवदयाल मजरे दादरा के साथ तय हुआ था। 12 फ़रवरी को हरी प्रसाद बारात लेकर यदुनाथ के यहां पहुँचे। द्वार पूजा के दौरान डांस को लेकर कुछ लड़को द्वारा हुडदंग किया गया था जिसका विरोध लड़की पक्ष ने किया था। 15 फ़रवरी गुरुवार को यदुनाथ अपने घर वालों के साथ हरीप्रसाद के यहां रस्म के मुताबिक बेटी को विदा कराकर वापस लौट ही रहे थे कि रास्ते में रामफल पाण्डेय का पुरवा के पास कुछ बाइक सवार युवको ने इनकी बोलरों गाड़ी को रोककर लाठी डंडो से हमला कर दिया। हमलावरो ने इनकी बोलेरो गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। घटना में चार लोग घायल हुए। घटना की सूचना पीड़ितों ने पुलिस को दी। कोतवाल विनोद सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। केस दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है। आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

मंदिर में चोरी हुए 8 घंटों के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

मुसाफिरखाना, अमेठी। बीते 15 जनवरी की रात कोतवाली क्षेत्र के समसरिया गांव में स्थित दुर्गन भवानी मंदिर में 18 घंटे चोरी हो जाने की घटना प्रकाश में आई थी। पुलिस ने मामले में गुरुवार को मंदिर से चोरी 8 घंटो के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। उपनिरीक्षक सन्तोष कुमार मिश्रा की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंदिर में हुई चोरी के मामले में संलिप्त अभियुक्त दुर्जन पासी(45) पुत्र मंगरू पासी निवासी ग्राम करपिया को रेलवे क्रासिंग करपिया मोड के पास से बुधवार 8 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से पुलिस को 8 अदद चोरी के घंटे बरामद हुये। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि उंसने अपने मित्रों रामप्रवेश उर्फ नन्हू पुत्र सुखराम निवासी करपिया व घनश्याम पासी उर्फ नाटे पासी पुत्र रामसुन्दर पासी निवासी ग्राम हरदोईया के साथ मिलकर 15/16 जनवरी की रात्रि में ग्राम समशेरिया के दुर्गन भवानी मंदिर से कुल 18 छोटे-बड़े घण्टे चोरी किये थे। जिनमें से 10 घण्टे इन दोनों ने कहीं बेंचकर पैसा हम लोगो ने आपस में बाट लिया था। कोतवाल विनोद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त दुर्जन पासी के विरुद्ध थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी पर विभिन्न धाराओं में कुल 12 अभियोग पंजीकृत हैं। चोरी की घटना में फरार चल रहे अभियुक्तों की तालाश की जा रही है। जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

नारकोटिस पदार्थो के अवैध निर्माण, संचरण, बिक्री पर लगे प्रभावी अंकुशः डीएम

लखीमपुर -खीरी, (स्पष्ट आवाज) नारकोटिस पदार्थो के अवैध निर्माण, संचरण, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को को-आर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेहतर ताल-मेल एवं समन्वय के साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए नारकोटिस पदार्थो के अवैध निर्माण, संचरण, बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्राप्त गुप्त सूचनाओं को सभी सम्बन्धित को त्वरित आदान-प्रदान करते हुए प्राप्त सूचना के अनुसार तत्काल प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए नियमानुसार सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाई सुनिश्चित की जाय। बैठक के दौरान डीएम ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि विगत बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या तत्काल उपलब्ध कराएं।

अमृत सरोवर को और विकसित किया जाएः सांसद संगम लाल गुप्ता

○निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक सांसद की अध्यक्षता में सम्पन्न

प्रतापगढ़। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक विकास भवन के सभागार में सांसद संगम लाल गुप्ता की अध्यक्षता में हुई जिसमें विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, विधायक रानीगंज डा आरके वर्मा, विधायक पटटी राम सिंह, डीएम संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा, नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, एमएलसी डा महेन्द्र सिंह के प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, विवेक उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, परियोजना निदेशक डीआरडीए डा आरसी शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए डा आरसी शर्मा ने दिशा की बैठक की कार्यवृत्ति पर प्रकाश डाला। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना के सम्बन्ध में सांसद ने निर्देशित करते हुए कहा कि विकास खण्ड गौरा के ग्रामसभा मीरपुर के अमृत सरोवर को और विकसित किया जाये। विधायक रानीगंज ने कहा कि जितने भी अमृत सरोवर के कार्य कराये गये है उसकी सूची उपलब्ध करायी जाये जिस पर सांसद ने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर की सूची उपलब्ध करा दी जाये। दीन दयाल अन्त्योदय योजना के सम्बन्ध में विधायक रानीगंज ने कहा कि वर्ष 2023-24 में 29 बैचों में 764 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें 253 प्रशिक्षुओं को बैंक के माध्यम से सीसीएल तथा 478 प्रशिक्षुओं को जो रोजगार दिया गया। सांसद ने निर्देशित किया कि दैवीय आपदा के दौरान जिन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उन्हें लाभ दिया जाये। सांसद ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी योजनायें संचालित की जाती है जितने भी जनपद में पंचायत भवन है उन सब पर योजनाओं की जानकारी चस्पा की जाये जिससे लाभार्थियों को जानकारी मिल सके। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना के सम्बन्ध में विवेक उपाध्याय ने अवगत कराया कि सांसद के प्रवास के दौरान करमाही गांव में पानी की सप्लाई नही थी जिस पर निर्देशित किया गया था परन्तु अभी तक पानी की सप्लाई नही हो पायी इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुये सांसद ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को पानी की सप्लाई पहुचॉने के निर्देश दिये। अन्त में सांसद/अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों का समन्वय बनाकर कार्य किया जाये तो कार्य सफल भी होता है और लोगों के कार्य समय पर होते है तथा जनता को लाभ मिलता है, स्वीकृत परियोजनायें समय से पूर्ण होती है। उन्होने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी शिकायतें एवं प्रस्ताव प्राप्त हुए है उनको गम्भीरता से लेकर निस्तारण कराते हुये उन्हें अवगत भी करायें। सभी अधिकारी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के संचालन एवं क्रियान्वयन की स्थिति से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराये। सांसद/अध्यक्ष ने कहा कि सभी अधिकारी समन्वय बनाकर शासन की योजनाओं को समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करायें। उन्होने कहा राजस्व एवं कानून विभाग द्वारा कार्य अच्छे किये जा रहे है जिससे जनप्रतिनिधियों को शिकायतें कम प्राप्त हो रही है, इससे ज्ञात होता है कि अधिकारियां द्वारा कार्य अच्छे किया जा रहे है। बैठक में डीएम ने सांसद/अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनप्रतिनधियों द्वारा जो भी दिशा निर्देश व शिकायतें प्राप्त हुई है उसका सम्बन्धित अधिकारी शत् प्रतिशत निर्वहन करेंगें।

प्रधान संघ ने बीडीओ से की मुलाकात

○बीडीओ के जन्मदिन पर संघ के लोगों ने दी बधाई

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। भनवापुर के ग्राम प्रधान संघ के पदाधिकारियों द्वारा गुरूवार को बीडीओ भनवापुर से मुलाकात करके समस्याओं से अवगत कराया गया तथा उनके जन्मदिन पर उन्हें बधाई देते हुए अच्छा कार्य करने की कामना की। खण्ड विकास अधिकारी भनवापुर आलोक दत्त उपाध्याय का जन्मदिन प्रधान संघ के अध्यक्ष भनवापुर अरविंद उर्फ लालजी शुक्ला के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियो द्वारा भगवा वस्त्र पहनाकर जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष लालजी शुक्ला ने कहा कि विकास खंड भनवापुर के विभिन्न गांव में तमाम समस्याएं ऐसी हैं जिनका निस्तारण होना जरूरी है। इस बारे में बीडीओ भनवापुर से चर्चा की गई और समस्याओं के समाधान की मांग की गई। उन्होंने यह भी कहा कि जब से नए बीडीओ आए हैं तब से ब्लॉक में विकास कार्यों में काफी तेजी आई है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शत्रुघ्न मिश्रा, प्रधान कुवर मिश्रा, प्रधान भीम चौधरी, प्रधान तफसीर अली, प्रधान ब्रिजेश मिश्रा, प्रधान चन्द्रभान चौधरी, रोजगार सेवक अध्यक्ष राज कुमार चौधरी, सफाई कर्मचारी अध्यक्ष ब्रह्मदेव पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 13.03.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	001102023 दिनांक 14.02.2024	
2	निविदा सख्या	47Sr.DEN-III-LKO-2023-24	48Sr.DEN-III-LKO-2023-24
3	कार्य का नाम	1. वरि. मण्डल इंजीनियर (तृतीय) उत्तर रेलवे लखनऊ अधिकार के तहत अकबरपुर-टांडा सेक्शन में (डीएफ सी के लिए फीडर रूट) पर स्टोन स्लैब पुलों (13 नंबर) को आरसीसी बॉक्स में बदलना	
		2. वरि. मण्डल इंजीनियर (तृतीय) उत्तर रेलवे लखनऊ अधिकार के तहत जफराबाद–अकबरपुर सेक्शन में (डीएफ सी के लिए फीडर रूट) पर स्टोन स्लैब पुलों (21 नंबर) को आरसीसी बॉक्स में बदलना।	
4	अनुमानित लागत	1. Rs. 2,33,28,643.94	2. Rs. 3,77,28,991.24
5	धरोहर राशि	1. Rs. 2,66,700.00	2. Rs. 3,38,700.00
6	कार्य की समापन अवधि	क्रम सं. 1 के लिए : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह।	
		क्रम सं. 2 के लिए : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 18 माह।	
7	निविदा डालने का प्रारंभ	28.02.2024	
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	13.03.2024 15:00 बजे	
9	वेबसाइट	www.ireps.gov.in	

नोट : निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 494/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ट्रक और स्कूल बस की टक्कर में ड्राइवर की मौत, दर्जनों बच्चे घायल,पांच की हालत नाजुक

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) तेज रफ्तार ट्रक व स्कूली बस में हुई जोरदार टक्कर में बस ड्राइवर की मौके पर मौत हो गई वही लगभग बीस बच्चे घायल हो गए जिसमें पांच बच्चों की स्थिति गम्भीर बनी है 7 बस में मौजूद दो शिक्षक भी घायल हुए हैं । दुर्घटना की जानकारी होने पर घटनास्थल पर पहुंचे अविभावकों में चीख पुकार मच गई ।बस व ट्रक की टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ,एसपी नीरज कुमार जादौन ने घटना स्थल पर पहुँच सभी घायलों बच्चों को उपचार के लिए भर्ती कराया । बाद मे डीएम ,एसपी ने अस्पताल पहुँच कर बच्चे के हाल चाल जाना।

यहां से 5 की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है ।बता दें कि मॉडर्न एरा स्कूल की बस सुबह बच्चे लेकर स्कूल आ रही थी। बताया जा रहा है कि जैसे ही बस चदंक मण्डावर मार्ग पर रानीपुर के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे सीमेंट से भरे ट्रक और बस की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद बस में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई। हादसे की सूचना पर आसपास के सैकड़ों लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल बच्चों को स्कूल बस से निकाला और एंबुलेंस व अन्य गाड़ियों के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में पहुंचे 20 बच्चों में 5 बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। जिन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। हादसे में बस चालक मनोज (40वर्ष) पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम जालपुर की मौत हो गई। सूचना पर डीएम अंकित अग्रवाल ,एसपी नीरज कुमार जादौन, एसपी सिटी संजीव बाजपेई सहित तमाम पुलिस प्रशासन के अफसर जिला अस्पताल पहुंचे और बच्चों का हाल जाना।

घने कोहरे व स्कूल का समय बदलने को माना जा रहा है कारण

उल्लेखनीय है कि मार्डन ऐरा पब्लिक स्कूल का आज से समय बदलकर एक घंटे पहले किया गया था, पहले बच्चे दस बजे स्कूल पहुंचते थे अब समय घटा कर स्कूल पहुंचने का समय नौ बजे किया गया था । दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल की बसें एक घंटे पहले बच्चों को लेने जाती है ग्रामीणों का कहना है कि दुर्घटना के समय भारी कोहरा छाया हुआ था जिसके कारण ये दुर्घटना हुई है अगर स्कूल का समय नही बदला होता तो इस दुर्घटना से बचाव हो सकता था । बस में स्वीकृत सवारी से दोगुनी संख्या में बच्चे होने को लेकर भी चर्चा है कि स्कूलों में बच्चों को बस में स्वीकृत सीट से अधिक संख्या में भरा जाता है आरटीओ विभाग इस मामले में आंखें बन्द किए रहता है ये सब विभाग की मिलीभगत के चलते ही सम्भव है ।

दुर्घटना की होगी मजिस्ट्रेट जांच

वहीं इस मामले में बिजनौर डीएम अंकित अग्रवाल का कहना है कि स्कूली बस और ट्रक की टक्कर हुई है। बस के ड्राइवर की मौत हो गई है। बस में सवार 15 बच्चे घायल हुए है। सभी बच्चे खतरे से बाहर है। पूरे मामले की मजिस्ट्रेट जांच कराई जायेगी। स्कूल प्रशासन की तरफ से कही भी कमी पाई जायेगी तो स्कूल पर भी कार्रवाई की जाएगी । दुर्घटना में घायल बच्चे इस प्रकार है - थाना मंडावर के गांव हाजीपुर निवासी खुशी गांव तीमरपुर निवासी शिवांक गांव बुडकरा निवासी जीविका थाना नांगल के गांव पुंडरीकला निवासी कनिका, शाहपुरी निवासी फैज, दीपिका कामराजपुर निवासी किया, तिसोतरा निवासी देव व यश कुमार शहदपुरी निवासी इशांक नोमान, अफान, परी, पुडरी निवासी आर्यन सोबतपुर निवासी कपिल कुमार मानपुर निवासी विशेष नित्या व आरुष किरतपुर के गांव बुडकरा निवासी हिमानी राजपूत अनामा चौहान समेत कई बच्चे घायल हुए हैं ।

आश्वासन पर भाकियू का 33वें दिन अनशन हुआ समाप्त

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। संयुक्त किसान मोर्चा अन्डर पास समाप्त करने किसानों पर रेलवे द्वारा दर्ज फर्जी मुकदमों की बापसी को लेकर 33वें दिन चल रहे धरना प्रदर्शन को रेलवे के सहायक इंजीनियर सुरेन्द्र कुमार रेलवे आरपीएफ के कमांडेंट एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला सीओ आलोक सिंह द्वारा भाकियू के मंडल अध्यक्ष अरूण राठी तेजपाल सिंह मंजीत सिंह स्वराज सिंह गुरविन्दर सिंह सहित भारी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा मागे पूरी किये जाने के आश्वासन पर 33वें दिन किसानों का धरना समाप्त हो सका। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह के कुशल नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं समस्त अन्डर पासों में जल भराव व निर्दोष किसानों पर रेल विभाग की ओर से फर्जी दर्ज मुकदमों की वापसी की मांग को लेकर 13 जनवरी से रेलवे परिसर में अनिश्चित कालीन धरना जारी रहा मागे पूरी न होने पर सभी किसान संगठनों द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा ने गुरूवार को उग्र आन्दोलन शुरू कर दिया जिसमें भारी संख्या में किसान संगठनों और किसानों ने सहयोग किया गया।

संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा गुरूवार को 33वें दिन धरना जारी रखते हुये मांगो को पूरा करने को आन्दोलन शुरू किया गया था किसानों पर आरपीएफ द्वारा फर्जी दर्ज मुकदमों को बापस लेने एवं रेलवे द्वारा बनाये गये अन्डर पासों में जल भराव की समस्या को समाप्त करने सहित अन्य मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन जारी था गुरूवार को रेलवे विभाग के इंजीनियरों व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दो माह के अन्दर किसानों की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन पर धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया किसानों के धरने को लेकर प्रभारी निरीक्षक प्रवीन कुमार द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था तथा आरपीएफ व जीआरपी पुलिस भारी संख्या में धरना स्थल पर मुस्तैदी से डटी रही 33 दिनों से चल रहे धरना प्रदर्शन के समाप्त होने पर अधिकारियों ने चैन की सांस ली। धरना प्रदर्शन में अरूण राठी मंजीत सिंह सर्वराज सिंह गुरविन्दर सिंह तेजपाल सिंह रंजीत सिंह गुरजिन्दर सिंह बबली देवी भाजपा माले के देवाशीष राय सईद खां देवी दयाल किसान नेता हाजी मझले गुरजीत सिंह सहित भारी संख्या में भाकियू टिकैत अन्नदाता किसान यूनियनों के पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

संक्षिप्त आवाज़

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ तीन पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ पर विरोध किये जाने पर पिटाई लगाने की तहरीर पर कोतवाली में तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।ग्राम शेरपुर कलां की निवासी एक महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा कि मोई पुत्र युनूस निवासी शेरपुर आये दिन मेरे परिवार को तंग कर जेल भिजवाने की धमकी देता है तथा शाम 09 बजे मोई मेरे घर में घुस आया और मेरे साथ छेड़खानी करने लगा जब विरोध किया तो लात घूसों से काफी मारापीटा तथा मेरा कुर्ता फाड़ दिया जब मैंने शोर मचाया तो मेरा पति जाग गया तब तक सोहित व फईम पुत्र युनूस गन्दी गन्दी गालियां देते हुये घर में घुस आये मुझे व मेरे पति को बुरी तरह पिटाई लगा दी शोर शराब सुनकर लोग जमा हो गये तभी उक्त लोग भाग गये पीड़ित महिला की तहरीर पर कोतवाली में मोई, सोहिल व फईम के खिलाफ धारा 452, 354ख, 323, 504 के अन्तर्गत मामला दर्ज किया गया जिसको लेकर हड़कंप मच गया।

नशा सुंघाकर युवक के अपहरण का मामला दर्ज

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर मां बेटे के साथ मारपीट की। महिला की कनपटी पर तमंचा रख युवक को बेहोश करने के बाद उसका अपहरण कर लिया। आरोप है कि युवक की हत्या करने के लिए ले जाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में पुलिस पकड लिया। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।बरेली जिले के थाना क्योलडिया क्षेत्र के गांव पनवारिया परततीपुर निवासी राम लखन ने बताया कि 13 नवंबर 2023 को शाम अपनी मां के साथ खाना खा रहा था। आरोप है कि गांव के रहने वाले जितेंद्र यादव,राजीव, सोमपाल और मुकेश पुरानी रंजिश के चलते घर में घुस आए। इसके बाद मां बेटे के साथ मारपीट की। महिला की कनपटी पर तमंचा रखने के बाद आरोपियों ने नशा सुंघा कर युवक का अपहरण कर लिया। हत्या करने के लिए आरोपी माधोटांडा क्षेत्र में पडने वाले जंगल में ले जा रहे थे। होश आने पर सभी ने मिलकर उसकी लात घूंसो से पिटाई की। गाड़ी में चीखने की आवाज सुनकर गश्त कर रही माधोटांडा पुलिस ने बाहन को रोक लिया। इसके बाद सभी को हिरासत में लेकर थाने पहुंचे। लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना शुरु कर दी गई है।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रथम, अपर जिला जज ने की बैठक

मुरादाबाद। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रथम, अपर जिला जज किरन बाला ने की बैठकः 09 मार्च को जनपद मुरादाबाद मुख्यालय एवं समस्त तहसीलों में किया जायेगा आयोजन, प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को दिए दिशा निर्देश राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश डॉ अजय कुमार के दिशा-निर्देशन में दिनांक 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होने वाला है। जिसको लेकर किरन बाला, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथमध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद की अध्यक्षता में विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों एवं जनपद के थाना प्रभारीयों के साथ आज बैठक की गई। जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में संबंधित पदाधिकारी को लंबित शमनीय वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन करवाने के निर्देश दिये गये गए।

आरपीआई के सम्मेलन को राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री आठवले करेगें संबोधित : जगदीश सिंह

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। रिपब्लिकन पार्टी आफ इण्डिया आठवले के जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह कंग की अध्यक्षता में एक वैठक का आयोजन किया गया वैठक का संचालन रामबहादुर व्लाक अध्यक्ष द्वारा किया गया।रिपब्लिकन पार्टी आफ इन्डिया आठवले की एक महत्वपूर्ण वैठक का आयोजन कर जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह कंग के नेतृत्व में चार मार्च को होने वाल आरपीआई की महारैली की तैयारियों पर विचार विमर्श किया गया जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह कंग ने बताया कि चार मार्च को होने वाली संगठन की रैली को राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले एवं प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता सहित पार्टी के पदाधिकारियों सहित अन्य उच्च स्तरीय नेता रैली में भाग लेगें श्री कंग ने वैठक कर भारी संख्या में आरपीआई संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भारी संख्या में पहुंचने की अपीलकी जिलाध्यक्ष श्री कंग ने कहा कि रैली में आगामी लोकसभा चुनाव में उ0प्र0 सहित अन्य राज्यों में आरपीआई को सीटे आवंटन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा होगी वैठक में जिला प्रभारी मनोज मिश्र जिला महासचिव हरमीत सिंह लाली जिलामंत्री तारिक रजा व्लाक अध्यक्ष रामबहादुर नगर मंत्री अंश ठाकुर आकाश चौहान अनमोल शर्मा मंयक गुप्ता अब्दुल अजीज मोमिन खां सहित अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस ने भेजा जेल

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा एक मुकदमे में वांछित युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया है।पुलिस के अनुसार बुधवार को मोहल्ला ब्रह्मपुर निवासी नीलम कश्यप पत्नी विनोद द्वारा थाना कोतवाली पर तहरीर देकर मु0अ0सं0 50/24 धारा 376(3)/376(2)(ह)/313/452 भादवि व 4(2)/5ग/6 पॉक्सो अधि0 बनाम रोहित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया था,मुकदमा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के दिशा निर्देश में कोतवाल बृजेंद्र सिंह की अगुवाई में वाछिंत अभियुक्त की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुकदमा उपरोक्त में वाछिंत अभियुक्त रोहित पुत्र श्री किशन नि0 कबूलपुरा निकट मुगल गार्ड़न थाना कोतवाली को बृहस्पतिवार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई करते हुए उसको जेल भेजा गया है।

चोरो ने वाइन शॉप की छत काटकर नकदी सहित सामान पर किया हाथ साफ

मुरादाबाद। थाना गलशहीद क्षेत्र में रोडवेज चौकी के ठीक सामने वाइन शॉप पर चोरों ने दुकान की छत काट कर 50 हजार कैश और लगभग 75 हजार का माल ले गए जब सुबह दुकान के स्वामी अमन और विक्की ने दुकान का शटर खोल के देखा तो दुकान की छत कटी हुई थी और दुकान का माल बिखरा हुआ था और दुकान से कैसे भी गायब था इसके बाद दुकान स्वामी ने तत्काल थाना गलशहीद पुलिस को सूचना दी सूचना और पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया आसपास के लोगों से पूछताछ की जिसके बाद पुलिस अपनी जांच में जुट गई है वाइन शॉप के स्वामी विक्की ने घटना की जानकारी देते हुए बताया हमारे वाइन शॉप रोडवेज पुलिस चौकी के ठीक सामने है रात हम लोग शॉप दस बजे बजे बंद करके गए थे आज सुबह शॉप खोली तो शॉप की छत कटी हुई थी और सारा सामान बिखरा हुआ था गले से 50 हजार कैश और लगभग 75 हजार का माल शॉप से गायब था तत्काल थाना गलशहीद पुलिस को चोरी की घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अपनी जांच में जुट गई है।

एसडीएम ने किया सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय योजना की इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन देवीस्थान रामपुर ता.महाराजपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ एसडीएम राजेश शुक्ल ने किया। शिविर का संचालन उत्तर प्रदेश शासन तथा भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय वस्तु ÷कौशल विकास हेतु युवा÷ को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुमार ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।प्राचार्य महोदय ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। शाहिद खान कार्यक्रम अधिकारी एन.एस.एस ने मुख्य अतिथि को , प्रधान प्रतिनिधि एवं मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉक्टर अरविंद कुमार दीक्षित को बैज लगाकर सम्मानित किया। प्राचार्य महोदय ने स्वयंसेवकों को अनुशासित रहते हुए ग्राम में जागरूकता अभियान चलाने के लिए कहा। मुख्य अतिथी ने स्वयंसेवकों को उत्साह पूर्वक मतदाता अभियान चलाने को कहा।जिससे मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा एवं मतदान के महत्व को जनसाधारण में लोकप्रिय बनाया जा सके। शाहिद खान ने कार्यक्रम अधिकारी एन.एस.एस.ने आज की कार्य योजना से स्वयंसेवीयों को अवगत कराया । आज का कार्यक्रम का शीर्षक दहेज अभिशाप है जिसके अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने ग्राम में भ्रमण किया एवं दहेज विरोधी नारे लगाए जैसे- ÷दहेज प्रथा को बंद कीजिए, इस प्रथा को विराम दीजिए÷, ÷जब तक रहेगी दहेज प्रथा, बेटी रहेगी दुखी सदा÷, ÷एक सूरज हम उगाएंगे, दहेज प्रथा को दूर भगाएगें÷, ÷बेटा बेटी एक समान, दहेज प्रथा कोढ़ समान ÷ एवं स्वयंसेवियों ने दहेज न लेने के लिए जागरूक किया।इस अवसर पर डॉक्टर अर्निका दीक्षित कु.शोभना मिश्रा,अंकित गुप्ता, महेंद्र वर्मा,आशीष कंचन, ममता देवी, एवं हरीश उपस्थित रहे।

शारदा सहायक डबल नहर मे मानव कंकाल मिलने से इलाके में हड़कंप

मसौली बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। शारदा सहायक डबल नहर मे पानी बंद होने पर रेत मे मानव कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ने कंकाल को कब्जे मे लेते हुए परीक्षण के लिए मर्चरी भिजवा दिया है। पुरी तरह हडीडियो मे तब्दील हो चुका कंकाल महिला का है या पुरुष का है जिसका पता नही चला है। थाना क्षेत्र के ग्राम हबीबपुर गांव के निकट से बह शारदा सहायक डबल नहर में वर्तमान समय में पानी बन्द है। गुरुवार को ग्रामीणों ने डबल नहर में एक मानव कंकाल देखा तो यह बात आग की तरह फैल गई। देखने वालों की भीड़ लग गई। हबीबपुर के प्रधान प्रतिनिधि आनन्द सिंह ने मसौली पुलिस को दूर भाष पर सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर। कंकाल को कब्जे में लेकर परिजन के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। और जांच पड़ताल शुरू कर दिया। थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह बताते है।

मानसिक रूप से पीड़ित युवक ने की आत्महत्या

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर बाहु मे मानसिक रूप से पीड़ित एक 30 वर्षीय युवक ने अपने अर्ध निर्मित मकान मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार की देर शाम मोहम्मदपुर बाहु निवासी 30 वर्षीय अखिलेश गौतम पुत्र आशाराम गौतम ने अपने अर्ध निर्मित मकान मे उस समय फांसी लगा ली जब मृतक की पत्नी सुमन ब्रिटानिया बिस्कुट मे काम करने गयी थी तथा मृतक के माता पिता अपने पुराने घर मे मौजूद थे। मृतक के पिता आशाराम ने बताया कि अखिलेश बीते कई महीने से मानसिक रूप से परेशान था जिसका इलाज चल रहा था। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने शव को कब्जे मे लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पंचायत भवन में स्मार्ट सिटी महिला सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन

मुरादाबाद। सिविल लाइन स्थित पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा स्मार्ट सिटी महिला सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान महिलाओं ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियो को गिनाते हुये कि सरकार महिलाओं के हित के लिये कार्य कर रही है और आने वाले चुनावो में एक बार फिर भाजपा अपना पहचम लहरायेगी। बताते चले कि गुरूवार की सुबह पंचायत भवन सभागार में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से स्मार्ट सिटी महिला सम्मेलन का षुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची विधायक डा0 मंजू षिवाच द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम की आयोजक भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं को भाजपा से जोड़ने के लिए कार्य किया जा रहा है जबकि मुख्य अतिथि ने सम्मेलन में कहा कि केन्द्र सरकार महिलाओं के हित में कार्य कर रही है जो आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और हमारा मुरादाबाद स्मार्ट सिटी बनेगा। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारीगण मौजूद रही।

राजेन्द्र अकादमी में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन

मुरादाबाद। राजेन्द्र अकादमी मुरादाबाद में आयोजित पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण मुरादाबाद श्री सन्दीप कुमार मीना द्वारा छात्र/छात्राओं को कानून,पुलिस कार्य प्रणाली,साइबर अपराध से बचाव के उपाय,सोशल मीडिया पर बरती जाने वाली सावधानी व यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। बताते चले कि गुरूवार की सुबह राजेन्द्र अकादमी में पुलिस की पाठषाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीना पहुंचे और उनके द्वारा पहले तो दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का षुभारम्भ किया उसके बाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा छात्र/छात्राओं को कानून का पाठ पढ़ाया इसके अलावा एसपी देहात द्वारा पुलिस कार्य प्रणाली, साइबर अपराध, सोषल मीडिया पर बरती जाने वाले सावधानियों को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर अकादमी में छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर पुलिस ने एक को भेजा जेल

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)। थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को अवैध मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक सिविल लाईन गौरव विश्नोई के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा वीरेन्द्र मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा नि0 जवाहरपुरी रोजा को गिरफ्तार किया गया है ।पुलिस का कहना है कि मुखबिर खास की सूचना पर थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त वीरेंद्र को 03 किलो डोडा चूर्ण साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0स0 - 110/23 धारा 8/18 NDPS बनाम वीरेन्द्र मिश्रा पंजीकृत कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए जेल भेजा गया है।

बेहतर काम होने के बावजूद प्रगति रिपोर्ट डैशबोर्ड पर अपलोड नहीं होने पर डीएम ने जताई नाराजगी

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सीएम डैशबोर्ड पर सिंचाई विभाग द्वारा बेहतर कार्य के बावजूद पोर्टल पर कार्य प्रगति की फीडिंग अपलोड न कराए जाने के कारण जिले की रेंकिंग प्रगति प्रभावित होने के दृष्टिगत नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि संबंधित खण्ड के अधिकारी के विरुद्ध स्पष्टीकरण तलब करें और उनके द्वारा तत्काल पोर्टल पर कार्य प्रगति को अपलोड करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि जिन कार्यदाई संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्यों की प्रगति में शिथिलता बरती जा रही है एवं सीएम डैशबोर्ड पर कार्य प्रगति को अपलोड नहीं किया जा रहा है, उनको नोटिस जारी करें तथा उनके उच्च अधिकारियों को उनकी शिथिलता से अवगत कराने के लिए पत्र लिखें। जिलाधिकारी श्री अग्रवाल कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर मासिक रैंकिंग के प्रकाशन के उपरांत रिपोर्ट्स की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने विगत माह की बैठक के वर्तमान इस माह में सीएम डैशबोर्ड पर जिले की स्थिति में अपेक्षित सुधार पाए जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन विभागों की प्रगति मानक से कम है अथवा जो विभाग सी या उससे निम्न नीचे श्रेणी में हैं, पूरी गंभीरता और निष्ठा के साथ प्रयास करें कि प्रदेश में बिजनौर टॉप 10 जिलों में शामिल रहे। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि माह की 25 तारीख को शत् प्रतिशत रूप से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल का अवलोकन करना सुनिश्चित करें, अगर उस पर विभागीय योजनाओं की सूचनाएं अद्यतन न पाई जाएं तो उसको सही करने का प्रयास करें और यदि जिला स्तरीय पर सही किया जाना संभव न हो तो विभागीय नोडल अधिकारी के साथ संपर्क कर सूचनाओं को अपडेट कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए की विभागीय प्रगति को डैशबोर्ड पर अपलोड करते हुए उसे अद्यतन अवस्था में रखें और किसी भी अवस्था में लापरवाही प्रदर्शित न करें। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्य अद्यतन होने के बावजूद अगर सूचनाओं को अपलोड नहीं कराया जाता, तो जिले की रैंक प्रभावित होने के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने मनरेगा, मत्स्य, वन विभाग, ग्रामीण ऊर्जा, एंबुलेंस सेवा, पेंशन, बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न मदों में ए प्लस श्रेणी प्राप्त होने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रोजेक्ट अलंकार योजना, राज्य वित्त आयोग पंचायत राज विभाग, पर्यटन विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, एनआरएलएम, उद्योग विभाग, पशुपालन विभाग, आईटीआई विभाग की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर निर्देश दिए की जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी के साथ सामंजस्य स्थापित कर मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल पर अपनी सूचनाओं को अद्यतन कराएं और यदि इस कार्य में कोई समस्या उत्पन्न होती है तो विभागीय नोडल अधिकारी से संपर्क कर उसको दुरुस्त करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञानेश्वर तिवारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शादाब अली, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रीमती लक्ष्मी देवी, धर्मवीर सिंह सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत केशवपुर, विकास खण्ड मुसाफिरखाना, अमेठी

पत्रांक : टेण्डर नोटिस/2022-23 दिनांक : 15.02.2024

अल्पकालीन निविदा

राज्य वित्त/पंचम-पंद्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा मद के अंतर्गत **ग्राम पंचायत केशवपुर** द्वारा निम्नलिखित कार्यों/प्रोजेक्टों पर सामग्री आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 16.02.2024 से दिनांक 22.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो कि किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में दिया जा सकेगा। प्राप्त टेण्डर उसी दिनांक को अपरान्ह 3:30 बजे ग्राम पंचायत द्वारा टेण्डरदाताओं की उपस्थिति में खोले जायेंगे।

क्र. सं.	कार्य का नाम स्थल विवरण सहित	अनु.ला./माप/संख्या	सामग्री आपूर्ति का विवरण
1.	सुखलाल के घर से जगदीश के होते हुए शीतला के घर तक इन्टरलॉकिंग कार्य।	100 मीटर	400000 मीटर

नोट/शर्तेः 1. सामग्री की आपूर्ति कार्यवार निर्धारित मात्रा/स्वीकृत लागत के अंतर्गत ही की जायेगी। 2. निविदादाता अपनी अधिकृत क्षमता के अनुसार किसी एक अथवा एक से अधिक कार्यों हेतु निविदा दे सकते हैं। 3. कोई सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। कार्यवार प्राक्कलन की मात्रा व अन्य जानकारी ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है। 4. निर्धारित कार्य एवं स्वीकृत प्राक्कलन दर के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यय अथवा चार्जेज देय नहीं होगा। 5. सामग्री आपूर्ति के उपरांत प्रस्तुत बिल में से नियमानुसार आयकर/वैट कटौती के पश्चात ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. ग्राम पंचायत को किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये रद्द किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत केशवपुर
विकास खण्ड मुसाफिरखाना, अमेठी

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत केशवपुर
विकास खण्ड मुसाफिरखाना, अमेठी

कार्यालय ग्राम पंचायत सूरपुर काशीपुर, विकास खण्ड मुसाफिरखाना, अमेठी

पत्रांक : टेण्डर नोटिस/2022-23 दिनांक : 15.02.2024

अल्पकालीन निविदा

राज्य वित्त/पंचम-पंद्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा मद के अंतर्गत **ग्राम पंचायत सूरपुर काशीपुर** द्वारा निम्नलिखित कार्यों/प्रोजेक्टों पर सामग्री आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत द्वारा दिनांक 16.02.2024 से दिनांक 22.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो कि किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में दिया जा सकेगा। प्राप्त टेण्डर उसी दिनांक को अपरान्ह 3:30 बजे ग्राम पंचायत द्वारा टेण्डरदाताओं की उपस्थिति में खोले जायेंगे।

क्र. सं.	कार्य का नाम स्थल विवरण सहित	अनु.ला./माप/संख्या	सामग्री आपूर्ति का विवरण
1.	राजेन्द्र प्रसाद पुत्र देवशंकर के कैटल शेल्टर का निर्माण कार्य।	1 नग	150000
2.	काशीपुर में राजेश पान्डेय के घर से ओकारनाथ के घर तक मिट्टी सीलिंग/इण्टरलॉकिंग कार्य	100 मीटर	400000

नोट/शर्तेः 1. सामग्री की आपूर्ति कार्यवार निर्धारित मात्रा/स्वीकृत लागत के अंतर्गत ही की जायेगी। 2. निविदादाता अपनी अधिकृत क्षमता के अनुसार किसी एक अथवा एक से अधिक कार्यों हेतु निविदा दे सकते हैं। 3. कोई सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। कार्यवार प्राक्कलन की मात्रा व अन्य जानकारी ग्राम पंचायत से प्राप्त की जा सकती है। 4. निर्धारित कार्य एवं स्वीकृत प्राक्कलन दर के अतिरिक्त अन्य कोई भी व्यय अथवा चार्जेज देय नहीं होगा। 5. सामग्री आपूर्ति के उपरांत प्रस्तुत बिल में से नियमानुसार आयकर/वैट कटौती के पश्चात ही बिल का भुगतान किया जायेगा। 6. ग्राम पंचायत को किसी भी टेण्डर को बिना कारण बताये रद्द किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सूरपुर काशीपुर
विकास खण्ड मुसाफिरखाना, अमेठी

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सूरपुर काशीपुर
विकास खण्ड मुसाफिरखाना, अमेठी

स्वामी स्पष्ट आवाज के लिए, **मुद्रक एवं प्रकाशक** - आनन्द सिंह, द्वारा दी इण्डियन एक्सप्रेस प्राईवेट लि. प्रेस सी- 26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 47/1, क्ले स्क्वायर होम्स, कबीर मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। आर.एन.आई. पंजीयन संख्याः U.P. HIN/2004/13625, डाक पंजीयन संख्या - SSP/LW/NP-119/2010-12
संपादक** -डा. विजय सिंह, फोन/फैक्स : 0522-3599932,0522-4306534, मो0: 9415003504 **E-mail : spawaz2010@gmail.com, anand.singh2@gmail.com. **इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट की धारा- 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनमें उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।**

कम रैंकिंग आने पर बिफरे डीएम, सुधार के दिए निर्देश

अनुपस्थित रहे महाप्रबन्धक दुग्ध विकास को चेतावनी व वेतन रोकने का दिया निर्देश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा गुरुवार को ग्राम्य विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, माध्यमिक शिक्षा, समाज कल्याण, दुग्ध विकास, कृषि रक्षा, श्रम एवं रोजगार तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं इंडिकेटर्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान जनवरी माह की रैंकिंग में डे एनआरएलएम बीसी सखी की रैंक 64वें स्थान पर होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उपायुक्त एनआरएलएम को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दियें। ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की रैंक 44वें एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की रैंक 53वें स्थान पर होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए नियमित समीक्षा कर अवशेष आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने बैठक में महाप्रबन्धक दुग्ध विकास डॉ0 ए0के0 शर्मा के अनुपस्थित रहने पर चेतावनी एवं वेतन रोकने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को शादी अनुदान योजना के क्रियान्वयन में आ रहीं समस्याओं का निस्तारण कर योजना में प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार को राष्ट्रीय पारिवारिक योजना के आवेदनों को समयान्तर्गत निस्तारित कर पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दियें। बैठक में जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि जनवरी माह की रैंकिंग में कृषि रक्षा रसायन डीबीटी की रैंक प्रथम है, जिस पर जिलाधिकारी ने नियमित समीक्षा करते हुए प्रथम रैंक को बनाये रखने के निर्देश दियें।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत शासन से धनराशि प्राप्त हो गई है, सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को नियमित समीक्षा करते हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

कौशाम्बी के किसान जायेंगे दिल्ली

कौशाम्बी। जिले से किसान दिल्ली की बैठक में जाने की योजना बना रहे हैं। इसको लेकर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चंदू तिवारी ने चायल तहसील प्रांगण में बैठक की । बैठक में दिल्ली में चल रहे धरना प्रदर्शन के निराकरण में भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद भी शामिल रहे। तथा सरकार द्वारा किसानों की मांग पर प्रकाश डाला गया।? दिल्ली की बैठक में शामिल हो कर किसान अपनी समस्याओं का निदान को लेकर सरकार से मांग करेंगे।इस मौके पर अजय मिश्रा , सुनील सिंह, रामू विश्वकर्मा, बाबा रामशरण ,नाथू यादव, रमाकांत आदि किसान बैठक में शामिल रहे।

मेले में 127 युवकों को मिला रोजगार

महात्मा बुद्ध डिग्री कॉलेज, अझुवा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 17 फरवरी को

कौशाम्बी। कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत गुरुवार को विकास खण्ड-मूरतगंज के परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 273 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं 4 नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा कुल 127 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ खण्ड विकास अधिकारी मूरतगंज संजय कुमार गुप्ता द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन के0के0 राम, डीएसएम योगेन्द्र कुमार शुक्ला, डीपीएम शिव नरेश शुक्ला आदि उपस्थित रहें। जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन द्वारा अवगत कराया गया कि 17 फरवरी 2024 को महात्मा बुद्ध डिग्री कॉलेज, अझुवा में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा, जिसमें 5 से अधिक नियोक्ता कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग करते हुये 500 से अधिक रिक्तियों के सापेक्ष योग्य अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल इण्टरमीडिएट एवं आई0टी0आई0/ डिप्लोमा उत्तीर्ण तथा कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी उक्त दिनांक को प्रातः 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ प्रतिभाग कर रोजगार प्राप्त कर सकतें हैं।

लगातार अनुपस्थित रहे सहायक को किया निलम्बित

मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य केन्द्र कनैली का किया निरीक्षण

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा गुरुवार को विकास खण्ड कौशाम्बी के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार उपस्थित पाये गयें ,तथा विकास खण्ड कौशाम्बी में कार्यरत कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर वरिष्ठ सहायक दीपक सिंह गत 8 फरवरी 2024 से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं। मनरेगा योजना के अन्तर्गत विकास खण्ड में कार्यरत तकनीकी सहायक संजीव कुमार श्रीवास्तव गुरुवार को अनुपस्थित पाये गये तथा उपस्थिति पंजिका में प्रशिक्षण अंकित है। विकास खण्ड कौशाम्बी में तैनात अन्य कार्मिकों की

उपस्थिति का लाइव लोकेशन कराने पर इन दोनों कार्मिकों को छोड़कर सभी कार्मिक क्षेत्र में ही पाये गये। मुख्य विकास अधिकारी को खण्ड विकास अधिकारी कौशाम्बी ने वरिष्ठ सहायक दीपक सिंह की कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में अवगत कराया कि कार्यालय में अनुपस्थित चल रहे हैं, जिससे विकास खण्ड में जनपद स्तर एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले डाक पत्रों का पृष्ठांकन समय से नहीं हो पाने के कारण सूचनाओं का संवरण समय से नहीं हो पा रहा हैं। इसके साथ ही प्रतिदिन आईजीआरएस एवं अन्य माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हो रही है, जिसका निस्तारण वरिष्ठ सहायक को करना है, परन्तु प्राप्त आईजीआरएस शिकायतों का निस्तारण समय पर न होने के कारण विकास खण्ड की प्रगति प्रभावित हो रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि वरिष्ठ सहायक दीपक सिंह द्वारा कार्यालय में लगातार अनुपस्थित रहने, कार्यो का समय से निस्तारण न करने एवं आईजीआरएस शिकायत का समय से निस्तारण न करने के कारण विकास खण्ड की छवि धूमिल करने तथा शासकीय दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता एवं लापरवाही बरतने के कारण वरिष्ठ सहायक को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर उन्हें अवगत करायें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड कार्यालय में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण व प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की पूर्ति तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में समूह गठन की प्रगति खराब पाये जाने पर सभी कर्मचारियों को चेतावनी जारी कर एक सप्ताह के अन्दर लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दियें गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कनैली के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत समस्त स्टाफ उपस्थित पाये गये तथा उन्होंने उपस्थित मरीजो एवं तीमारदारों से वार्ता कर आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई ठीक प्रकार से न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कनैली को बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने कार्यालय-पशुचिकित्साधिकारी व बाल विकास परियोजना अधिकारी कौशाम्बी का भी आकस्मिक निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।

सवालों के सलीब पर खड़ा बम विस्फोट में चार छात्रों की मौत का मामला

चित्रकूट। चार मासूम छात्रों की बम विस्फोट से मौत के बाद पूरा मामला सवालों के सलीब पर खडा हो गया है। आज छात्रों की मौत से गुस्साये जिला बार एसोसिएशन का आक्रोश डीएम अभिषेक आनन्द पर फूट पडा। सदर विधायक अनिल प्रधान, सपा नेता अनुज सिंह यादव, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती समेत तमाम लोगों ने सवाल खड़े किये।

गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार करवरिया व सचिव मनोज कुमार कंचनी की अगुवाई में वकील समुदाय ने बुन्देलखण्ड महोत्सव में चार लोगों की मौत मामले में घटना की जिम्मेदारी जिलाधिकारी पर थोपी है। वकीलों ने डीएम आवास गेट के बाहर जमकर नारेबाजी की। गेट के बाहर

वकीलो ने कहा कि डीएम अभिषेक आनन्द हत्यारा है- के नारे लगाये। डीएम की तानाशाही नहीं चलेगी-नहीं चलेगी। शहर के पटेल तिराहा में वकीलों ने राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर दिया। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय आदि के समझाने-बुझाने पर वकीलों ने जाम हटाया। उन्हें सौंपे ज्ञापन में वकीलों ने कहा कि चित्रकूट इंटर कालेज में हो रहे बुन्देलखण्ड महोत्सव में चार मासूमों की जांच को जुडीशियली कमेटी से कराई जाये। पीडित परिवार को पचास लाख मुआवजा दिया जाये। जिलाधिकारी को निलम्बित किया जाये। मांगें न मानने पर अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का ऐलान किया है।

पूर्व सांसद तीखे तेवरों में प्रशासन पर भड़के: भाजपा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने तीखे तेवरों में प्रशासन पर भडके। कहा कि जिम्मेदार अफसर के खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए। बुन्देलखण्ड महोत्सव में फिल्मी गानों का क्या औचित्य है। विस्फोटक पदार्थों के भी औचित्य पर सवाल उठाये। कहा कि बुन्देलखण्ड की विरासत व संस्कृति दिखानी चाहिए, न कि फिल्मी गानों का प्रदर्शन। महोत्सव के नाम पर शासकीय धन का दुरुपयोग हुआ है। पर्यटन के नाम पर भी करोडों रुपये का घोटाला हुआ है। जिम्मेदार के खिलाफ रिपोर्ट होनी चाहिए।

विधायक अनिल-सपा नेता अनुज ने भी घेरा: सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि जिला प्रशासन की घोर लापरवाही है। जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिला अस्पताल में मृतक के परिजनों से भेंटकर गहरी संवेदना जताई। कहा कि पोस्टमार्टम से पहले दोषी अधिकारियों पर कडी कार्यवाही हो और मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की मदद दी जाये। जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने भी महोत्सव में ब्लास्ट से चार मासूमों की जानें जाने पर सवाल उठाया कि कौन जिम्मेदार है? आरोपियों पर तत्काल कार्यवाही कर हत्यारों को गिरफ्तार किया जाये। पीडित परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया।

ये हैं मृतक छात्र: मृतकों में कर्वी के मिशन चौराहा के प्रभात (12) पुत्र धर्मेन्द्र सिंह कक्षा छह, कर्वीमाफी के विद्यानगर के यश (11) पुत्र विश्वप्रताप कक्षा छह, पारस (10) पुत्र कंशराज शर्मा व मोहित (14) पुत्र मुकेश कक्षा आठ शामिल हैं।

खतरनाक विस्फोटक कैसे पहुंचा सीआईसी?

चित्रकूट। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में विस्फोट से चार मासूमों की मौत मामले में घोर लापरवाही उजागर हुई है। आखिर आतिशबाजी सीआईसी परिसर में कैसे पहुंची? चारों मासूम खतरनाक स्थल तक कैसे गये। आतिशबाजी को लगाये विस्फोटक परिसर में थे तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं थे। चार मासूमों की जिंदगी के जिम्मेदार कौन? गुरुवार को तमाम सवाल खडे हुए। खतरनाक विस्फोटक पदार्थ बाबत प्रशासन क्यों ध्यान नहीं दिया। इतना खतरनाक विस्फोटक लगाने से पहले क्षमता क्यों नहीं जांची। स्कूल के अंदर खतरनाक विस्फोटक लगाने की अनुमति किसने दी। लापरवाह आयोजकों पर कब कार्यवाही होगी। प्रशासन व आयोजक की लापरवाही पर पीड़ित खड़े कर रहे सवाल।

जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरतः डीएम

उरई (जालौन)। आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर परमार्थ समाज सेवी संस्थान द्वारा डब्ल्यूएचएच के सहयोग से रामपुरा ब्लाक में संचालित महिलाओं के लिए पानी परियोजना के तहत ब्लाक सभागार रामपुरा में एक कार्यशाला का सुभारम्भ किया।कार्यशाल को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अब हमें घर के बजट के साथ-साथ पानी के बजट को बनाने की आवश्यकता है। जिस तरह से भूगर्भीय जल लगातार गिर रहा है वह हम सबके लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भूगर्भीय जल का सबसे अधिक दोहन खेती में होता है। इसे बचाने के लिए हम सबको जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा। जिसके लिए गाय का गोबर सबसे अधिक आवश्यक

है।जिलाधिकारी ने ब्लाक रामपुरा क्षेत्र के आए प्रधानों को संकल्प दिलाया कि मेरी गौशाला मेरी जिम्मेदारी को अपनाना होगा, गौशालाओं में संरक्षित गौवंशो को निस्वार्थ, दृढ़ संकल्प होकर सेवा करें, गाय को केन्द्र में रखकर ही ग्राम विकास की कल्पना को साकार किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि पचनद के विकास को लेकर परियोजना प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की इच्छा के अनुरूप पचनद में सर्किट हाउस, घाट आदि के विकास का इस्टीमेट तैयार किया जा रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए रूफवे के निर्माण को टेक्नीकल फिजिविलिटी कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी माधौगढ़ ने पोषण वाटिकाओं को बढ़ावा देने के लिए 21 पंचायतों में भूमि का चयन कर लिया गया है। जिन्हें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत चर्चा की।रामपुरा ब्लाक प्रमुख अजीत ने कहा कि संस्था द्वारा महिलाओं के लिए पानी परियोजना के तहत चयनित किया गया है जिसके तहत पंचायत प्रतिनिधियों और संस्था मिलकर एक माडल ब्लाक बनाने की कोशिश करेगी। जिसके तहत स्वच्छता, पेयजल को महिलाओं के सहयोग से प्राथमिकता दी जायेगी।

अनियंत्रित बस विद्युत लाइन से टकराकर खांई में गिरी, यात्री घायल

बांदा। बबेरू से सवारी भर बांदा जा रही प्राइवेट बस जाते समय जुगरेहली गांव के पास 11000 लाइन विद्युत पोल तोडकर बस खाई में पलट जाने से लगभग एक दर्जन यात्री को मामूली चोटे आई। कोतवाली पुलिस ने सभी घायलो को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे भर्ती कराया गया डाक्टरो द्वारा उपचार किया जा रहा है। यात्री ने सोने के गहने गायब होने का आरोप लगाया है।

आज दोपहर प्राइवेट बस बबेरू से बांदा सवारी भर कर जाते समय जुगरेहली के पास स्टेरिंग फेल हो जाने के कारण 11 हजार लाइन के विद्युत पोल तोडते हुये खाई मे पलट गया यात्रियों की चीज पुकार से हड़कंप मच गया राहगीरो व कोतवाली प्रभारी राजकुमार कस्बा इंचार्ज तुषार श्रीवास्तव द्वारा आनन फानन बस से यात्रियो को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द मे इलाज हेतु जिसमें विवेक पुत्र राम दयाल उम्र 13 वर्ष निवासी लामा कोतवाली देहात, राम दयाल पुत्र लोटन उम्र 39 वर्ष निवासी लामा, सुशीला पत्नी राम दयाल उम्र 33 वर्ष निवासी लामा देहात ,सरिका पत्नी बबलू 32 वर्ष लामा, पार्वती पत्नी रामबाबू निवासी मठा उम्र 28 वर्ष, त्यागी प्रसाद पुत्र चुन्ना उम 55 वर्ष निवासी बबेरू ,निर्मला पुत्री रमेश 18 वर्ष मबई बांदा। माता प्रसाद पुत्र गया प्रसाद 55 वर्ष निवासी अद्वाह, माधुरी देवी पत्नी गया प्रसाद 55 वर्ष निवासी अद्वाह ,मनमोहन सिह पुत्र राम सजीवन उम 73 वर्ष निवासी पारा विहारी सभी घायलो को इलाज हेतु सामु स्वा केन्द्र मे भर्ती कराया डाक्टरो द्वारा उपचार किया गया।

कॉलेज में छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित

कौशाम्बी। भीटी मंहगांव स्थित एक कालेज में गुरुवार को उत्साह से परिपूर्ण वातावरण में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सीनियर्स को जूनियर्स ने फेयरवेल दिया। 11वीं के छात्र एवं छात्राएं उत्साह और उम्मीद के साथ अपने सीनियर्स के लिए यह अवसर ख़ास बनाने के लिए प्रयत्नशील रहे। समारोह में स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड सुहानी गुप्ता को दिया गया। मिस्टर का अवार्ड सौरभ यादव ,मिस का अवार्ड हंसिका साहू को प्रदान किया गया। इसके अलावा, समारोह में मिस्टर साइंस का अवार्ड दीपांशु कुशवाहा को और मिस साइंस का अवार्ड दीपांजलि गुप्ता को दिया गया एवं मिस कॉमर्स रिजा खातून मिस्टर कॉमर्स मोहम्मद आसिफ को दिया गया। अन्य छात्र-छात्राओं को भी शील्ड दे करके सम्मानित किया गया। जिससे सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम मे संस्थान के अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी देश का भविष्य हैं भविष्य की डोर आपके हाथ में है कठिन परिश्रम और लगन से आप लोग अपने कार्य को करते जाइए आप सफलता की ऊंची चोटी पर पहुंच जाएंगे। सीमा पवार , प्रखर मिश्रा, डॉक्टर सचिन त्रिपाठी , रणजीत सिंह,अखिलेश सिंह ,नीलम खरवार,राहुल सिंह,सुदीप श्रीवास्तव ,आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

किशोरी को लेकर फरार हुए युवक

कौशाम्बी। मंझनपुर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की एक किशोरी को सोमवार को लगभग 5 बजे मोहल्ले के ही अजय कुमार पुत्र दूधनाथ व राजेंद्र का लड़का व साजन का लड़का एक किशोरी को साथ में लेकर गायब हो गए। किशोरी के परिजनों ने किशोरी की खोजबीन किया तो पता चला कि अजय कुमार अपने सहयोगियों के साथ किशोरी को लेकर गायब हो गया। किशोरी की मां ने अजय की मां से पूछा तो उसने मना कर दिया कि मुझे जानकारी नहीं है। किशोरी की मां अपने रिश्तेदारों के यहां ढूंढा ,लेकिन किशोरी का कहीं सुराग नहीं लग सका। किशोरी की मां ने घटना के दिन ही थाना मंझनपुर में लिखित शिकायती पत्र दिया, लेकिन मंझनपुर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बृहस्पतिवार के दिन किशोरी की मां ने पुलिस अधीक्षक को लिखित तहरीर दी है। और आईजीआरएस के माध्यम से समस्त अधिकारियों को सूचित किया है।

पश्चिम शरीरा में बेअसर रहा साप्ताहिक बंदी

कौशाम्बी । जिलाधिकारी द्वारा जिले के कस्बो में अलग-अलग दिन साप्ताहिक बंदी घोषित की गई है। श्रम विभाग व नगर पंचायत प्रशासन के खाउ कमाई नीति के अधिकारियों के लापरवाही के चलते साप्ताहिक बंदी बेअसर दिख रहा है। नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा मे साप्ताहिक बंदी के बाद भी गुरुवार को अधिकांश दुकानें खुली रही । नगर पंचायत में किसके सह पर साप्ताहिक बंदी बेअसर रही।जिसके कारण श्रमिकों का बेखौफ शोषण हो रहा है। क्योंकि उन्हें मिलने वाली सप्ताह में एक दिन की छुट्टी भी नसीब नहीं हो पा रही है। जिम्मेदार अधिकारी खबरे प्रकाशन होने के बाद कुछ दुकानदारों के चालान काटकर अपना कोरम फाईलो मे पूरा कर लेते हैं।

हर्ष फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार, मासूम की हुई थी मौत

बांदा। जिले के मटौंध कस्बे में शनिवार की रात एक तिलक समारोह के दौरान एक युवक ने तमंचे से फायरिंग की थी। जिसकी चपेट में आकर पांच वर्षीय बालक को गोली लग गई थी। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना के बाद फायरिंग करने वाला आरोपी मौके से फरार हो गया था। जिसे आज गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि 10 फरवरी 2024 की रात्रि को कस्बा मटौन्ध में तिलक समारोह के दौरान कस्बा मटौन्ध के ही रहने वाले प्रत्युष शुक्ला पुत्र मोती लाल शुक्ला द्वारा हर्ष फायर की गयी। जिससे एक पांच वर्षीय बच्चे के गले में गोली लगने से घायल हो गया था।

कांग्रेसियों ने न्याय यात्रा के लिए भरी हुंकार

महोबा (स्पष्ट आवाज)। जनपद मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष तुलसीदास लोधी, जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया, जिला अध्यक्ष निशक्तजन प्रकोष्ठ अरविंद चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस प्रियांशु गोरे आदि उपस्थित रहे द्य कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है जो कि पांच उद्देश्यों को लेकर चल रही है द्य प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी ने बताया कि पहला उद्देश्य युवा न्याय दूसरा नारी न्याय ,तीसरा किसान न्याय और स्वामीनाथन की रिपोर्ट को लागू करना चौथा है श्रमिक न्याय, और पांचवा है भागीदारी न्याय इस उद्देश्य को लेकर न्याय यात्रा की जा रही है और उत्तर प्रदेश के

सम्मानित सभी नागरिकों से यात्रा को सफल बनाने की अपील की गई द्य कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा 16 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने जा रही है। यात्रा को लेकर सभी जिला, शहर अध्यक्षों को संयुक्त रूप से अपने जनपदों में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उद्देश्य एवं महत्व को बताना है।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा 10 साल अन्याय काल 2014-2024÷ पत्रिका भेजी गयी है।

9 मार्च को आयोजित होने वाले लोक अदालत के संबंध में बैठक संपन्न

उरई (जालौन)। आज उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 9 मार्च को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज जिला जज लल्लू सिंह के कुशल-मार्गदर्शन में विकास विभाग, विधुत,नगर पालिका, श्रम रोजगार, डूडा, नेडा एवं आजीविका मिशन आदि विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में सचिव/अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार रावत द्वारा उपस्थित अधिकारियों से कहा कि उच्चतम न्यायालय, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 09 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय उरई न्यायालयों में किया जाना है।

संक्षिप्त आवाज

पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ बसंतोत्सव

महोबा (स्पष्ट आवाज)। सियाराम पब्लिक स्कूल महोबा में बसंतोत्सव पर्व मनाया गया। जिसमें स्कूल प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों के साथ बसंत पंचमी मनाई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के आरंभ में प्रबंधक प्रदीप मिश्रा ने दीप प्रज्वलित करते हुए मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत छोटे बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन के साथ प्रधानाचार्य, शिक्षक गण एवं सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक द्वारा सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक गणों को प्रसाद वितरण किया गया।

अज्ञात संदिग्ध लोगों ने गांव में डाला डेरा

महोबा (स्पष्ट आवाज)। कुलपहाड़ तहसील के बौरा गांव में कुछ अज्ञात संदिग्ध लोग ग्राम समाज व वन विभाग की जमीन पर डेरा डाल रहने लगे हैं। ग्रामीणों में संदिग्ध अज्ञात लोगों के इस तरह गांव में आकर रहने से भय ब्याप्त है। गांववासियों को डर है कि यह संदिग्ध व्यक्ति कभी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं द्य कुलपहाड तहसील के निकटवर्ती ग्राम बौरा के गांववासियों के अनुसार इन लोगों से पूछे जाने पर न तो वह अपनी पहचान बता पा रहे हैं और न ही अपना आधार कार्ड दिखा रहे हैं। लोगों को शक है कि यह किसी संदिग्ध गिरोह के लोग हैं जो गांव-गांव जाकर अप्रिय घटनाओं को अंजाम देते हैं ऐसे में पूरा गांव दहशत में है। गांव के दो दर्जन से अधिक लोगों ने इसकी लिखित शिकायत एसडीएम कुलपहाड़ के साथ कोतवाली में भी की गई है।

एसओजी पुलिस ने गांजे के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

बांदा। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर गवेन्द्र पाल गौतम के नेतृत्व में गुरूवार को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आर्य कन्या इण्टर कालेज ओवर ब्रिज के नीचे से एक अभियुक्त को लगभग 04 लाख रुपये कीमत के अवैध सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 20 किग्रा अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। जिसके सम्बन्ध में कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम हर्षित सिंह पुत्र मदन मोहन सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी पैलानी थाना पैलानी है।

दरोगा पर पिटाई व अभद्रता का आरोप

कौशाम्बी। जिले में योगी सरकार की महिला सुरक्षा कानून और महिला हेल्पलाइन शायद बेमानी साबित हो रहा है,जहा पुलिस चौकी में मदद की फरियाद लेकर गई महिलाओ के साथ चौकी पुलिस ने बर्बरता की है,महिलाओ का आरोप है कि चौकी के दरोगा ने उन्हें बुरी तरह से लाठियों से पीटा है,महिलाओ को पुलिस की बर्बरता में अंदरूनी चोट आई है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी की रहने वाली महिला समा परवीन की बेटी नारा चौकी क्षेत्र में ब्याही है, उन्होंने ने बताया कि उसकी बेटी को उसका दामाद मारता पीटता था,बेटी का फोन आने एक बाद वह लोग उसके गांव गई। जहां मारपीट देख वह लोग पुलिस चौकी नारा गई,आरोप है कि चौकी के दरोगा ने उनकी फरियाद नही सुनी बल्कि उनके साथ अभद्रता और लाठियो से पिटाई की है। पीड़िता महिलाओ ने पुलिस चौकी के दरोगा और सिपाहियो पर लाठियों से पीटने और अभद्रता करने और गाड़ी रखवा लेने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिलाओ ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: उपजिलाधिकारी

कौशाम्बी। मंझनपुर उपजिलाधिकारी अकाश सिंह ने अपने दफ्तर में लोगों की जन समस्याएं सुनी। साथ ही जन शिकायतो के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कानूगो व लेखपालों को कडी फटकार लगाई है। चेतावनी दी है कि जन समस्याओ को लेकर कई गई शिकायतो के निस्तारण में यदि किसी तरह की देरी व लापरवाही हुई तो सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी मंझनपुर अकाश सिंह ने बुधवार को जनता दर्शन में आ रही शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर सदर कानूनगो सहित कई लेखपालों को कड़ी फटकार लगाई है। साथ ही उन्होंने कानूनगो व लेखपाल को निर्देशित किया है कि जन शिकायतों में गरीब व कमजोर की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता में किया जाए। जिससे उन्हें बार बार ऑफिस का चक्कर न काटना पड़े। अगर जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही मिली तो सम्बंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

आरएम को ज्ञापन देकर रोडवेज बस संचालन की मांग

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे गुरुवार को पार्टी नेता अजय सोनी ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक आर. एम. मनोज कुमार त्रिवेदी से प्रयागराज मिलकर भेट किया और सिराथू ब्लॉक के ग्राम खुझा मजरा अफजलपुरवारी से उदहिन बुजुर्ग चौराहा, तुलसीपुर, मंझनपुर और धाता से जुवरा, नारा, दुवरा (हिसामपुर बहरेमऊ, मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू कराए जाने की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती गांवों से जिला मुख्यालय मंझनपुर और प्रयागराज तक लोगों के आवागमन हेतु रोडवेज बस चालू कराने की मांग की गई। ज्ञापन स्वीकार करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज प्रयागराज मनोज कुमार त्रिवेदी ने समुचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती गांवो से मुख्यालय मंझनपुर और प्रयागराज तक आवागमन हेतु कोई बस की सुविधा नहीं है। जिसके चलते लोगों को पैदल आवागमन करना पड़ता है। खुझा और धाता से मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चालू होने से सिराथू ब्लॉक के सीमावर्ती गांवों के यात्रियों को भारी सहूलियत होगी । लोगो को पैदल आवागमन करने से मुक्ति मिलेगी।

कार्यालय, आदर्श नगर पंचायत करारी-कौशाम्बी

पत्रांक : 734/न0पं0करारी/नि0सू0/2023-24 **दिनांक : 15.02.2024**

निविदा सूचना

नगर पंचायत करारी, कौशाम्बी के समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत करारी अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निम्नलिखित कराये जाने वाले कार्यों हेतु दिनांक 28.02.2024 तक अपराहन 12.30 बजे तक निविदायें प्राप्त की जायेंगी, जो उसी दिन समय 2.30 बजे कार्यालय नगर पंचायत कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खुलने के एक दिन पूर्व अपराह्न 3.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी **कार्यालय नगर पंचायत करारी** के कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	कराये जाने वाले कार्यों का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में) (जीएसटी रहित)	धरोहर धनराशि (10%)	निविदा मूल्य	अवधि
1	वार्ड अशोक नगर में नगर पंचायत आफिस के सामने शौचालय मरम्मत का कार्य।	2.84	28400.00	1000/-	1 माह
2	वार्ड नयागंज में सी.एच.सी. के पैथोलोजी के बगल में सी.सी. फर्श का निर्माण कार्य।	4.04	40400.00	1000/-	1 माह
3	वार्ड नेता नगर में डा0 अंसारी के बगल शौचालय मरम्मत का कार्य।	2.89	28900.00	1000/-	1 माह
4	नगर पंचायत करारी के विभिन्न स्थानों पर इंटरलाकिंग व आर.सी.सी. क्रासिंग निर्माण कार्य।	8.35	83500.00	2000/-	1 माह

नियम व शर्तेः- 1. निविदादाता/फर्म की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होनी चाहिये। **2.** निविदादाता को निविदा प्रपत्र के साथ आधारकार्ड, जी0एस0टी0 एन0 नम्बर व पैन नम्बर की छायाप्रति टेण्डर के साथ संलग्न करना होगा। **3.** हैसियत प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। **4.** समस्त निविदाताओं को श्रम विभाग में पंजीयन का प्रमाणपत्र संलग्न करना अनिवार्य है। **5.** किसी भी कार्य/आपूर्ति का भुगतान सक्षम स्तर से सत्यापन के पश्चात ही किया जायेगा। **6.** एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत करारी कौशाम्बी में निहित होगा। **7.** सभी निर्माण कार्यों का भुगतान तकनीकी जांच के अनुमोदन के पश्चात ही किया जायेगा। **8.** भुगतान बजट होने की दशा में किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत करारी
जनपद - कौशाम्बी

अध्यक्ष
नगर पंचायत करारी
जनपद - कौशाम्बी

रोहित और जडेजा का शतकीय सलाम

●भारत ने बनाये पहले दिन 326 रन

राजकोट। रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा की शतकीय तथा सरफराज खान की अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मुकाबले के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 326 रन स्कोर खड़ा कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है।
यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें मार्क वुड ने जो रूट के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये शुभमन गिल को भी वुड छठे ओवर में फोक्स के हाथों कैच कराकर भारत को दूसरा झटका दिया।
गिल अपना खाता भी नहीं खोल पाये। नौवें ओवर में रजत पटीदार भी पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गये। लंच के समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 93 रन था। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने भारतीय पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट लिए 204 रन जोड़े। रोहित शर्मा ने 196 गेंदों में 14 चौकें और तीन छक्कों की मदद से 131 बनाये। रोहित शर्मा को मार्क वुड ने रोहित ने स्टोक्स के हाथों कैच आउट कराया। रविंद्र जडेजा ने 199 गेंदों में सात चौके और दो छक्के की मदद से 100 रन बनाये। पर्दापण टेस्ट मैच में सरफराज खान ने रिकार्ड 48 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।
सरफराज 82वें ओवर में दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से 62 रन पर रन आउट हुये। भारत ने पांच विकेट पर 326 रन बना लिये है और खेल समाप्त होने के समय रवींद्र जडेजा नाबाद 110 रन और कुलदीप यादव एक रन पर क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज मार्क वुड ने तीन विकेट लिये और टॉम हार्टली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

जलवायु जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए 30 लाख करोड़ का चाहिए निवेश

नई दिल्ली। भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप कुमार दास ने विश्व बैंक द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार में कहा कि भारत को अपने सीओपी जलवायु जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए वर्ष 2024-2030 के दौरान 30 लाख करोड़ रुपये का निवेश चाहिए। कार्यक्रम में बुधवार (14 फरवरी) को नवीनतम दक्षिण एशिया विकास अपडेट टुवार्ड फास्टर, क्लीनर ग्रोथ जारी किए गए। इस दौरान इरेडा के सीएमडी ने भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्याप्त निवेश की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया भर में नवीकरणीय ऊर्जा विकास के लिए एक रोल मॉडल रहा है।

'विकसित भारत विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे पीएम

●प्रधानमंत्री राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 फरवरी, को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत विकसित राजस्थान कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। ये परियोजनाएं सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत ट्रांसमिशन, पेयजल तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री राजस्थान में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री 8-लेन दिल्ली-मुंबई ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट (एनई-4) के तीन पैकेजों अर्थात बौंली-झालाई रोड से मुई विलेज सेक्शनः हरदेवगंज गांव से मेज नदी सेक्शनः और तकली से राजस्थान/मध्य प्रदेश सीमा तक का सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। ये सेक्शन क्षेत्र में तेज और बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे। ये सेक्शन वन्यजीवों के निर्बाध आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए छलावरण के साथ पशु अंडरपास और पशु ओवरपास से लैस हैं। इसके अतिरिक्त, वन्यजीवों पर ध्वनि प्रभाव को कम से कम करने के लिए ध्वनि अवरोधकों का भी प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री कोटा गांव में एनएच-48 के दक्षिणपुर-शामलाजी सेक्शन के साथ टेबारी में एनएच-48 के चित्तौड़गढ़-उदयपुर राजमार्ग खंड को जोड़ने वाले 6-लेन ग्रीनफील्ड उदयपुर बाईपास का भी उद्घाटन करेंगे। यह बाईपास उदयपुर शहर की भीड़भाड़ कम करने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे जो राजस्थान के झुंझुनू, आबू रोड और टोंक जिलों में सड़क आधारभूत अवसंरचना में सुधार करेंगी। प्रधानमंत्री क्षेत्र में रेल अवसंरचना को मजबूत करते हुए लगभग 2300 करोड़ रुपये की राजस्थान की आठ महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं राष्ट्र को समर्पित करेंगे और उनकी आधारशिला रखेंगे।

संक्षिप्त आवाज़

आज विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार वितरण

गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे पर 68वें रेल सप्ताह समारोह के अवसर पर विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार वितरण का आयोजन 16 फरवरी को अपराह्न 3 बजे रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में किया जायेगा। महाप्रबन्धक सौम्या माथुर वर्ष-2022-23 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 57 रेलकर्मियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सम्मानित करेंगी। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अन्तर्मण्डलीय 30 शील्ड एवं 03 ट्रॉफी प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे के बदलाव पर आधारित पुस्तक 'छोटी लाइन' का विमोचन महाप्रबंधक, सुश्री सौम्या माथुर द्वारा किया जाएगा।

15073/15074 का ओबरा डैम पर दो का ठहराव

गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 15073/15074 सिंगरौली-टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस का पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल अन्तर्गत ओबरा डैम स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जायेगा। फलस्वरूप सिंगरौली से 17 फरवरी से चलने वाली 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस ओबरा डैम स्टेशन पर 17.30 बजे पहुंचकर 17.32 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार टनकपुर से 19 फरवरी से चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस ओबरा डैम स्टेशन पर 06.16 बजे पहुंचकर 06.18 बजे प्रस्थान करेगी।

स्टेशन पर मिले लावारिस बच्चों को बाल कल्याण समिति को सौंपा

गोरखपुर। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। 13 फरवरी को गाड़ी संख्या 15083 में टिकट निरीक्षक को 11 एवं 12 वर्ष के 02 बच्चे लावारिस हालत में मिले, जिसे रेलवे सुरक्षा बल, मऊ पोस्ट पर लाया गया। पूछताछ के उपरान्त दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति मऊ को सुपुर्द किया गया। 14 फरवरी को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, वाराणसी से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, बलिया द्वारा गाड़ी संख्या-15111 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उसे सुपुर्द किया गया। 14 फरवरी,2024 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, इज्जतनगर से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, लालकुआं द्वारा प्लेटफार्म संख्या-05 से यात्री का छूटा सामान बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर सामान को उसे सुपुर्द किया गया। 12 फरवरी को यात्री से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल लखनऊ सिटी द्वारा गाड़ी संख्या 12566 से यात्री का छूटा बैग बरामद किया गया। 14 फरवरी को यात्री के उपस्थित होने पर बैग से उसे सुपुर्द किया।

प्रधानमंत्री आज हरियाणा में 9750 करोड़ की विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 फरवरी को रेवाड़ी, हरियाणा का दौरा करेंगे। दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर, प्रधानमंत्री शहरी परिवहन, स्वास्थ्य, रेल और पर्यटन क्षेत्र से संबंधित 9750 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री करीब 5450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाली गुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना की आधारशिला रखेंगे। 28.5 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली इस परियोजना में मिलेनियम सिटी सेंटर को उद्योग विहार चरण-5 से जोड़ा जाएगा और साइबर सिटी के पास मौलसारी एवेन्यू स्टेशन पर रैपिड मेट्रो रेल गुरुग्राम के मौजूदा मेट्रो नेटवर्क में इसे मिला दिया जाएगा। द्वारका एक्सप्रेसवे पर भी इसका विस्तार होगा। यह परियोजना नागरिकों को विश्व स्तरीय पर्यावरण-अनुकूल व्यापक तीव्र शहरी परिवहन प्रणालियां प्रदान करने के प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। देशभर में सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रेवाड़ी, हरियाणा की आधारशिला रखी जा रही है। इस पर लगभग 1650 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसे रेवाड़ी के गांव माजरा मुस्तिल भालखी में 203 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। इसमें 720 बिस्तरों वाला अस्पताल परिसर, 100 सीटों वाला मेडिकल कॉलेज, 60 सीटों वाला नर्सिंग कॉलेज, 30 बिस्तरों वाला आयुष ब्लॉक, संकाय तथा कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा, यूजी तथा पीजी छात्रों के लिए छात्रावास, रैन बसेरा, गेस्ट हाउस, सभागार आदि सहित कई सुविधाएं होंगी। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत स्थापित किया जा रहा है। एम्स रेवाड़ी हरियाणा के लोगों को व्यापक और गुणवत्तापूर्ण तथा समग्र तृतीयक देखभाल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। वहां बनने वाली सुविधाओं में कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रो-एंटरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी सहित 18 स्पेशलिटी और 17 सुपर स्पेशलिटी में रोगी देखभाल सेवाएं शामिल हैं। इस संस्थान में गहन देखभाल इकाई, आपातकालीन और ट्रॉमा इकाई, सोलह मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, नैदानिक प्रयोगशालाएं, ब्लड बैंक, फार्मेसी आदि की सुविधाएं भी होंगी। हरियाणा में एम्स की स्थापना हरियाणा के लोगों के लिए व्यापक, गुणवत्तापूर्ण और समग्र तृतीयक देखभाल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में एक बड़ी उपलब्धि है।

मोदी के बढ़े ग्राफ को नीचे लाना है मकसद...

●भाकियू प्रधान डल्लेवाल का वीडियो आया सामने

चंडीगढ़। तीन दिन से पंजाब-हरियाणा की सीमा पर बैठे भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर और पंजाब किसान मजदूर संघर्ष कमेटी का मकसद किसानी मुद्दों की तरफ केंद्र सरकार का ध्यान खींचना था या राजनीति करना। यह सवाल खड़े होने लगे हैं। भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि राम मंदिर बनाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ग्राफ बहुत बढ़ गया था। उसे नीचे लाना है। वीडियो में डल्लेवाल कहते सुनाई पड़ रहे हैं, 'मैं गांव में बात करता था, मौका बहुत थोड़ा है और मोदी का ग्राफ बहुत ऊंचा, क्या थोड़े दिनों में हम ग्राफ नीचे ला सकते हैं।' जब इस संबंध में डल्लेवाल से बात की गई तो उन्होंने न तो इस वीडियो को गलत बताया और न ही सही। उनका कहना था, यह मेरा अधिकारिक बयान नहीं है। डल्लेवाल कहते हैं, सरकार अहंकारी है। किसानों के प्रति सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाया हुआ है। किसानों पर मोर्टार से हमले किए गए। प्रदर्शन होने पर आंसू गैस के गोले तो चलाए जाते थे, लेकिन मोर्टार से हमला नहीं किया जाता था। वहीं, डल्लेवाल के वीडियो से पूरे किसान आंदोलन पर सवाल खड़े होने शुरू हो गए है। लोगों में चर्चा इस बात को लेकर थी ही कि आखिर अचानक ही इतना बड़ा आंदोलन कैसे खड़ा हो गया।
2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर पंजाब के 34 किसान संगठन विरोध कर रहे थे,जबकि यह आंदोलन मात्र 2 किसान संगठनों द्वारा किया जा रहा है। डल्लेवाल के वीडियो सामने आने से संकेत मिल रहे है कि राम मंदिर बनने के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जो छवि बनी थी, उसे गिराने के लिए राजनीतिक मंशा के तहत किसान आंदोलन को खड़ा कर लाखों लोगों को परेशानी में डाल दिया गया। डल्लेवाल ने जिस तहत से वीडियो में कहा, मौका बहुत थोड़ा है और मोदी का ग्राफ बहुत ऊंचा। जिससे साफ संकेत मिलते हैं कि उद्देश्य लोक सभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगने से पहले मोदी के खिलाफ माहौल बनाने की थी। आचार संहिता लागू होने के बाद चुनावी गतिविधियों में आंदोलन को खड़ा नहीं किया जा सकता। हालांकि, डल्लेवाल का कहना है कि हमारा उद्देश्य किसी को नीचे लेकर आने की नहीं है। बता दें कि 2019 में 10 मार्च को आचार संहिता लगी थी। इस बार भी माना जा रहा है अप्रैल माह में कभी भी आचार संहिता लागू हो सकती है। गौरतलब है कि पांच दिन पहले तक पंजाब का राजनीतिक माहौल काफी बदला हुआ था। शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत चल रही थी। जिसके कारण बहुजन समाज पार्टी ने शिअद के साथ अपना गठबंधन तोड़ लिया। जबकि आईएनडीआईए के घटक दल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की संभावनाएं खत्म हो गई और दोनों ही पार्टियां आमने-सामने आ गई।

सुप्रीम कोर्ट ने यूएपीए के खिलाफ 8 याचिकाएं वापस लेने की दी इजाजत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भारत के आतंकवाद विरोधी कानून, गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के विभिन्न पहलुओं को चुनौती देने वाली आठ याचिकाओं को वापस लेने की अनुमति दे दी, ताकि याचिकाकर्ता संबंधित उच्च न्यायालयों का दरवाजा खटखटा सकें। न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी और पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के वकील ने याचिकाएं वापस लेने और दो सप्ताह के भीतर संबंधित उच्च न्यायालयों से संपर्क करने की अनुमति मांगी। वापस लेने की अनुमति दी गई है। याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय के समक्ष कानून के तहत स्वीकार्य कार्यवाही दायर करने के लिए स्वतंत्र होगा। छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद, जो 13 सितंबर, 2020 को दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद से जेल में हैं, ने जमानत की मांग वाली अपनी याचिका और साथ ही धारा 43 डी सहित यूएपीए के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली रिट याचिका वापस ले ली।

अजित पवार गुट ही असली एनसीपी : विधानसभा अध्यक्ष

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा दायर अयोग्यता याचिकाओं पर अपना फैसला सनाया। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि वर्तमान मामले में प्रासंगिक एनसीपी संविधान के संबंध में कोई विवाद नहीं है। दोनों पक्षों ने संविधान द्वारा दायर जवाब में अनुबंध आर-1 और आर-2 के रूप में संलग्न संविधान और नियमों पर भरोसा जताया है। एनसीपी के नेतृत्व ढांचे की पहचान के लिए उक्त एनसीपी संविधान को ध्यान में रखा जाता है।
30 जून तक, शरद पवार और अजीत पवार द्वारा दो समानांतर दावे किए गए हैं। वर्तमान स्थिति में विधायी बहुमत निर्विवाद है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है। बता दें कि अपनी स्थापित पार्टी पर नियंत्रण खोने के बाद, अनुभवी राजनेता शरद पवार ने चुनाव आयोग के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है, जिसमें उनके भतीजे अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के रूप में मान्यता दी गई है। कांग्रेस से निष्कासन के बाद 1999 में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष पूर्णो संगमा और तारिक अनवर के साथ राकांपा की स्थापना करने वाले पवार ने वकील अभिषेक जेबराज के माध्यम से सोमवार शाम को याचिका दायर की। मराठा दिग्गज के शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने से पहले, अजीत पवार गुट ने वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के माध्यम से एक कैविएट दायर की थी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शरद पवार समूह के पक्ष में कोई एकतरफा आदेश पारित नहीं किया जाए। शरद पवार को करारा झटका देते हुए चुनाव आयोग ने 6 फरवरी को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है।

तृणमूल कांग्रेस पूर्वोत्तर को दे रही प्राथमिकता : सुष्मिता देव

गुवाहाटी। राज्यसभा चुनाव के लिए दूसरी बार नामांकित हुईं तृणमूल कांग्रेस नेता सुष्मिता देव ने कहा है कि उनकी पार्टी पूर्वोत्तर क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है। देव ने कहा, ऐसे बहुत कम उदाहरण हैं जब पूर्वोत्तर के किसी नेता को किसी राष्ट्रीय या क्षेत्रीय राजनीतिक दल ने दूसरे राज्यों से दो बार संसद के ऊपरी सदन में भेजा हो। मुझे ममता बनर्जी ने दो बार यह मौका दिया है। इससे पता चलता है कि उनका ध्यान और प्राथमिकता असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों पर है। उन्होंने यह भी कहा कि अब राज्यसभा में 13 में से तृणमूल कांग्रेस की पांच महिला सांसद होंगी, जो 40 फीसदी के करीब है।देव 2021 में कांग्रेस से तृणमूल में शामिल हो गईं, जब वह अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष थीं।मानस रंजन भुइयां द्वारा पश्चिम बंगाल में मंत्री बनने के बाद अपनी सीट खाली करने के बाद उसी वर्ष देव को भी राज्यसभा भेजा गया था। उच्च सदन में देव का कार्यकाल पिछले साल अगस्त में समाप्त हो गया और पार्टी ने रविवार को उन्हें राज्यसभा का टिकट देने की घोषणा की।

हथूरी पीड़ितों का दर्द बताने कलेक्ट्रेट पहुँची भीम आर्मी

●छह सूत्रीय माँग पत्र सौंप कर पीड़ितों को राहत व दबंग पर कार्रवाई की माँग

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ऐलिया ब्लॉक के हथूरी गांव में तालाब व खलिहान की जमीन पर बने पीएम आवास को ध्वस्त किये जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। गुरूवार को हथूरी पीड़ितों का दर्द बताने के लिए भीम आर्मी कलेक्ट्रेट पहुंची और छह सूत्रीय मांग पत्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। सपा के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता हथूरी गांव पहुंचे और पीड़ितों का दर्द साक्षा किया। पूर्व विधायक ने प्रशासन की इस कार्रवाई को मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना बताया। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष राकेश राजवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते हुए भीम आर्मी ने हथूरी पीड़ितों को न्याय और दोषियों पर कार्रवाई

की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। भीम आर्मी का कहना था कि हथूरी में दलित बस्ती के लोग 100 वर्षो से उसी जमीन पर रह रहे हैं। पीएम आवास और शौचालय की सुविधा मिलने के बाद सरकारी पैसों से उनके आवास और शौचालय बने। प्रशासन ने उस भूमि पर तालाब व खलिहान की होना बता कर बुलडोजर से मकान गिरा दिये। प्रेम शंकर पुत्र कल्लूराम, सत्यवान पुत्र दिनेश ग्राम बेहड़ा की निजी जमीन पर सरकारी आवास को बनाने से रोका गया। जांच कर आवास बनाने की अनुमति दी जाये। भीम आर्मी ने मांग की है कि जिले में यदि कही संरक्षित जमीन पर दलित बस्तियां है तो उन्हें उजाड़ने से पहले सुरक्षित स्थान पर जमीन देकर दलितों को बसाया जाये। भीम आर्मी ने हथूरी में सरकारी जमीन व तालाब पर कब्जा करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर विनोद कुमार, राजेश राज, विवेक बाल्मीकि, लेखराज लोधी, कुलदीप कुमार, इंद्रपाल, प्रदीप कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दलित, पिछड़ों को निशाना बना रही अफसरशाही

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। हथूरी पीड़ितों का दर्द बांटने पहुंचे सपा के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कहा कि अफसरशाही दलित और पिछड़ों को निशाना बना कर बेवजह की कार्रवाई कर रही है। हथूरी प्रकरण में महोली तहसील प्रशासन ने मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना करते हुए तानाशाही कार्रवाई की है। सीएम के स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी गरीब, दलित और पिछड़े को जबरन उजाड़ा न जाये। यदि वह पिछले कई वर्षो से संरक्षित भूमि पर निवासित है तो उसे बेघर न किया जाये। फिर भी महोली तहसील प्रशासन ने हथूरी गांव में सरकारी पैसों से बने आवास व शौचालयों को जमीदोज कर दिया। अनुप गुप्ता ने यह भी कहा कि हथूरी गांव के नक्शे में घालमेल हुआ है। जहां तालाब की जमीन बताई जा रही है दरअसल वहां कभी तालाब रहा ही नही। जहां तालाब था वहां गांव के दबंग खेतीबाड़ी कर रहे हैं। जिन लोगों के घर गिराये गये उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय है। पॉलीथिन के नीचे किसी तरह बीमार, बुजुर्ग और छोटे बच्चे निवास कर रहे है। यह सभी पीड़ित खुले में शौच जाने के लिए भी मजबूर है।

सिधौली में सरकारी जमीन को अपना बताकर किया जा रहा सौदा

●ग्राम समाज की भूमि पर लगे पेड़ बेचकर रुपया हथियाने की कोशिश
●प्रधान व स्थानीय युवक की एसडीएम से गुहार, मामले में हो कठोर कार्रवाई
●कसमंडा इलाके की ग्राम पंचायत ऊंचाखेरा कलां का मामला

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सिधौली इलाके में सरकारी जमीन को अपना बताकर सौदा किया जा रहा है। आरोप है कि ग्राम समाज की भूमि पर लाखों रुपए की कीमत के लगे पेड़ बेचकर गांव के लोग मोटी रकम हथियाने की कोशिश में है।
इस बाबत ग्राम प्रधान व स्थानीय युवक ने एसडीएम से शिकायत कर विपक्षियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मामला कसमंडा की ग्राम पंचायत ऊंचा खेराकलां का है। ग्राम प्रधान शिवप्रसाद व ऊंचा खेराकलां निवासी विष्णु कुमार शर्मा पुत्र संतलाल का कहना है उनकी ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की जमीन पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ दबंगई के बलबूते यहीं निवासी ललई सिंह, धीरू सिंह, कल्लू सिंह, छोटकन्ने सिंह, बऊआ सिंह पुत्र रमेश सिंह काट कर बेच लेना चाहते है। जिनकी कीमत करीब पांच लाख रुपए के आस पास है। आरोप है कि विपक्षियों ने बुधवार को पेड़ कटवाना शुरू किया था। जिसकी सूचना फोन से उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को दी थी। बावजूद बृहस्पतिवार को पुनः लकड़ी धराशाई करने का काम शुरू किया गया। चोरी से प्लान के तहत विपक्षी ग्राम समाज की लकड़ी काट कर बेच लेना चाहते है। जबकि विष्णु कुमार शर्मा ने एसडीएम को दी हुई शिकायत में बताया कि उक्त विपक्षियों के सगे बाबा ने यहीं पर दान में उसे तीन विस्वा जमीन दी थी। जिस पर उसने यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए थे। उसका कहना है दान दी गई इसी जमीन के बगल में ग्राम समाज की भूमि है। यहां भी उसने पेड़ लगाने का कार्य किया। विष्णु कुमार शर्मा का आरोप है कि जब तक विपक्षीगणों के बाबा जीवित रहे तब तक इन्होंने पेड़ों को लेकर कोई हस्तक्षेप नहीं किया। अब चोरी से पेड़ों को बेचकर लकड़ी उठाने का प्रयास कर रहे है। विरोध करते ही फौजदारी करने पर आमादा हो जाते है।
एसडीएम को दी हुई शिकायत में उसने कहा पेड़ों पर अधिकार उसी का है। लेकिन स्थानीय प्रशासन चाहे तो वह अपनी शुपुर्दगी में ले ले।

तिलमिलाए एसडीएम साहब का बेतुका बयान

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। ग्राम पंचायतों में विभिन्न प्रकार की सरकारी जमीने व उन पर लगे वृक्ष आदि सुरक्षित रहे। जिससे राजस्व को हानि न पहुंचे। कहीं न कहीं स्थानीय प्रशासन के अलावा कुछ हद तक यह जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की भी बनती है। शायद यही ग्राम पंचायत ऊंचाखेरा कलां में भी हुआ होगा। प्रधान को भनक लगी कि ग्राम समाज की जमीन पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ उक्त लोग काटकर बेच लेना चाहते है। तो उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फोन से अवगत कराया। दूसरी तरफ ऊंचाखेरा कलां निवासी शिकायतकर्ता विष्णु कुमार शर्मा का भी कुछ यही दावा है। इस बाबत सिधौली एसडीम अनिल रस्तोगी का बयान जानने के लिए उनको फोन किया गया। तो तिलमिलाए एसडीएम साहब का बेतुका बयान रहा। उन्होंने कहा प्रधान ज्यादा नेतागिरी कर रहे है। दो-चार मामलों की जांच कर एफआईआर करवा दूंगा तो वह भी निपट जायेगे। साहब ने यह भी कहा कि प्रधान के खिलाफ एक मामले की जांच वह खुद ही कर रहे है। हलांकि एसडीएम ने काटे जा रहे पेड़ों को पुलिस तथा वन विभाग व अन्य अधिकारियों को मौके पर भेज कर रुकवाने की बात भी कहीं है।

संदेशखाली में महिलाओं की दयनीय स्थिति की राष्ट्रीय महिला आयोग ने की निंदा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हो रही हिंसा पर चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में आयोग की तरफ से तथ्यान्वेषण कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में संदेशखाली में महिलाओं की दयनीय स्थिति की तीखी निंदा की है। 12 फरवरी को एनसीडब्ल्यू की एक टीम ने क्षेत्र में महिलाओं के खिलाफ गंभीर हिंसा और धमकी की खबरों को देखते हुए स्थिति का आकलन करने के लिए संदेशखाली का दौरा किया। टीम के निष्कर्षों में पाया गया कि पश्चिम बंगाल सरकार और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की ओर से लापरवाही और मिलीभगत के कारण वहां हिंसा हो रही है और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एनसीडब्ल्यू की सदस्य डेलिना खोंगडुप ने संदेशखाली की यात्रा के दौरान स्थानीय पुलिस अधिकारियों के रवैये पर गहरी निराशा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने कथित तौर पर एनसीडब्ल्यू के साथ सहयोग करने से इनकार कर दिया और टीम को किसी भी प्रकार की सहायता नहीं दी। आयोग की सदस्य ने बताया कि संदेशखाली में महिलाओं से बातचीत के आधार पर पता चला कि वहां महिलाएं न केवल प्रताड़ित की जा रही हैं बल्कि सुरक्षित भी नहीं है। पीड़ितों ने आयोग को बताया कि पुलिस अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सदस्यों ने उनके साथ शारीरिक और यौन हिंसा की। जिन महिलाओं ने इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ बोलने की हिम्मत की, उन्हें तत्काल प्रतिशोध का सामना करना पड़ा। इसमें उनकी संपत्ति की जब्ती, परिवार के पुरुष सदस्यों की मनमानी गिरफ्तारी शामिल थी।

सपा शासनकाल की गुंडई पूरी तरह से समाप्त प्रदेश में है कानून का राज : जयवीर सिंह

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) का गढ माने जाने वाले मैनपुरी जिले में प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज कहा कि सपा के शासनकाल में यहां के लोगों ने जो अन्याय झेला है भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने उसे पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। आज प्रदेशभर में कानून का शासन है।पर्यटन मंत्री ने कहा कि वर्ष 2012 से लेकर 2017 के मध्य जो व्यक्ति पिटा, वही जेल गया, जिस व्यक्ति ने मारपीट की, वह थानेदार के बराबर कुर्सी पर बैठा, पीड़ित की कहीं भी सुनवाई नहीं थी। पीडित को ही 151 में पाबंद कर जेल भेजने का कार्य हुआ। जाति, धर्म के आधार पर लोगों का शोषण हुआ। उस अवधि में बालिकाएं, महिलाएं शाम को घर से बाहर नहीं निकलती थीं। बच्चों को स्कूल भेजने में डर लगता था, बच्चा सुरक्षित घर लौटेगा या फिर फिरौती देकर आएगा लेकिन आज प्रदेश में कानून का राज है, आज महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित है। रात्रि में भी पूरा जेवर पहनकर अकेली सड़कों पर निकल सकती हैं, किसी की हैसियत नहीं की किसी की लूटपाट कर सके। आज प्रदेश में सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के तहत बिना किसी भेद-भाव के योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि एक आम सनातनी के जन्म से मरण तक प्रभु श्रीराम का साथ रहता है।

राम के दरबार में गोवा सरकार

अयोध्या। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के नेतृत्व में गोवा मंत्रिमंडल ने गुरुवार को अयोध्या धाम में भव्य मंदिर में श्रीरामलला का दर्शन पूजन किया। श्री सावंत के नेतृत्व में 51 सदस्यीय मंत्री और विधायकों के दल ने भगवान श्रीराम की जन्मस्थली पर बन रहे भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के बाद श्री सावंत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मेरे साथ आये केन्द्रीय मंत्री पज्जे नायक कारसेवक रह चुके हैं। अयोध्या में दो बार कारसेवा किया है। आज हम लोग भगवान श्रीराम का दर्शन-पूजन किये हैं। केन्द्रीय मंत्री और स्पीकर भी मेरे साथ हैं। आज रामलला का दर्शन करने के बाद मन बहुत प्रसन्न है। मैं अपने आपको बहुत खुशनसीब समझता हूं कि रामलला का दर्शन करने के लिये अयोध्या में हूं। गोवा की तरफ से मैं आज रामलला का दर्शन कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करता हूं जिनके नेतृत्व में अयोध्या में प्रभु श्रीराम का मंदिर दिव्य और भव्य बन रहा है और उसमें रामलला विराजमान हो गये हैं।

पुलिस मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार, एक दर्जन से ज्यादा मामले हैं दर्ज

नोएडा। नोएडा के थाना फेस-3 पुलिस व हिस्ट्रीशीटर बीच बीती देर रात मुठभेड़ हुई। इसमें बदमाश गोली लगने के बाद घायल हुआ और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए बदमाश पर एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 11 फरवरी की रात थाना फेस-3 पुलिस, ममूरा चौक पर चेकिंग कर रही थी, तभी मामूरा की तरफ से आ रही संदिग्ध बाइक को रोकने का प्रयास किया गया। बाइक सवार, पुलिस टीम को देखकर मेट्रो सेक्टर 59 की ओर भागने लगा। पुलिस ने बाइक सवार का पीछा शुरू किया, तो बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इसमें बदमाश विदेशपाल उर्फ चेंटा गोली लगने से घायल हो गया, बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बदमाश के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल तथा एक 315 बोर का तमंचा, 1 जिंदा व 01 खोखा कारतूस बरामद हुआ है।

आय के स्त्रोत बढ़ा कर पंचायतों को बनाया जाये आत्म निर्भर

●सचिव पंचायती राज विवेक भारद्वाज ने उरदौली सचिवालय का लिया जायजा

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सचिव, पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार विवेक भारद्वाज ने गुरूवार को पंचायत सचिवालय उरदौली का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधान कक्ष, पुस्तकालय कक्ष, पंचायत सहायक कक्ष आदि कक्षों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। पंचायत सहायक के माध्यम आम जन मानस को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी भी प्राप्त की। इसके उपरांत सचिव ने ग्राम पंचायत उरदौली में आयोजित ग्राम पंचायत की विशेष बैठक में विशेष अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। ग्राम पंचायत सचिव विपिन वर्मा ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। सचिव ने कहा कि ग्राम पंचायत हेतु लिए जाने वाले निर्णयों में सभी सदस्यों की समुचित भागीदारी सुनिश्चित की जाय एवं समस्त प्रक्रियाओं एवं निर्णयों को सभी सदस्यों को नियमानुसार अवगत भी कराया जाये। सदस्यों से प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए जाये एवं योजनाएं बनाई जाये, जिससे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने पंचायतों की आय के स्रोत बढ़ाते हुए आत्म निर्भर बनाए जाने हेतु प्रयास किए जाने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत की समितियों की सभी बैठके समय से कराई जाये एवं सभी सदस्यों का प्रतिभाग भी सुनिश्चित किया जाये।
इस दौरान डीएम अनुज सिंह ने सचिव को ग्राम पंचायत उरदौली द्वारा कराए गए प्रमुख कार्यों से अवगत कराया। बैठक के दौरान निदेशक पंचायती राज राजकुमार, संयुक्त निदेशक प्रवीणा, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी, ग्राम प्रधान गीता देवी तथा ग्राम पंचायत के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

अधिकारों के प्रति जागरूक रहे पंचायत सदस्य

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज व संयुक्त सचिव एपी नागर के आगमन पर गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत की सामान्य बैठक हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर गुप्ता व डीएम अनुज सिंह ने सचिवों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की अपर मुख्य अधिकारी वर्तिका ने जिला पंचायत की आय-व्यय, निर्माण कार्यो संबंधी उपलब्धियों व उपविधियों के बारे में जानकारी दी। सचिव पंचायती राज ने पंचायत को आय के निजी स्रोत बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समस्त जिला पंचायत सदस्य अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे और जिला पंचायत को स्वावलंबी बनाये। इस दौरान सदन ने निर्धारित एजेंडा बिंदु, गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की। भगवान श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पीएम को धन्यवाद ज्ञापित करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। बैठक के समापन पर जिपं अध्यक्ष श्रद्धा सागर व डीएम अनुज सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं प्रदेश के 79 जिलों में से सीतापुर को चुने जाने पर आभार जताया। इस दौरान निदेशक पंचायती राज विभाग, सीडीओ निधि बंसल, सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, मुख्य अभियन्ता पंचायती राज विभाग, संयुक्त निदेशक एवं उपनिदेशक, पंचायती राज विभाग तथा अधिशाषी अभियन्ता, अभियन्ता, कार्य अधिकारी जिला पंचायत सीतापुर समेत जनपद के विभिन्न विभागों से अधिकारी उपस्थित रहे।